आज का
तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 27°C |

**इनसाइड न्यूज**

किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करती बीजेपी : बेबी रानी मौर्य

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 29 जुलाई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 284 | www.janexpresslive.com/epaper




बंगाली प्रवासियों पर हमलों के खिलाफ... 12

# बूट्स बनाएगी बनारस को 'ग्रीन सिटी'

## स्मार्ट लाइब्रेरी और कम्युनिटी सेंटर से दिखेगा भारत का भविष्य

**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अब स्मार्ट विकास और पर्यावरणीय संतुलन की नई इबारत लिखी जा रही है। बनारस को भविष्य का शहर बनाने की इस मुहिम में अहम भूमिका निभा रही है गुरुग्राम की इंजीनियरिंग कम्पनी बूट्स-भारत की पहली नेट-ज़ीरो इंजीनियरिंग कम्पनी, जिसने सतत विकास का नया मानक स्थापित किया है।

### बूट्स: क्यों है यह कम्पनी खास?

- भारत की पहली नेट-ज़ीरो इंजीनियरिंग कम्पनी
- ग्रीन बिल्डिंग और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में विशेषज्ञता
- देश-विदेश में दर्जनों सफल प्रोजेक्ट्स
- इंजीनियरिंग और पर्यावरण के बीच संतुलन की मिसाल



हम वाराणसी को सिर्फ परंपराओं का प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय नेतृत्व की मिसाल बनाना चाहते हैं। बूट्स जैसी कम्पनी के साथ मिलकर हम एक ऐसा मॉडल खड़ा कर रहे हैं जो पूरे भारत में अपनाया जा सके।
–पुलकित गर्ग (आईएएस), उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण

### वाराणसी विकास प्राधिकरण और पुलकित गर्ग की दूरदृष्टि

वाराणसी में इन प्रोजेक्ट्स को लेकर एक बड़ी पहल ङ्कष्ठ के उपाध्यक्ष और आईएएस अधिकारी पुलकित गर्ग के नेतृत्व में की गई है। उन्होंने शहर को पर्यावरणीय दृष्टि से स्मार्ट और भविष्योन्मुखी बनाने की दिशा में ठोस निर्णय लिए हैं। बूट्स को मिले इन कार्यों के पीछे पुलकित गर्ग की दृष्टि साफ है – वाराणसी को सिर्फ सांस्कृतिक राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास मॉडल के रूप में भी स्थापित करना।



ये इमारतें नहीं, आने वाली पीढ़ियों की नींव हैं। हमारा मक़सद सिर्फ़ निर्माण करना नहीं, बल्कि भारत को एक बेहतर और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाना है। वाराणसी का ये प्रोजेक्ट पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। हम चाहते हैं कि हर शहर बनारस से सीखकर पर्यावरण के साथ तालमेल बिठाए।
–दीपक राय, बूट्स के फाउंडर

### बनारस की धरती पर उगेंगे भविष्य के सपने

जल्द ही वाराणसी में एक ऐसी लाइब्रेरी और कम्युनिटी सेंटर आकार लेंगे, जो न सिर्फ किताबों की रोशनी देंगे, बल्कि ग्रीन थिंकिंग और सस्टेनेबल फ्यूचर की मिसाल भी बनेंगे। ये इमारतें बनारस की आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु बनेंगी। जब दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है, तब बूट्स जैसी कम्पनियाँ और पुलकित गर्ग जैसे अधिकारी भारत के विकास को नई दिशा दे रहे हैं – हरित सोच, तकनीकी नवाचार और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के साथ।

### बूट्स का हर कदम पर्यावरण के साथ

इन प्रोजेक्ट्स में देश की सबसे उन्नत ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा

- सोलर एनर्जी से संचालित संपूर्ण सिस्टम
- स्मार्ट बिल्डिंग तकनीक से ऊर्जा की बचत
- वर्षा जल संचयन और न्यूनतम जल उपयोग
- ग्रीन बिल्डिंग मैटेरियल और प्राकृतिक वेंटिलेशन

### बूट्स के पिछले रिकॉर्ड: मिसाल और प्रेरणा

बूट्स का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि यह कम्पनी सिर्फ निर्माण नहीं करती, बल्कि आधुनिक भारत के विज़न को नया रूप प्रदान करती है।

#### दिल्ली का प्रधानमंत्री संग्रहालय

आधुनिक तकनीक और डिज़ाइन का बेजोड़ संगम, जिसे अब राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा प्राप्त है।

#### प्रयागराज: लेटे हनुमान जी परियोजना

धार्मिक स्थल को रिकॉर्ड समय में पुन: विकसित कर नई पहचान दिलाई।

#### झाँसी की पब्लिक लाइब्रेरी

महज़ 90 दिनों में बनाकर इंजीनियरिंग की गति और गुणवत्ता दोनों का नया मापदंड रचा।

#### देश का पहला नेट-ज़ीरो म्यूज़ियम

बूट्स द्वारा विकसित यह म्यूज़ियम न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से बेमिसाल है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी है।

### बनारस में बूट्स को मिला बड़ा दायित्व

वाराणसी विकास प्राधिकरण ने बूट्स की सहायक कम्पनी University Voots Boot Infra LLP को दो अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी सौंपी है
वाराणसी पब्लिक लाइब्रेरी
वाराणसी कम्युनिटी सेंटर
ये सिर्फ इमारतें नहीं, बल्कि पर्यावरणीय प्रतिबद्धता की जीवंत मिसाल होंगी। दोनों प्रोजेक्ट्स 100त्न नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ बनेंगे, जो भारत को नेट-ज़ीरो इंडिया बनाने के सपने को गति देंगे।

### क्या होती है नेट-ज़ीरो बिल्डिंग?


नेट-ज़ीरो इमारतें उन्नत निर्माण तकनीकों और स्मार्ट डिज़ाइन से तैयार की जाती हैं, जिससे इनका कार्बन उत्सर्जन निर्माण और संचालन दोनों चरणों में शून्य होता है। इसका अर्थ है – विकास भी होगा और पर्यावरण को कोई क्षति नहीं पहुँचेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर गरमाया संसद

## भारतीय जेट तबाह होने पर राजनाथ बोले, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत, कितनी पेंसिल टूटीं या पेन गुमे, यह बेमानी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री राजनाथ ने बताया, हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया। उन्होंने 55 मिनट के भाषण में कहा कि हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने पाकिस्तान से सीजफायर दबाव में नहीं किया। भारतीय जेट तबाह होने पर राजनाथ ने कहा, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटीं या पेन गुमे, यह बेमानी है। इसके बाद कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा, हम सवाल पूछेंगे, देशहित में देश जानना चाहता है कि पांच दहशतगर्द कैसे घुसे। उनका क्या मकसद था। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा मकसद युद्ध नहीं था। पूछना चाहता हूं, क्यों नहीं था। होना चाहिए। हमारा मकसद जमीन लेना नहीं था। क्यों नहीं था। पीओके आज नहीं लेंगे तो कब लेंगे। इससे पहले विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन से जुड़े स्पेशल इंटेसिव रिवीजन मुद्दे पर हंगामा किया। सदन को तीन बार स्थगित किया गया था।



### राजनाथ बोले, आज का भारत अलग तरह से सोचता है

राजनाथ ने कहा- पिछली सरकारों ने 2016 की उरी स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट स्ट्राइक जैसे कदम उठाए होते स्थितियां दूसरी होतीं। मैं उस समय की सरकार या पीएम की आलोचना नहीं करना चाहता। आज का भारत अलग तरह से सोचता और काम करता है। अगर कोई बातचीत की भाषा नहीं समझता तो डिसाइसिव एक्शन लेने पड़ते हैं। आज भारत जवाब देता है। आज भारत आतंक की जड़ तक जाता है और उसे खत्म करने का माद्दा रखता है। देश की सुरक्षा के लिए जो भी कदम उठाने पड़ें, हम उठाएंगे। हमें याद रखना होगा कि हमारी एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। संदेश चला गया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कोई समझौता नहीं करेंगे। एक इंटरनेशनल मीटिंग में आतंकवाद के मसले पर जॉइंट स्टेटमेंट डाइल्यूट हो रहा था, हमने साफ किया कि जब तक इस पर मजबूती से बात नहीं रखी जाती, जॉइंट स्टेटमेंट पर दस्तखत नहीं करेंगे। 2009 में मुंबई में जो हमला हुआ था, उस समय सरकार को जो करना चाहिए था, वह नहीं हुआ।

### ललन सिंह ने कहा, पीएम मोदी बोलते नहीं, एक्ट करते हैं

जेडीयू सांसद ललन सिंह ने कहा, 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस था, जब प्रधानमंत्री मोदी बिहार के मधुबनी में पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करने गए थे। वहां उन्होंने पहली बार पहलगाम हमले पर बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को उसकी कल्पना से परे जवाब मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना भाषण अंग्रेजी में दिया क्योंकि वह दुनिया को यह बताना चाहते थे कि हम आतंकवादियों के सामने झुकने वाले नहीं हैं और हम उनका डटकर मुकाबला करेंगे। ललन सिंह ने कहा, विपक्ष बार-बार कहता है कि पीएम मोदी बोलते नहीं है। पीएम मोदी बोलते नहीं है, वो एक्ट करते हैं। वो एक्शन से जवाब देते हैं। पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की, लेकिन विपक्ष को यह नहीं दिखता।

### 'ट्रम्प के सामने पीएम मोदी का सीना 56 से 36 इंच हो जाता है'

सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, पीएम मोदी, आप एक बार अपने एक्स हैंडल पर यह क्यों नहीं पोस्ट कर सकते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ भी कहा वह गलत है। जैसे ही आप अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने खड़े होते हैं, आपकी ऊंचाई 5 फीट कम हो जाती है और आपका सीना 56 इंच से घटकर 36 इंच का हा जाता है। आप अमेरिकी राष्ट्रपति से इतना डरते क्यों हैं?

### 'कांग्रेस में आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ने का दम नहीं था'

जेडीयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने संसद में सरकार की आलोचना पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर हमला बोला। उन्होंने कहा, 2004 से 2014 तक, यूपीए सरकार के दौरान आतंकी घटनाओं में 614 लोग मारे गए। आज आप सवाल पूछ रहे हैं कि पहलगाम में आतंकी कैसे घुसे। मुंबई के 26/11 हमले में आतंकी कहां से आए थे, यह आपको बताना चाहिए था। आपको आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का न साहस था, न दम था कि कुछ कार्रवाई करते। आप बस घड़ियाली आंसू बहाते थे।

# पत्रकार के भाई पर दोबारा जानलेवा हमला

## जनता हॉस्पिटल संचालक सहित तीन पर एफआईआर

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**

**बेनीगंज।** हरदोई जिले में पत्रकार के परिवार पर सुनियोजित हमले की साजिशें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला 27 जुलाई की रात का है, जब पत्रकार आशीष सिंह के भाई आकाश सिंह पर दुस्साहसी हमला किया गया। हमला करने वालों में जनता हॉस्पिटल का संचालक अतुल रैदास, उसका भाई रोहित रैदास और उनके सहयोगी जितेंद्र बाल्मीकि शामिल थे। मामला बेनीगंज थाना क्षेत्र का है, जहां एफआईआर संख्या 0299/2025 दर्ज हुई है। सिर्फ इतना ही नहीं – 20 जुलाई को भी हुआ था हमला, मास्टरमाइंड का नाम पुलिस ने एफआईआर से गायब किया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, यह हमला अकेले नहीं हुआ, बल्कि इससे एक सप्ताह पहले 20 जुलाई को भी पत्रकार आशीष सिंह के परिवार पर हमला हुआ था। उस हमले की प्राथमिकी में पेशेवर अपराधी सभाजीत सिंह उर्फ गुड्डू को मुख्य साजिशकर्ता (मास्टर माइंड) के रूप में नामित किया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज करते समय सभाजीत सिंह का नाम जानबूझकर हटा दिया, और केवल तीन नाम शामिल कर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।27 जुलाई को हुई दूसरी वारदात में भी हमलावर पहले से तैयार थे। जब पीड़ित आकाश सिंह अपनी कार से प्रतापनगर से लौट रहे थे, तो बेनीगंज रेलवे क्रासिंग पर उन्हें घेरने का प्रयास हुआ। वह किसी तरह वहां से बच निकले, लेकिन जब वह माधव खाद बीज भंडार के पास पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें घेर लिया, गालियाँ दीं, मारपीट की, और उनकी कार (यूपी32एफवाई0733) के गियर और बम्पर तोड़ डाले। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा भले दर्ज हुआ हो, लेकिन पत्रकार आशीष सिंह के मुताबिक, पुलिस पहले हमले को दबाने और मुख्य साजिशकर्ता सभाजीत सिंह उर्फ गुड्डू को बचाने में लगी है।





### मामला दर्ज, पर धारा हल्की, प्रशासन पर उठ रहे सवाल

हालिया एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNS) की धारा 115(2), 351(3), 352 और 324(3) लगाई गई हैं, जो हमले की गंभीरता को देखते हुए बेहद मामूली हैं। गंभीर धाराओं और षड्यंत्र की अनदेखी से यह स्पष्ट होता है कि पुलिस जानबूझकर आरोपियों को राहत दे रही है।

### पत्रकारों में उबाल, निष्पक्ष जांच की मांग

दो बार एक ही परिवार को निशाना बनाया जाना और पुलिस की मिलीभगत से आरोपी को बचाना, यह दर्शाता है कि पत्रकारिता से जुड़ा होना अब खतरे से खाली नहीं। स्थानीय पत्रकारों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन और सभाजीत सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है।

### अब उठते हैं गंभीर सवाल

- पुलिस ने पहले हमले में सभाजीत का नाम क्यों हटाया?
- क्या आरोपी पक्ष का स्थानीय प्रशासन या थाने से कोई गठजोड़ है?
- पत्रकार की आवाज़ उठाने की कीमत क्या अब जान से चुकानी होगी?
- जन एक्सप्रेस इस पूरे मामले की हर परत पर नजर बनाए हुए है। यदि जल्द कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होती तो यह सवाल जनता और पत्रकारिता दोनों के विश्वास पर सीधा हमला होगा।

# धर्मांतरण पर सख्ती बढ़ाएगी धामी सरकार, बनेगी एसआईटी, कड़ा कानून जल्द

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

- सीमांत राज्य उत्तराखंड की डेमोग्राफी में बदलाव की कोशिशों पर सरकार सतर्क
- मुख्यमंत्री धामी का निर्देश– धर्मांतरण पर पूरी नजर रखे पुलिस
- ऑपरेशन कालनेमी की तर्ज़ पर चलेगा विशेष अभियान

उत्तराखंड में धर्मांतरण की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कानून को और अधिक सख्त बनाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में उच्च अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश न केवल सीमांत राज्य है, बल्कि यह सनातन परंपरा की पवित्र भूमि भी है। ऐसे में जनसंख्या संरचना में किसी भी प्रकार के बदलाव की कोशिशों को सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण की गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जाए और ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई हो। उन्होंने हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि धर्मांतरण विरोधी कानून को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए। धामी ने यह भी कहा कि ÷ऑपरेशन कालनेमी÷ जैसे विशेष अभियानों ने ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने में सफलता पाई है। इस अभियान को और तेज़ करने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर एक विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का फोकस न सिर्फ़ धर्मांतरण को रोकने पर है, बल्कि उसके शिकार हुए लोगों को उचित परामर्श और सहायता भी उपलब्ध कराने पर है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि इस तरह के मामलों में सतर्कता और सख़्ती दोनों बेहद जरूरी हैं।



उत्तराखंड की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना को छेड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। धर्मांतरण करने वाले संगठनों व व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।
–पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड

# पश्चिमी यूपी के 29 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने से बीते 24 घंटों में पूर्वी यूपी के विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश देखने को मिली है। सोमवार को प्रतापगढ़ में सर्वाधिक 85 मिमी बारिश दर्ज की गई। जौनपुर में 69.2 मिमी और अमेठी में 65 मिमी बारिश हुई। वहीं गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार के लिए बुंदेलखंड और आगरा क्षेत्र के छह जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 29 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल एक सप्ताह तक यूपी के तराई इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर कमजोर पड़ा है। इससे मानसूनी ट्रफ लाइन उत्तर की ओर शिफ्ट हुआ है। इसके असर से मंगलवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा।

# गुरुद्वारे की करोड़ों की संपत्ति खुर्द-बुर्द करने के मामले में दर्ज हुई दो एफआईआर, कोर्ट ने दिए सख्त आदेश



राजेंद्र सिंह बग्गा



हरमिंदर सिंह (टीटू)

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

शहर के ऐतिहासिक श्री गुरु सिंह सभा नाका गुरुद्वारा की संपत्तियों को निजी लाभ के लिए हड़पने के गंभीर आरोपों में अब कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं, जो गुरुद्वारे की संपत्तियों के कथित दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी हैं। प्रकरण में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, कोर्ट संख्या 25, लखनऊ ने हरमिंदर सिंह (टीटू) बनाम राजेंद्र सिंह बग्गा आदि, दाण्डिक प्रकीर्णवाद संख्या 2767/2025 में सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए थाना नाका हिण्डोला को तत्काल एफआईआर दर्ज करने और नियमानुसार विवेचना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### दर्ज हुई एफआईआर, सामने आए गंभीर धाराएं

पुलिस ने 28 जुलाई 2025 को शाम 2:02 बजे एफआईआर दर्ज की, जिसका क्रमांक 0138/2025 है। इसमें भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की निम्नलिखित धाराएं लगाई गई हैं...

- 316(2) – आपराधिक विश्वासघात
- 318(4) – धोखाधड़ी कर संपत्ति अर्जन
- 336(3) – आपराधिक षड्यंत्र
- 338 – अवैध संपत्ति अधिग्रहण
- 340(2) – धमकी देकर संपत्ति प्राप्ति
- 115(2), 351(3), 352 – धमकी, हमला, और अन्य आपराधिक कृत्य

### यह हैं आरोप

प्रार्थी हरमिंदर सिंह टीटू, जो गुरुद्वारे के वर्तमान उपाध्यक्ष हैं, ने आरोप लगाया है कि पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बिना कार्यकारिणी और न्यायालय की अनुमति के फ्लैट नंबर 23 को अपने बेटे और बहू की फर्म VedaTech LLP को 30 वर्षों की लीज पर दे दिया।

- 5 मई 2023 को अवैध पूरक एग्रीमेंट तैयार किया गया।
- 9 मार्च 2025 को फ्लैट नंबर 23 और 24 को जबरन ध्वस्त कर संपत्ति का स्वरूप बदलने का प्रयास किया गया।
- 2007 में गुरुद्वारे के खजाने से करोड़ों के आभूषण और प्राचीन वस्तुएं गायब कर दी गईं।
- गुरुद्वारे की अन्य दुकानों को भी कथित रूप से अपनों के नाम कर दिया गया।
- निर्माण रोकने पर प्रार्थी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई।

### दो एफआईआर दर्ज, पुलिस की पुष्टि

मामले में पहली एफआईआर न्यायालय के आदेश पर दर्ज की गई है, जबकि दूसरी एफआईआर स्वतंत्र शिकायत के आधार पर दर्ज की गई, जिसमें समान आरोपों की पुष्टि होती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस मामले में न केवल गंभीर आर्थिक अनियमितता है, बल्कि आपराधिक षड्यंत्र का गहरा जाल भी है।

### अदालत का स्पष्ट आदेश

- अदालत ने पुलिस को निर्देशित किया है कि–
- सभी आरोपों की गंभीरता से विवेचना की जाए।
- साक्ष्य संकलन कर रिपोर्ट 7 दिन के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत की जाए।
- संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

### दस्तावेजों और सबूतों का अंबार

- हरमिंदर सिंह (टीटू) की ओर से प्रस्तुत किये गये
- शिकायत की प्रतियां और डाक रसीदें
- लीज डीड और पूरक डीड की कॉपियां
- अवैध निर्माण की तस्वीरें
- सुप्रीम कोर्ट का ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश फैसला (2014)

### क्या बोले कानूनी विशेषज्ञ?



वकीलों के अनुसार, गुरुद्वारे जैसी सार्वजनिक धार्मिक संस्था की संपत्ति से छेड़छाड़ गंभीर कानूनी उल्लंघन है। यह मामला राजधानी लखनऊ में चर्चा का विषय बन गया है और समाज में धार्मिक आस्था और ट्रस्ट व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### आस्था के साथ किया विश्वासघात

यह मामला न केवल धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता की आवश्यकता को रेखांकित करता है, बल्कि संगत की आस्था के साथ किए गए विश्वासघात की ओर भी संकेत करता है। आगामी जांच और कानूनी कार्रवाई इस दिशा में अहम पड़ाव साबित होंगी।

# ईडी कोर्ट में पेश किया गया धर्मांतरण का आरोपी छांगुर, पांच दिन की हिरासत में लिया गया

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

अवैध धर्मांतरण का आरोपी छांगुर उर्फ जमालुद्दीन को सोमवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे ईडी ने पांच दिन की हिरासत में लिया है। छांगुर के खिलाफ जांच जारी है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार छांगुर का गिरोह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी जुटा था। देश भर में अपने अवैध कारनामों का जाल बुना था। इसमें तीन हजार से अधिक लोगों को शामिल किया था। छांगुर के कई राज तो सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके देश के संदिग्ध या प्रतिबंधित संस्थाओं से ताल्लुक की छानबीन हो रही है। छांगुर ने दुबई, सऊदी, तुर्की जैसे देशों में अपनी पहुंच बनाई थी।

# पत्नी पर चरित्रहीनता का आरोप लगाकर प्रताड़ित करने वाले पति ने किया जानलेवा हमला

- रामपुरा थाने से शिकायत करके ऑटो से परिवार सहित घर लौट रही पीड़िता पर की फायरिंग

**जन एक्सप्रेस । उरई**



पत्नी पर चरित्र हीनता का आरोप लगाकर पिछले 3 महीने से उसे लगातार तरह-तरह से प्रताड़ित करने वाले पति की परिवार के साथ थाने से शिकायत कर घर लौट रही पत्नी पर पैसे और दबंगई के नशे में चूर पति ने उसके ऑटो पर फायरिंग कर दी। जब थाने में सुनवाई नही हुई तब पीड़िता ने परिवार के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक जालौन को प्रार्थना पत्र देकर अपने एवं अपने बच्चे के साथ ही पिता एवं भाइयों की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति सनकी है और वह कभी भी कोई घटना अंजाम दे सकता है। जिससे उसका पूरा परिवार मायके पक्ष असुरक्षा के साये में जी रहा है। पीड़िता ने पति एवं उसके परिवार जनों के द्वारा की जा रही प्रताड़ना एवं धमकियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। अपने पिता कृष्णा प्रसाद निवासी ग्राम नरोल थाना रामपुरा जनपद जालौन के साथ पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में ग्राम छिरिया सलेमपुर के पूर्व प्रधान कामता प्रसाद के पुत्र बृजेंद्र सिंह के साथ हुई थी। जिससे उसे दो बच्चियां और सबसे छोटा 5 साल का बच्चा है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति शराबी एवं बिगड़ैल किस्म का व्यक्ति है और पिछले कुछ सालों से उसका चाल चलन सही नहीं है। पीड़िता ने उसे बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना पिछले 4 मई 2025 को उसके चचेरे भाई की शादी थी, तो वह अपने गांव नरोल आई हुई थी। शादी से वापस छिरिया सलेमपुर लौटने पर एक-दो दिन तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा। बाद में उसका पति यह आरोप लगाने लगा कि तुम्हारे साथ चार लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया है। उन लोगों के नाम बताओ और अगर तुम्हारे साथ नहीं हुआ है तो वह किसके साथ हुआ है उसका नाम बताओ जबकि उसे इन बातों की कही कोई जानकारी नहीं है, तब से उसका पति उसे लगातार प्रताड़ित करता चला रहा है। तभी ससुराल के लोग 23 जुलाई को आधी रात को उसे मायके छोड़ गए।

26 जुलाई को बृजेंद्र नरौल आया और गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार को गोली से उड़ाने की धमकी थी तब पीड़िता के परिवार वालों ने डायल 112 बुलाई। जहां उन्होंने दोनों पक्षों को थाने चलने की बात कही पीड़िता अपने परिवार के साथ थाने पहुंची लेकिन बृजेंद्र रास्ते में ही रह गया शाम 7:30 बजे करीब जब वह अपने परिवार के साथ पुष्पेंद्र के ऑटो नम्बर यूपी 92 एटी 2961 से गांव वापस लौट रही थी तभी पीछे से बृजेंद्र बैगन आर नंबर यूपी 78 ईवाई 8491 से आया और तमंचे से फायरिंग कर दी।

# अतर्रा व बदौसा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



अतर्रा थाना पुलिस व बदौसा थाना पुलिस ने चोरियों का खुलासा करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचे व चोरी के मोबाइल सहित 46 हजार रुपए नगदी बरामद। अतर्रा और बदौसा पुलिस कि संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 26/27 जुलाई को रात्रि थाना अतर्रा और बदौसा पुलिस कि संयुक्त टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान गश्त मिलान में अतर्रा-बदौसा बॉर्डर पर मौजूद थे,चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति चोरी करने की नियत से पुरानी तहसील की जरुहा चौकी वाले रास्ते पर झाडियों की आढ मे बैठे है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे है।सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबन्दी कर सभी व्यक्तियों को पकड़ लिया गया । तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध तमंचे, जिन्दा कारतूस तथा चोरी के 04 मोबाइल सहित 46 हजार रुपये नगदी बरामद हुए है। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों द्वारा कुछ दिनों पूर्व अप्रैल माह में अतर्रा व बदौसा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आभूषण, कपडे, रुपये, व मोबाइल की चोरी कर कई चोरी की घटनाऔं को अंजाम दिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा व बदौसा पर पूर्व में अभियोग पंजीकृत है ।इस सम्बन्ध में और भी जानकारी की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहां-कहां इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है तथा प्रत्येक कड़ी को जोड़कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए अवैध तमंचे, जिन्दा कारतूस, मोबाइल व 46 हजार रुपये नगद बरामद कर थाना अतर्रा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। बरामद माल 02 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस,04 मोबाइल (चोरी के),46 हजार रुपये नगद चोरी के।गिरफ्तार अभियुक्त- अनूप सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी अंश बजरंगपुरवा थाना अतर्रा।, बारेलाल प्रजापति उर्फ विजय पुत्र रामदीन प्रजापति निवासी ग्राम कल्हरा थाना नरैनी।, लवकुश सिंह पुत्र जगपत सिंह निवासी ग्राम शाहपुर सानी थाना बदौसा जनपद बांदा।, दर्ज मुकदमा मु0अ0सं0- 270/25 धारा 317(2)/303(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अतर्रा जनपद बांदा।, गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 प्रीत कुमार पाण्डेय, उ0नि0 प्रदीप कुमार सोनी,उ0नि0 गौरव कुमार मिश्रा, हे0कां0 रोहित सिंह, कां0 कृष्णकांत, कां0 उत्कर्ष शुक्ला रहे।

# अतिक्रमण की चपेट में नगर, सड़कें हो रही संकरी, दुर्घटना से सताता है मौत का खौफ

## फुटपाथ पर कब्जा, पैदल व दो पहिया वाहन चालक को दुर्घटना का सताता रहता है डर

- प्रशासन की उदासीनता से आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनायें

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नगर में इन दिनों अतिक्रमण की भरमार है। जहां देखो, वहां अतिक्रमण ही अतिक्रमण है, चाहे तहसील, स्टेशन रोड, इलाहाबाद बैंक चैराहा, शंभू बाबू पेट्रोल पम्प , ट्राफिक चैराहा, पुरानी सब्जी मण्डी, पर अनाधिकृत अतिक्रमण इस तरह है कि यदि दो वाहन एक ही साइड में निकलें तो दुर्घटना निश्चित होने का डर रहता है।

सडकें संकरी होने के कारण स्कूली बसों को भी पुरानी सब्जी मण्डी से निकलने में परेशानी होती है। कोई गाइड लाइन सडक पर नहीं है।

बताते हैं सड़क संकरी होने का प्रमुख कारण फुटपाथ पर कब्जा होना भी बताया जा रहा है। इस बारे में मानकों का कोई ध्यान शासन प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। हद तो तब हो जाती है कि डीएम साहब खुद मानकों का निरीक्षण करेंगे तो ईओ नगर पालिका की कारस्तानी अपने आप उजागर हो जायेगी। समस्या इतनी जटिल है कि फुटपाथ पर भी कब्जा करके लोगों द्वारा स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण कर लिया है। इसकी बानगी सही मायने में देखना हो तो काली देवी चौराहा पर स्पष्ट देखी जा सकती है।

सूत्र बताते हैं कि नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों की इनसे सेटिंग है और इसके एवज में सुविधा शुल्क लेते हैं। यही कारण है कि अतिक्रमण सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ा है। इस बारे में जब शिकायकर्ता ने जिलाधिकारी से शिकायत किया तो जिलाधिकारी द्वारा पुलिस को जांच भेजी गई, इसके बाद टाय टाय फिस्स मामला हो गया और रटारटाया उत्तर दिया जाता है कि अतिक्रमण दस्ता अतिक्रमण हटाता है। लेकिन हकीकत तहसील के ठीक सामने, व जिलाधिकारी आवास के ठीक सामने से निकलते हुये देखी जा सकती है। मानकों को दरकिनार करते हुये अतिक्रमण हटाने से कोई लाभ वाहन चालकों व पैदल चलने वालों को नही होगा। नियमानुसार बीच सड़क के मानक को ईमानदारी से पूरा करते हुये दोनों ओर अतिक्रमण हटाया जाये और फिर से अतिक्रमण हटाने पर चालान किया जाये तो इसके परिणाम सुखदायी होंगे। इसी तरह सीतापुर, रामघाट में भी अतिक्रमण हटाना जनहित में जरूरी है।

**क्या कहते हैं ईओ नगर पालिका लालजी यादव**

समय-समय पर अतिक्रमण नगर व शहर से टीम बनाकर हटाया जाता है। आगे भी समस्या है तो अतिक्रमण हटाया जाता रहेगा, ताकि पैदल व फुटपाथ पर चलने वाले सुरक्षित रहें।

# 11 सोलर प्लेटों के साथ दो शातिर चोर गिरोह के सदस्य गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थानाध्यक्ष ने शातिर चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी की गई 11 सोलर प्लेट बरामद की गई है।

आटा थाना क्षेत्र में पावर प्लांट में लगातार चोरी के मामले बढ़ रहे थे।जिनकी शिकायत आए दिन थाने पहुंच रही थी। बीते दिनों पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दो युवकों को 21 चोरी की प्लेटो के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसके बाद गिरोह सक्रिय हो गया था। सोमवार को आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह को मुखबिर ने प्लेटे चोरी करने वाले चोरों की सूचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी ने फोर्स के साथ नेशनल हाइवे किनारे स्थिर खंडर में छापा मारा। जहां पर घेराबंदी कर शनि कुमार निवासी परासन, युगेन्द्र सिंह पुत्र बलराम निवासी गोपालपुर जिला कानपुर देहात थाना भोगनीपुर 11 चोरी की सोलर प्लेटे लेकर बैठे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर थाने लाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि प्लेटो को बेचने की फिराक में थे। ऐसे मामलों में लगातार टीम काम कर रही है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# पति को आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कल दिन सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने वाली पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक छः मई को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के परशुराम तालाब की रहने वाली मृतक की पुत्री द्वारा पुलिस को सूचना दी गई की मेरी मां और उसके प्रेमी दोनों ने मिलकर मेरे पिता को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया। जिसके सम्बन्ध थाना कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।विवेचना के दौरान कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और न्याय ने जेल भेजा दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त-गुडिया पत्नी मायाराम निवासी परशुराम तालाब थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा,गोपालदास उर्फ पुतुवा पुत्र रामसिंह निवासी पतारा थाना कुरारा जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम- उ0नि0गौतम सोनी, कां0 भूपेन्द्र सिंह, कां0 गवेन्द्र सिंह,म0कां0 बबली आदि मौजूद रहे।

### गो सेवा आयोग के सदस्य ने मांगी गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने विभागीय अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों के साथ निरीक्षण भवन में बैठक की। बैठक में गो सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह ने अधिकारियों से जनपद की गोशालाओं में संरक्षित गोवंशो की जानकारी मांगी। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गोवंशों को समय पर चिकित्सा, बधिया, टीकाकरण, कृमिनाशक दवा पान, कृत्रिम गर्भाधान, गोवंशों को भरपूर मात्रा में भूसा, हरा चारा, साईलेज व पशु आहार खिलाया जाए तथा गौशालाओं की सभी व्यवस्थाएं ठीक होनी चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत जनपद में अधिक से अधिक लाभार्थियों को गोवंश सुपुर्द कर लाभान्वित किया जाएं। बैठक के बाद आयोग के सदस्य ने नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा संचालित डिलौरा गोशाला का निरीक्षण किया। जिसमें मौके पर 145 गोवंश स्वस्थ पाए गए तथा गोशाला में साफ-सफाई तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा पाया गया। इस दौरान उन्होंने गोशाला परिसर में रोपित किए गए पौधों के सूखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्री गार्ड व देखरेख करने के लिए केयरटेकर लगाएं।

### महिला समेत दो युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिले भर में अलग-अलग क्षेत्रों में रविवार रात से सोमवार भोर तक में एक महिला समेत दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे तीनों की हालत गंभीर होने पर तीनों के परिजन इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां तीनों को भर्ती किया गया। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कंठीपुर गांव निवासी 18 वर्षीय युवक मंजीत सिंह पुत्र राम बरन ने रविवार रात में दस बजे के करीब जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

# महिलाओं और बच्चों की शिकायत नहीं की जाएगी बर्दाश्त: बेबीरानी मौर्य

- महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । उरई**




महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की मंत्री बेबीरानी मौर्य ने सम्भव अभियान 2025 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से संवाद करते हुये जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि महिलाओं और बच्चों की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दे कि महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार की मंत्री बेबीरानी मौर्य ने उरई के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजना महिला कल्याण और बाल विकास पर फोकस है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों की नियमित माप-तौल, वीएचएसएनडी सत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण सुधार संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से लागू करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, सैम व मैम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, सन्दर्भन एवं सुधरीकरण, पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ दिलाने को कहा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के परियोजना समन्वयक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए आएं आगे: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, एफएसटीपी व आरआरसी सेंटर का प्रभावी संचालन, तथा प्लास्टिक मुक्त गांव अभियान की प्रगति में तेजी लाई जाए। कहा कि आरआरसी सप्ताह में कम से कम दो बार निरीक्षण के दायरे में रहें, और वहाँ की आमदनी एवं गतिविधियों का पारदर्शी लेखा-जोखा रखा जाए। जिलाधिकारी ने एफएसटीपी यूनिट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों हेतु स्थल चयन की कार्यवाही उप जिलाधिकारियों के समन्वय से शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गांव-गांव में प्लास्टिक मुक्त भारत की अवधारणा को जनांदोलन का रूप दिया जाए और स्वच्छता को केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजीवन की संस्कृति बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा आदि अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चित्रकूट में रम रहे, रहिमन अवध नरेश, जा पर विपदा परत है वह आवत इहि देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन से समूचे चित्रकूट क्षेत्र में जगह जगह झूलोत्सव मनाया जा रहा है। यह परम्परा लगभग पांच सौ वर्षो पूर्व से अनवरत चली आ रही है। चित्रकूट के विभिन्न मठ मन्दिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग रोगन के अलावा विद्युत प्रकाश आलोकित कर रहा है। जगह जगह हिंडोला पड जाने से धर्मनगरी में अजीब सा उत्साह भक्तों में देखने को मिल रहा है। झूलोत्सव को देखने के लिये जनपद सहित दूर-दूर से भक्तगण पहुंचकर अवध बिहारी को झूला झुलाने के लिये आतुर देखे जा रहे हैं।

बताते चलें कि चित्रकूट के प्रमुख मन्दिर निर्मोही अखाड़ा, भरत मन्दिर, चरखारी मन्दिर, राम जानकी मन्दिर, रामायणी कुटी, जानकीकुण्ड चिकित्सालय, श्री धर धाम, राधा कृष्ण मन्दिर, परिक्रमा मार्ग मन्दिर, इस्कॉन मन्दिर खोही मार्ग सहित लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों से झूलोत्सव देखने के लिये शाम होते ही देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। इसी बीच विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन चलता रहता है। जिसमें भजन कीर्तन, सत्संग, नृत्य नाटिकायें आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।

इस मौके पर सूमचे बुन्देलखण्ड क्षेत्र के आस्थावान कलाकार आवश्यक रूप से पहुंचने का क्रम जारी है। जहां वह देर रात तक अपनी अपनी कलाओं का प्रदर्शन आने वाले भक्तों का मन मोह रहे हैं। इसके अलावा श्रावण मास के दृष्टिगत धर्मक्षेत्र चित्रकूट की अदभुत छटा निहारने के लिये भक्त लोग कई-कई दिनों तक चित्रकूट में ठहरकर लीला बिहारी का आनन्द ले रहे हैं। मठ मन्दिरों द्वारा भक्तों के लिये भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की जा रही है। चरखारी मन्दिर के प्रमुख कथावाचक चंदन दीक्षित ने बताया कि यह क्षेत्र भगवान राम की तपोस्थली रहा है। यहां जो भी कुछ भी हो रहा है सब अवध बिहारी की कृपा से हो रहा है। श्री मद् भागवत पीठ खोही के अधिष्ठाता आचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने कालिदास घनानंद, मैथलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चैहान जैसे प्रख्यात कलमकारों का विवरण देते हुये बताया कि चित्रकूट का सौन्दर्य अनुपम और अनूठा है। इसकी व्याख्या शब्दों में नहीं की जा सकती है। वैसे भी पूरे वर्ष भर धर्म क्षेत्र में समय समय पर तमाम धार्मिक गतिविधियां संचालित रहती हैं। जिसके लिये आस्थावान पूरी तरह से तैयार रहते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चित्रकूट को विशेष रूप से सजाया व संवारा जा रहा है। आने वाले दिन भक्तों के लिये बहुत ही सुखद व आश्चर्य पैदा करने वाले होंगे।

मान्यता है कि जो भी भक्त अपनी आस्था व आत्मा से अपनी शुद्ध इच्छाओं की कामना करते हैं उसकी वह पूरी होती है। सरित सलीला पतित पावनी, मां मंदाकिनी का दर्शन भाग्यशाली लोगों को ही मिल पाता है। इस नदी को मां गंगा की भी उपमा दी गई है। इस कारण और भी चित्रकूट की महिमा बढ़ जाती है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी तमन्ना 24 वर्ष पुत्री नवी मोहम्मद ने रविवार की देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते सूने घर में रस्सी फंदा गले में डालकर फांसी पर लटक गई। जब परिजन घर आए और उन्होंने उसे फांसी पर लटका देखा तो उनमें चीख पुकार शुरू हो गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया उसकी शादी करीब 3 वर्ष पूर्व थाना रामपुरा निवासी कासिम पुत्र अब्दुल हमीद के साथ की थी। बताया कि पति से विवाद होने पर तमन्ना अपने पिता के यहां रह रही थी। मामले में कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थित साफ हो पाएगी। फिलहाल पूरे मामले की हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पीएआई के मानकों के अनुरूप करें कार्य: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पंचायत उन्नत सूचकांक (पीएआई-01/02) विषय पर सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर डिलौरा में कार्यशाला का आयोजन कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी विभागों के अधिकारियों को सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पंचायत उन्नत सूचकांक के मानकों के अनुरूप कार्य करने एवं सूचनाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि पंचायतों को सशक्त बनाया जा सकें। ग्राम पंचायतों में चल रहे रहे विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) ग्राम पंचायतों के लिए विकासात्मक प्रगति का मूल्यांकन करने, डेटा-संचालित शासन को बढ़ावा देने, प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और स्थानीय नियोजन को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ संरेखित करने के लिए एक रणनीतिक साधन के रूप में कार्य करता है। प्रशिक्षक विवेक मिश्रा ने सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया तथा संजय सिंह द्वारा पीएआई-1.0 के स्कोर कार्ड को प्रदर्शित करते हुए पीएआई-2.0 के महत्व को बताया। संचालन डीपीआरसी के वरिष्ठ फैकल्टी सुजीत कुमार ने किया। इस दौरान कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों ने प्रशिक्षण समाप्ति के बाद जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर परिसर में पौधरोपण किया।

# राष्ट्रीय संत व कथा वाचक मोरारी बापू पहुंचे तुलसी जन्म स्थली

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



गोस्वामी तुलसीदास जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में राजापुर में आयोजित तुलसी साहित्य समागम के प्रथम दिन सोमवार को राष्ट्रीय सन्त व कथावाचक मोरारी बापू, कामदगिरि पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य सहित अन्य विद्वानों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर साहित्य संगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। समागम के अंतिम दिन विद्वानों को तुलसी अवार्ड, व्यास अवार्ड व वाल्मीकि अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

साहित्य समागम के प्रथम दिन जनपद के विद्वान रामहृदयदास महराज ने अन्य धार्मिक तीर्थस्थानों में भव्य मंदिर बनाए गए हैं, लेकिन तुलसीदास आज भी यमुना किनारे बैठे हुए हैं। राजापुर में दिव्य और भव्य मंदिर बनना चाहिए, जिससे देश-विदेश में तुलसी जन्मस्थली की पहचान बन सके। उन्होंने कहा कि रामबोला तुलसीदास को दासी चुनिया ने तमाम विषम परिस्थितियों में पाला। तुलसीदास अत्यंत दुःखी हुए और संसार की नश्वरता को समझकर वैराग्य मार्ग अपनाया। उन्होंने अपना जीवन श्रीराम भक्ति को समर्पित किया। तप, तीर्थयात्रा और साधना के माध्यम से वे श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रंथ की रचना कर महाकवि और संत बन गए। विद्वान कथाव्यास उमाशंकर महराज बरेली ने बताया कि भगवान श्रीराम के दो बड़े विश्वासपात्र दूत थे। अंगद नीति दूत थे और हनुमान प्रीतिदूत थे। दोनों पर भगवान श्रीराम का अटूट विश्वास था सीता की खोज के लिए हनुमान तथा अंगद को शांतिदूत बनाकर लंका भेजा था, परन्तु अहंकारी रावण ने अपने हठ के आगे शान्ति प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया और रावण ने अंगद से बालि वध की चर्चा पर कूटनीति करते हुए कहा कि श्रीराम ने बालि का वध छिपकर किया, जो अधर्म है और ऐसे कपटी के पक्ष में शांति की बात करना मूर्खता है। देवघर की कथाव्यास यशोमती ने कहा कि सन्त मोरारी बापू इस भूखंड में सत्य, प्रेम, करुणा को देश विदेश में पहुचाने का कार्य किया है और समूचे विश्व में श्रीरामचरितमानस महान ग्रंथ बन गया है। तुलसी साहित्य समागम संगोष्ठी में जमुनिया के कथाकार अखिलेश उपाध्याय, मऊरानीपुर के युवा व्यास शशि शेषर, अयोध्या के धराचार्य महाराज आदि कथाकारों ने संगोष्ठी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व तुलसी के चरित्र का वर्णन किया। विष्णु स्वामी सम्प्रदाय के शंकराचार्य संतोषाचार्य महराज ने मंचासीन सभी कथाव्यासों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर हजारों सन्त महात्मा व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



**शॉर्ट सर्किट के चलते हैंडलूम फैक्ट्री में लगी...**

गाजियाबाद के मोदीनगर की गांधी कालोनी में रविवार रात को हैंडलूम फैक्ट्री में आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों का माल जलकर राख हो गया। दमकल की 4 गाड़ी आग बुझाने में लगी हुई रहीं, आग की चपेट में आकर कॉलोनी के बिजली जल गए... पढ़ें पेज 12 पर...

# किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करती बीजेपी : बेबी रानी मौर्य

- सपा में महिलाओं की गरिमा क्या मौलवी तय करेंगे : बेबी रानी मौर्य

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



बीजेपी लीडर एवं प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी, सपा सांसद डिंपल यादव नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित मस्जिद में गए। उनके साथ सपा के अन्य सांसद जैसे मोहिबुल्लाह नदवी रामपुर सांसद और मस्जिद के इमाम, धर्मेंद्र यादव, और ज़िया उर रहमान बर्क भी थे। इस दौरान वहां बैठक हुई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए, जिसके बाद मुस्लिम धार्मिक नेताओ ने सपा प्रमुख की धर्मपत्नी एवं सासंद डिंपल यादव को ÷राजनीतिक हिंदू महिला÷ कहकर उनके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। आपत्तिजनक और मर्यादाओं के विपरित ऐसी टिप्पणियां की जिसको सभ्य समाज न सुनना पसन्द करता है न बोलना। उन्होंने कहा कि यह महिला सांसद की गरिमा पर ही नही अपितु भारतीय नारी और उसकी संस्कृति पर हमला था। हमारी विचारधारा और डिंपल यादव की विचारधारा भले ही अलग हों लेकिन महिला का अपमान किसी भी सूरत में स्वीकार्य नही है। डिंपल यादव पर की गई अशोभनीय टिप्पणी पर अखिलेश यादव का मौन निंदनीय ही नहीं, शर्मनाक भी है। मौलाना की बयानबाज़ी पर सपा का मौन क्या इस सोच की सहमति है कि सपा में महिलाओं की गरिमा अब मौलवी तय करेंगे?उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा सपा से अलग है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करती। डिंपल यादव का मामला हो या किसी और महिला का, हर नारी का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। भाजपा उनके राजनीतिक स्टैंड से नहीं, उनके महिला होने के नाते उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा डिंपल यादव ने पूरी गरिमा और भारतीय मर्यादा के अनुरूप परिधान पहना था, फिर भी मौलाना ने उन्हें निशाना बनाया। क्या सपा अब मौलवियों के इशारे पर अपनी महिला सांसदों की गरिमा एवं उनका पहनावा तय करेगी? सपा प्रमुख डिंपल यादव के पति अखिलेश यादव की चुप्पी कहीं न कहीं उनकी वोट बैंक की लालसा को दर्शाती है। वोट की खातिर महिला अस्मिता और सम्मान से उनका समझौता उनकी कमजोरी और राजनीतिक स्वार्थपरता को प्रतिबिंबित करता है कि समुदाय विशेष की नाराजगी से बचने और उनके वोट के लिए वह कहाँ तक जा सकते हैं । बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख की चुप्पी दर्शाती है कि वे कट्टरपंथियों और तालिबानी मानसिकता रखने वालों के कितने बड़े समर्थक हैं कि सियासी फायदे के लिए वे अपनी स्वयं की धर्मपत्नी के अपमान पर भी मौन हैं। यहाँ तक कि परिवार के अन्य बड़े बुजुर्ग भी इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं। उनकी पार्टी में भी साहस नहीं है कि वह अपनी सांसद की मर्यादा की रक्षा कर सके। आज डिंपल यादव पर टिप्पणी हुई है, कल किसी भी महिला पर हो सकती है। क्या अखिलेश यह संदेश देना चाहते हैं कि सत्ता के लिए उन्हें अपनी पत्नी का अपमान भी स्वीकार है? अखिलेश यादव द्वारा मौलाना की आलोचना न करना दरअसल उस सोच को मौन समर्थन देना है जो महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से हटाना चाहती है। यह मुद्दा सिर्फ डिंपल यादव का नहीं बल्कि भारत की हर बेटी, हर महिला का है।

### सपा की यह चुप्पी केवल चुप्पी नहीं, राजनीतिक कायरता है

यह कथन केवल व्यक्तिगत रूप से डिंपल यादव जी का अपमान नहीं था, बल्कि समस्त नारी जाति का अपमान है उन्होंने प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि क्या यही समाजवादी पार्टी का असली 'समाजवाद' है? जो पार्टी संविधान, महिला अधिकारों और सेक्युलरिज़्म की बात करती है, वही पार्टी अपनी महिला सांसद के अपमान पर खामोश क्यों है? क्या अखिलेश यादव को यह अपमान तब भी अस्वीकार्य नहीं लगता जब टिप्पणी उनकी पत्नी और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ की गई हो? क्या 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के चलते समाजवादी पार्टी ने 'महिला सम्मान' की बलि चढ़ा दी है? सपा की यह चुप्पी केवल चुप्पी नहीं, राजनीतिक कायरता है।

### एक नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि राजनीतिक सुविधा

उन्होंने कहा डिंपल यादव देश की एक निर्वाचित सांसद हैं। अगर उनके पहनावे को लेकर सार्वजनिक मंचों पर इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणी होती है और उनकी अपनी पार्टी तक उसका विरोध नहीं करती तो यह स्पष्ट संकेत है कि महिला सम्मान का मुद्दा इनके लिए केवल राजनीतिक भाषणों की सामग्री है, ज़मीनी सच्चाई नहीं। समाजवादी पार्टी की सरकार का इतिहास महिला अपराधों, दंगों एवं ऐसे अपराधियों के संरक्षण से भरा पड़ा है। इनकी सरकारों में महिला हिंसा के मामलों में उत्तर प्रदेश देश में पहले पायदान पर रहता था। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण ने दो बातें बिल्कुल स्पष्ट कर दी हैं कि महिला सम्मान इन दलों के लिए एक नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि राजनीतिक सुविधा है। समाजवादी पार्टी के लिए इस्लामिक वोटबैंक की नाराज़गी से बचना, एक महिला सांसद की गरिमा से ज्यादा जरूरी है। कांग्रेस और सपा की चुप्पी से एक बात और साफ हो जाती है कि इनकी लड़ाई महिला अधिकारों की नहीं, बल्कि राजनीतिक अवसरवाद की है।

# नवोदय विद्यालयों में 9वीं व 11वीं में सीधी भर्ती के लिए आवेदन शुरू

## 7 फरवरी 2026 को होगा सिलेक्शन टेस्ट

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

शिक्षा की गुणवत्ता और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने नवोदय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, योग्य छात्र 23 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। देशभर के नवोदय विद्यालयों में सीमित सीटों पर होने वाले इस प्रतिष्ठित प्रवेश को लेकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में उत्साह है। नवोदय विद्यालय समिति (हङ्कस्) के अनुसार, चयन प्रक्रिया के लिए अखिल भारतीय स्तर पर एक सिलेक्शन टेस्ट 7 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

### प्रवेश के लिए पात्रता शर्तें भी निर्धारित की गई हैं

9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए÷ ? आवेदन करने वाले छात्र का जन्म 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। छात्र उसी जिले का निवासी होना चाहिए जहां का नवोदय विद्यालय हो। 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए जन्म तिथि 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होनी चाहिए। जिले की अधिवासीयता अनिवार्य। नवोदय विद्यालय समिति ने स्पष्ट किया है कि जन्म तिथि संबंधी शर्तें सभी वर्गों पर समान रूप से लागू होंगी। किसी भी प्रकार की छूट की व्यवस्था नहीं होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि नवोदय विद्यालयों में मिलने वाली मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा देश की शिक्षा व्यवस्था में एक अहम कड़ी है। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के होनहार छात्रों को इससे उच्च शिक्षा की मजबूत नींव मिलती है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है और अभ्यर्थी ठ्ठ1श-स्त्र4ड्ड.द्द1.द्धठ्ठ वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन की अंतिम तिथि से पहले ही सभी दस्तावेज तैयार रखें ताकि बाद में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े।

# डिंपल यादव पर मौलाना की टिप्पणी से सियासी तूफान, लखनऊ में एफआईआर दर्ज

- सपा कार्यकर्ता ने महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप
- मौलाना साजिद रशीदी ने मस्जिद में सिर न ढकने को बताया इस्लाम विरोधी
- संसद से सड़क तक उठा विरोध, भाजपा महिला सांसदों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



संसद परिसर की मस्जिद में सिर न ढकने को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी से सियासी बवंडर खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की टीवी डिबेट में दी गई टिप्पणी को लेकर लखनऊ के विभूति खंड थाने में स्नद्धक्र दर्ज कराई गई है। शिकायत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता प्रवेश यादव ने दी, जिसमें मौलाना रशीदी पर स्त्री विरोधी और भड़काऊ बयान देने, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 79, 196, 197, 299, 352, 353 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी गई है।

### क्या था विवाद

टीवी डिबेट के दौरान मौलाना रशीदी ने डिंपल यादव के संसद परिसर स्थित मस्जिद में सिर न ढकने पर आपत्ति जताते हुए कहा था, ÷मस्जिद में दो महिलाएं थीं, एक इकरा हसन ने सिर ढका था लेकिन डिंपल यादव ने नहीं।÷ इस टिप्पणी को सपा कार्यकर्ताओं ने महिला विरोधी करार दिया है।

### राजनीतिक तापमान चढ़ा

इस बयान को लेकर संसद से लेकर सड़क तक विरोध हुआ। खासकर एनडीए की महिला सांसदों ने मौलाना के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, ÷यह टिप्पणी न सिर्फ डिंपल यादव, बल्कि देश की सभी महिलाओं का अपमान है।÷ उन्होंने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

### डिंपल यादव की प्रतिक्रिया

इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया में डिंपल यादव ने कहा, जो हो रहा है, अच्छा हो रहा है। यह अच्छी बात है कि एफआईआर दर्ज की गई है।

### मौलाना की सफाई

विवाद के बीच मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि उनकी टिप्पणी इस्लामिक मान्यताओं के अनुरूप थी और उन्होंने किसी का अपमान नहीं किया। लेकिन उनकी यह सफाई राजनीतिक हलकों में संतोषजनक नहीं मानी गई और मामला और गरमाता जा रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 37 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में श्विंग स्टेटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैम्पस चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें ट्रेड टर्नर, मशीनिष्ट एवं मैकेनिक डीज़ल इंजन के 37 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा प्रशिक्षण उपरांत 18,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर नियुक्ति प्रस्ताव प्रदान किया गया।इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, कंपनी के प्रतिनिधि एवं ट्रेनिंग मैनेजर वेंकटरमन वी तथा समाजसेवी चंचल गुप्ता उपस्थित रहे।ट्रेनिंग काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खाँ ने चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया।

### दो अगस्त को बनारस आयेंगे मोदी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करने आने वाले हैं। सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में उनकी विशाल जनसभा होगी। भाजपा के पदाधिकारी और सरकारी अमला तैयारी में लग गया है। जनसभा सेवापुरी के कालिका धाम परिसर में होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। अपने संसदीय क्षेत्र को हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी को 2200 करोड़ रुपये की परियोजनाये देने वाले हैं, ऐसा सूत्र बताते हैं। इसमें दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल हैं। पीएम मोदी की ओर से दिए जाने वाले सौगातों में अधिकांश नगर निगम के बड़े प्रोजेक्ट हैं जो बनारस के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। सबसे खास नगर निगम का मिनी सदन है,जो लंबे वक्त से इधर-उधर संचालित हो रहा है।नगर निगम की नई बिल्डिंग मंदिर नुमा आकृति में तैयार कराई जाएगी जो भगवान भोलेनाथ को समर्पित होगी। 70000 स्कायर फीट में बनने वाली बिल्डिंग में नगर निगम के सारे दफ्तर मौजूद रहेंगे, काशी के निवासियों को अपने काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वाराणसी का मिनी सदन बनने के बाद 300 पार्षदों की स्ट्रेंथ के साथ यह प्रदेश का सबसे बड़ा मिनी सदन कहलाएगा। सेवापुरी ब्लॉक मुख्यालय के पीछे बनौली गांव में होने वाली जनसभा के लिए आधा दर्जन जेसीबी और पोकलैंड के माध्यम से रातोंदिन समतलीकरण का कार्य शुरू हो गया है। 36 एकड़ में फैले इस भूभाग पर सभा के लिए पंडाल लगाया जाएगा। कुछ दूरी पर हेलीपैड बनाया जाएगा। दो दिनों से अधिकारी और कर्मचारी कैंप कर रात दिन काम करा रहे हैं।

### योगी ने तोड़ा गोविंद बल्लभ पंत का रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है।वे राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने वाले पहले नेता बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।योगी आदित्यनाथ अब तक 8 साल और 132 दिन का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं जबकि गोविंद बल्लभ पंत का कुल कार्यकाल स्वतंत्रता से पूर्व सहित 8 साल और 127 दिन का रहा था।प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव अब 2027 में होगा।योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत मिलने पर वे लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने।वे पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने पूर्ण कार्यकाल के बाद दोबारा पद संभाला है।योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के 22वें मुख्यमंत्री हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के साथ गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मठ के महंत यानि मुख्य पुजारी भी हैं।उन्होंने 1998 में मात्र 26 वर्ष की उम्र में गोरखपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा था और देश के सबसे युवा सांसदों में शामिल हो गए। वह लगातार पांच बार गोरखपुर से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान वे भाजपा के सबसे प्रमुख और प्रभावशाली चेहरों में शामिल रहे। इसी चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला और 19 मार्च 2017 को योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

## सरकारी भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर: 3 बीघे से अधिक जमीन अतिक्रमण मुक्त, अवैध कब्जेदारो में हड़कंप



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मलिहाबाद तहसील प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कसमण्डी कलां गांव में तीन बीघे से अधिक सरकारी कृषि योग्य भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है।इस कार्रवाई से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एक कड़ा संदेश गया है और क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई बीते दिनों कसमण्डी कलां निवासी एहसान मास्टर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद की गई।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। धान और तोरई की फसल जुतवाकर हटाया गया अतिक्रमण लेखपाल रितेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण के क्रम में गाटा संख्या 642/0.1160 (बंजर), 646/0.0760 (बंजर), और 647/0.6190 (तालाब) पर अवैध रूप से कब्जा कर उगाई गई धान और तोरई की फसल को जेसीबी से जुतवाकर इन जमीनों से अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर लेखपाल रितेश यादव और प्रधान प्रतिनिधि संजय साहू मौजूद रहे. प्रशासन की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।यह घटना सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है।

## फूड प्रोसेसिंग इकाइयों में सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश मे संचालित टेक होम राशन प्लान्टो को सौर ऊर्जा से जोड़ने की कार्यवाही तत्परता के साथ करायी जाय।प्रसंस्करण इकाइयों को बिजली आपूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 75 केवीए तक लागत का 50 प्रतिशत, महिला उद्यमी हेतु लागत का 90 प्रतिशत सौर ऊर्जा परियोजना पर सब्सिडी देने का प्राविधान उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति मे किया गया, फूड प्रोसेसिंग के उद्यमी और खासकर महिला उद्यमी इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। टेक होम राशन प्लान्टो को सोलर एनर्जी से ऊर्जीकृत किये जाने पर जहाँ निर्बाध विद्युत आपूर्ति तो सुनिश्चित हो रही है, स्वयं सहायता समूहो द्वारा संचालित टी एच आर प्लान्टो का विद्युत बिल नाम मात्र ही आ रहा है। इससे जहाँ प्लान्ट निर्बाध गति से चलने की दिशा मे अग्रसर हो रहे हैं वही स्वयं सहायता समूहो की दीदियो की आय मे इजाफा हो रहा है।

## पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- सहकारी समितियों में भी ओबीसी को मिलेगा 27 प्रतिशत आरक्षण
- पिछड़े वर्गों के आरक्षण, जातियों के सम्मिलन और विकास पर हुई चर्चा
- देववंशी जाति के मामले में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रत्यावेदन भेजने की सलाह

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोग के कार्यालय में बैठक हुई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सूर्य प्रकाश पाल, आयोग के अन्य सदस्य एवं सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहेबैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण, जातियों के सम्मिलन निष्कासन तथा उनके समग्र उत्थान एवं विकास से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस क्रम में सहकारी अधिनियम की धारा 29(5) एवं निर्वाचक नियमावली के नियम 28 के अंतर्गत संचालक पदों पर आरक्षण की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए आयोग ने निर्णय लिया कि सहकारी समितियों में संविधान के अनुरूप अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कराया जाए।देववंशी जाति को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित किए जाने के प्रकरण पर भी बैठक में चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि चूंकि यह मामला केन्द्रीय सूची से सम्बंधित है, अतः इस विषय में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रत्यावेदन भेजने की सलाह दी जाए। मेरठ के ग्राम पंचाली निवासी मनोज कश्यप एवं उनके परिजनों पर हुए हमले का मामला आयोग के सदस्य रमेश गौड़ कश्यप द्वारा बैठक में उठाया गया। मेरठ पुलिस प्रशासन द्वारा इस गंभीर प्रकरण पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई। अध्यक्ष राजेश वर्मा ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए 01 अगस्त को उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति को घटनास्थल भेजने का निर्णय लिया। अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र की वैधता को लेकर उत्पन्न विभिन्न शंकाओं पर भी बैठक में विचार हुआ। इस विषय में आयोग ने निर्णय लिया कि प्रमुख सचिव कार्मिक के साथ विशेष बैठक आयोजित कर इस मुद्दे पर सम्यक विचार किया जाएगा।

# साइबर क्राइम ने पारंपरिक अपराधों को पछाड़ा : डीजीपी राजीव कृष्ण

- फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट की तारीफ, टेक्नोलॉजी को बताया आज की जरूरत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा है कि बीते पांच वर्षों में देश और प्रदेश की अपराध की परिभाषा ही बदल गई है। कोरोना महामारी के बाद जहां लोगों की जीवनशैली और उपभोग की आदतों में क्रांतिकारी बदलाव आया है, वहीं अपराध का चेहरा भी तेजी से बदला है। आज साइबर अपराधों ने पारंपरिक अपराधों (कन्वेंशनल क्राइम) को पीछे छोड़ दिया है। डीजीपी सोमवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ÷यह गर्व की बात है कि इतने कम समय में एक आधुनिक और पूर्णतः ऑपरेशनल फॉरेंसिक साइंस संस्थान खड़ा किया गया है। यह न सिर्फ उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था बल्कि पूरे देश के लिए उदाहरण बन सकता है। राजीव कृष्ण ने आगे कहा कि कोविड-19 के बाद समाज का डिजिटल ट्रांजिशन बहुत तेजी से हुआ है। ÷ई-कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट्स और वर्चुअल इंटरैक्शन जैसे ट्रेंड्स ने टेक्नोलॉजी को हर व्यक्ति की जरूरत बना दिया है। लेकिन जहां टेक्नोलॉजी ने सहूलियत दी, वहीं साइबर अपराधियों को भी नए मौके मिले उन्होंने कहा। उन्होंने चिंता जताई कि अब अपराधियों को बंदूक की नहीं, मोबाइल और लैपटॉप की जरूरत है। साइबर क्राइम अब बैंकिंग फ्रॉड, डेटा चोरी, ऑनलाइन ठगी, और डिजिटल ब्लैकमेलिंग तक सीमित नहीं है यह देश की सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

### फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट को बताया 'क्राइम कंट्रोल का गेमचेंजर'

डीजीपी ने कहा कि अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस तकनीकों से अब अपराधियों को पकड़ना और न्याय दिलाना पहले से कहीं अधिक संभव और तेज हो गया है। इस संस्थान से प्रशिक्षित विशेषज्ञों की फौज आने वाले समय में साइबर अपराधों से निपटने की रीढ़ साबित होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, व न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी शामिल रहे।

# नैमिषारण्य में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के लिए 90 करोड़ की 28 नई परियोजनाएं स्वीकृत

- नैमिषारण्य के आसपास के धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास से बढ़ेगी श्रद्धालुओं की संख्या : जयवीर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



वित्तीय वर्ष 2025-26हेतु नैमिषारण्य विकास परिषद द्वारा नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन विकास की अवस्थापना सुविधाओं के लिए 90 करोड़ की लागत की 28 नई परियोजनाओ की सैद्धान्तिक सहमति दे दी गई है। नवीन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने पर नैमिषारण्य क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए अवस्थापना सुविधाएं सृजित की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सीतापुर के मिश्रिख विधानसभा के अंतर्गत राजघाट, लखनऊ-सीता मार्ग पर वैदिक थीम के अनुरूप तोरण द्वारों की स्थापना, कल्ली रोड बाईपास से ललितादेवी मंदिर-चक्रतीर्थ होते हुए राजघाट तक कॉरिडोर का निर्माण, ललितादेवी मंदिर से कालीवाड़ी चौराहे होते हुए राजघाट तक कॉरिडोर का निर्माण, नैमिषारण्य में पर्यटन सुविधा केन्द्र का निर्माण, मिश्रिख के चौराहों का विकास, नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद कार्यालय भवन के निर्माण के लिए इन परियोजनाओं की सैद्धान्तिक सहमति दे दी गई है। ललितादेवी मंदिर से चक्रतीर्थ तक नाले का सुदृढीकरण एवं पर्यटन विकास, नैमिषारण्य में धर्मशाला का पिलग्रिम इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में परिवर्तन, बड़ी छावनी आश्रम परिसर के पर्यटक निवास एवं पर्यटक सुविधाओं का विकास, पर्यटको की सुविधा के लिए सभी मुख्य मार्गों, संपर्क मार्गों पर हेरिटेज सोलर लाइट का कार्य, सीतापुर में विभिन्न भाषाओं में सकेंतक की स्थापना, नैमिषारण्य धाम में वेदारण्यम की स्थापना, ग्राम पंचायत-जिहुरा नई बस्ती में गोलाबाबा मंदिर का पर्यटन विकास तथा गोदलामऊ की ग्राम पंचायत-उदईपुर पश्चिमी में वृम्हदेव धाम का पर्यटक विकास किया जाएगा। मिश्रिख के ग्रामी पिपरी एवं ग्राम-लोकनापुर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं के आसपास अवस्थापना सुविधाओं का विकास, मछरेहटा की ग्राम पंचायत-गन्धेरिया में पौराणिक शंकर जी के भव्य शिवालय का पर्यटन विकास गोमती नदी के किनारे नीलकण्ठ महादेव मंदिर का पर्यटन विकास नगर पालिका परिषद बिसवा में मां शीतलादेवी मंदिर का पर्यटन विकास, पिसांवा में मूल्लाभीरी शिवजी में श्रद्धालुओं हेतु पर्यटक सुविधाओं का निर्माण, महर्षि वाल्मिकी आश्रम कनवाखेड़ा का पर्यटन विकास तथा शंकरन ब्लॉक के देवतापुर में जंगली नाथ बाबा मंदिर का पर्यटन विकास कराया जाएगा। मानेश्वर महादेव धाम रसूल पनाह सिधौली के मंदिर का पर्यटन विकास महमूदाबाद के ग्राम पंचायत-अहिबनपुर में भ्रमदेव देवस्थान का पर्यटन विकास, सबरी माता मंदिर हरगांव तीर्थ का पर्यटन विकास, रामजानकी मंदिर एवं तीर्थ स्थल का पर्यटन विकास तथा देव-देवश्वर घाट में पर्यटन सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। इस प्रकार सीतापुर में मिश्रिख एवं अन्य स्थानों का पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का 90 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जाएगा।

# डीएम संजय चौहान और पुत्री ऋषिका चौहान ने शूटिंग चैंपियनशिप में रचा इतिहास

## प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के लिए गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब जिलाधिकारी संजय चौहान और उनकी पुत्री ऋषिका चौहान ने दिल्ली में आयोजित 28वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28जुलाई तक डॉ. कर्णी सिंह अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज दिल्ली में किया गया था।




जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्रतियोगिता में मास्टर्स और सिविल सर्वेंट श्रेणी में भाग लिया।और ट्रैप शूटिंग इवेंट में उत्कृष्ट निशानेबाजी करते हुए एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर स्टेट ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उनका यह प्रदर्शन खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अनुशासन का प्रतीक है। इसी प्रतियोगिता में उनकी पुत्री ऋषिका चौहान जो कि वर्तमान में कानपुर विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं ने भी ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में भाग लेकर रजत पदक हासिल किया। उनका यह प्रदर्शन युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। और यह दर्शाता है कि यदि लगन और अभ्यास हो,तो सफलता सुनिश्चित है। यह विशेष उल्लेखनीय है कि पिता-पुत्री की यह जोड़ी लगातार तीसरे वर्ष शूटिंग स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। इससे पूर्व भी दोनों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

अब यह दोनों खिलाड़ी आगामी माह आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। इनके प्रदर्शन से न सिर्फ अमेठी जिले,बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के खेल जगत को नई ऊर्जा मिली है। इस उपलब्धि पर जिले के पत्रकार, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षाविदों और खेल प्रेमियों ने संजय चौहान और ऋषिका चौहान को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विधवा की पिटाई को लेकर तीन के खिलाफ केस

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर आरोपियो ने विधवा की पिटाई कर दी। तहरीर पर रविवार को कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड का केस दर्ज किया है। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड दस नंबर निवासी स्व0 राजकुमार सरोज की पत्नी कमला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पचीस जुलाई को शाम वह कूडा फेंक रही थी। इसी समय पीड़िता के जेठ के पुत्र राजेश सरोज व बृजेश पुत्रगण सीताराम गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने विधवा की पिटाई शुरू कर दी। तहरीर में कहा गया है कि मारपीट के समय आरोपियों के साथ मनोज पुत्र स्व0 महावीर ने भी आरोपियो को ललकारा। पीडिता जान बचाने को घर में घुस गयी। आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर भी मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये।

# 23 लेखपालों की तैनाती में बदलाव, कई को मिला दो-दो गांवों का प्रभार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील स्तर पर प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया के तहत सोमवार को 23 लेखपालों के कार्य क्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया गया है।वर्षों से एक ही जगह पर तैनात लेखपालों को अब नए गांवों का प्रभार सौंपा गया है,जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही आने की उम्मीद जताई जा रही है। तहसील प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार कई लेखपालों को एक से अधिक गांवों की जिम्मेदारी भी दी गई है।संतोष सरोज जो अब तक जलामा गांव में कार्यरत थे,उन्हें पचेहरी का लेखपाल नियुक्त किया गया है।साथ ही जेठौना का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।वीरेंद्र सरोज को पूरब गांव से हटाकर पनियार भेजा गया है।और शाहगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।कुलदीप यादव पूर्व में आनापुर में कार्यरत थे,उन्हें कटरा लालगंज व सराय हृदय शाह गांव का प्रभार सौंपा गया है।गोविंद तिवारी को सेवई हेमगढ़ से हटाकर किटियावा और कौहार का लेखपाल नियुक्त किया गया है।अमृतलाल को पूरे चितई से स्थानांतरित कर पंडरी और संभावा गांवों की जिम्मेदारी दी गई है।सद्दाम हुसैन जो पहले गुंवावा में तैनात थे,अब मऊ गांव में कार्यभार संभालेंगे।उन्हें भूलेख प्रकोष्ठ से भी जोड़ा गया है।इस बदलाव को लेकर प्रशासन का कहना है,कि इससे लंबे समय से जमे लेखपालों के कार्य क्षेत्र में विविधता आएगी।और स्थानीय शिकायतों के निवारण में भी तेजी आएगी। सूत्रों के अनुसार अन्य लेखपालों की भी समीक्षा कर जल्द नई तैनातियाँ की जाएंगी।

# जिला-मण्डल-प्रदेश स्तरीय खेल कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारी कर सकतें हैं प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन की ओर शासन द्वारा अधिक ध्यान दिया जा रहा है।सिविल सर्विसेज जिला स्तरीय चयन,ट्रायल्स का आयोजन डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आठ अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेनिस, वॉलीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैंडमिन्टन टेबल टेनिस, कबड्डी शतरंज भारोत्तोलन एंड बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावर लिफ्टिंग क्रिकेट, हॉकी जिला स्तरीय ट्रायल्स आठ अगस्त को समस्त खेलों का चयन, ट्रायल्स प्रातः 10:00 बजे डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित होंगे।मण्डल स्तरीय ट्रायल्स दिनांक 12 व 13 अगस्त को सभी चयन, ट्रायल्स डॉ भीमराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय कीड़ा शंकुल डाभासेमर, अयोध्या स्टेडियम में होंगे तथा प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स की 20 व 21 अगस्त को टेनिस अयोध्या में, वोलीबाल आगरा में, तैराकी सिद्धार्थनगर में, बास्केटयाल गोरखपुर में, बैंडमिन्टन म्यौहाल प्रयागराज में, टेबुल टेनिस रायबरेली में, कबड्डी प्रतापगढ़ में, शतरंज लखनऊ में, भारोत्तोलन एंड बेस्टफिजिक आगरा में, एथलेटिक्स वाराणसी में, फुटबाल सीतापुर में, कैरम कानपुर में, ब्रिज लखनऊ में, कुश्ती बलिया में, पावर लिफ्टिंग गाजियाबाद में, क्रिकेट आजमगढ़ में, हॉकी रामपुर में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिविल सर्विसेज चयन, ट्रायल्स में पूर्ण रूप से सरकारी अधिकारी, कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने विभाग से ट्रायल्स में भाग लेने सम्बन्धी अनुमति प्रपत्र ट्रायल्स के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना अनुमति प्रपत्र के ट्रायल्स में भाग लेना सम्भय नहीं होगा। जिला, मण्डल, प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स में भाग लेने वाले को डियूटी पर माना जायेगा तथा इनके यात्रा-भत्ता आदि जैसे भी स्थिति हो का भुगतान उनके स्वयं के विभाग द्वारा किया जायेगा। जनपद स्तर पर सफल खिलाड़ियों को मण्डलीय ट्रायल्स में भाग लेना होगा।जनपद स्तर पर सफल खिलाड़ियों को मण्डलीय ट्रायल्स में भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गाइड लाईन के अनुसार सिविल सर्विसेज में आटोनोमस बाड़ी जैसे परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत, पुलिस विभाग के कर्मचारी अध्यापक भाग नहीं ले सकते हैं।

प्रतिभाग करने वाले खिलाडी को नाम,आईडी नम्बर सहित,जन्म तिथि विभाग का नाम जहाँ सेवारत है,सेवा में आने की तिथि एवं वर्तमान तैनाती की तिथि, सेवा का प्रकार तथा विभाग की जानकारी देना अनिवार्य है।

### मायके आई थी त्योहार मनाने, चल पड़ी प्रेमी संग नई दुनिया बसाने

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

एक ओर जहां सामाजिक रिश्तों की डोर में बंधी एक युवती ने सात फेरे लेकर एक नई जिंदगी शुरू की,वहीं दूसरी ओर उसका दिल अब भी उसी पुराने प्रेमी की धड़कनों से जुड़ा रहा। शादी के बाद भी प्रेम का सिलसिला थमा नहीं,और नतीजा ये हुआ कि एक दिन वह सब कुछ छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चल दी।पीपरपुर थाना क्षेत्र के खाझा गांव की इस घटना ने रिश्तों,समाज और वफ़ा के मायनों को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है।युवती नागपंचमी का पर्व मनाने अपने पति के साथ मायके आई थी,लेकिन वहां दिल ने फिर से पुरानी मोहब्बत को आवाज़ दी।मां का कहना है कि बेटी रिश्तेदारी में ही रहने वाले युवक के साथ फरार हो गई।जो सुल्तानपुर जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के लालक पुरवा गांव का रहने वाला है।शादी को दो महीने भी नहीं हुए थे, पर शायद सात फेरे दिल के फासले मिटा नहीं पाए। ससुराल पक्ष का आरोप है कि विवाहिता घर से जेवर भी लेकर गई है।

# पहले झूलों पर बहन-बेटियां गाती थी सावन के गीत

## सावन में अब नहीं दिखते पेड़ों पर झूलों में पेंग मारते बच्चे विलुप्त होती जा रही है झूला झूलने की परंपरा

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**

आधुनिकता की बदलती दुनिया में पुरानी परंपराएं विलुप्त होती जा रही हैं। यहीं हाल रहा तो आने वाले समय में सावन में झूले डालने व उन्हें झूलने की परंपरा भी समाप्त हो जाएगी। एक समय था जब झूला झूलना सिर्फ रिवाज नहीं माना जाता था बल्कि इसे भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा भी कहा गया।लेकिन अब सावन में पेड़ों पर झूले पड़े नहीं दिखते।बहन-बेटियां व युवा अब झूलों पर पेंग मारते नहीं दिखते हैं। हालांकि, घर के बुजुर्गों को अभी भी वह पुराने दिन याद आते हैं।सावन का महीना चल रहा है। जिसमें पहले के दौर में पेड़ों पर झूले दिखाई देने लगते थे। गांव-मोहल्लों से सावन के गीत कानों में खूब गूंजते थे। विवाहित महिलाएं व बेटियां सावन के महीने में हाथों में मेंहदी लगा मायके आ जाती थीं।बागों व मोहल्लों में एक पेड़ ऐसा चुना जाता था जहां दिन में गांव की बहुयें, बेटियां व बच्चे झूला झूलने जा सकें। शाम होते ही वहां मोहल्ले की बहन-बेटियां व महिलाएं सावन के गीत गाते हुए झूला झूलती थीं। लेकिन, धीरे-धीरे समय परिवर्तन के साथ यह झूले अब गायब हो चुके हैं। दशकों पहले सावन की बारिश में भीगते हुए बागों में आम के पेड़ों में झूला झूलना, बारिश के पानी में कागज की नाव बना कर चलाना जैसी खुशियां अब नहीं दिखाई देती हैं।आज के बच्चों को झूलों में पेंग मारने का आनंद सिर्फ बुजुर्गों से सुनने को ही मिलता है।



### झूले पर होते थे सावन के गीत

सावन के झूलों ने मुझको बुलाया, सावन के झूले पड़े तुम चले आओ, सावन का महीना पवन करे शोर जैसे गीत आज भी सावन में झूला झूलने की परंपरा याद दिलाते हैं।इस समय सावन माह तो चल रहा है लेकिन, अब पेड़ों पर झूले नहीं दिख रहे हैं।

# शैक्षिक गुणवत्ता व ज्ञानार्जन के क्षेत्र में प्रो0 गिरिजाशंकर के सिद्धांत अमूल्य: तहसीलदार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





स्थानीय तहसील सभागार मे सोमवार को शिक्षाविद् एवं नगर स्थित बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ल की बीसवीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत तहसीलदार गरिमा वर्मा व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के द्वारा प्रो. शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए तहसीलदार गरिमा वर्मा ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता व ज्ञानार्जन के क्षेत्र में प्रो0 गिरिजाशंकर के सिद्धांत अमूल्य रहा है। उन्होने कहा कि प्रो. शुक्ल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक मेधावियों को हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में अभिरूचि पैदा करने में सफलता दिलायी। उन्होनें प्रो. शुक्ल के सादगी भरे व्यक्तित्व तथा हिन्दी एवं शिक्षा के क्षेत्र में विषय पारंगता को भी शिक्षक कर्तव्य की प्रेरणा कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि प्रो. शुक्ल के व्यक्तित्व मे समाजवाद तथा स्पष्ट अभिव्यक्ति की मिली प्रेरणा हमारा सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। प्रारम्भ मे प्रो. शुक्ल के व्यक्तित्व का विषय प्रवर्तन उनके कनिष्ठ पुत्र एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। प्रो. शुक्ल के ज्येष्ठ पुत्र एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. ओपी शुक्ला ने वर्चुअल संबोधन के जरिए स्वागत भाषण किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र व संयोजन संघ के पूर्व अध्यक्ष बेनीलाल शुक्ल एवं पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय, टीपी यादव, कमलेश तिवारी, बृजेन्द्र तिवारी मण्टू ने भी प्रो. गिरिजाशंकर के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता अनूप पाण्डेय ने काव्यपाठ कर समारोह को ऊंचाईयां प्रदान की। रूरल बार के तहसील अध्यक्ष सुमित त्रिपाठी व विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने सह संयोजन किया। इस मौके पर स्वामी करपात्री सेवा संस्थान के सचिव राकेश त्रिपाठी, रवीन्द्र नाथ तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, नामवर सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र त्रिपाठी, रामकिंकर शुक्ल, विभाकर शुक्ला, सुधाकर मिश्र, प्रभाकर पाल, शैलेन्द्र शुक्ल, मनीष क्रांतिकारी, अमरनाथ यादव, विनय शुक्ल, घनश्याम सरोज, राकेश सिंह, पारसनाथ सरोज, प्रभात श्रीवास्तव, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

# सावन के तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में आस्था व श्रद्धा का सैलाब

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

श्रावण माह के तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में बारिश पर आस्था की उमंग भारी पड़ी दिखी। सुबह से हो रही बारिश के बीच भी भक्तों का भगवान शिव के प्रति समर्पण बोध उमंग व उत्साह मे अडिग दिखा।



वहीं कांवड़िया श्रद्धालु भी जत्थो के साथ रिमझिम फुहारों मे बाबा का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। तीसरे सोमवार को सई के मध्य विराजे भगवान शिव की प्रतिमा पर देवराज इंद्र भी जलाभिषेक कर इतरा उठे। शिवभक्तों ने तीसरे सोमवार को व्रत रखा। मंदिर परिसर से लेकर जगह जगह श्रीरूद्राभिषेक में भगवान शिव का मंत्र गूंजता दिखा। वहीं संग्रामगढ़ से लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम तक तिराहे चौराहे तीसरे सोमवार को कांवड़िया श्रद्धालुओं के साथ शिव भक्तों को भण्डारों में प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। भक्तों ने भगवान घुइसरनाथ जी को अक्षत व फूल समर्पित कर शिवलिंग पर पुष्पाभिषेक भी किया। मंदिर परिसर में दीप जलाकर भगवान शिव की भव्य आरती भी श्रद्धालु करते दिखे। बाबा धाम में महिलाओं की भी तीसरे सोमवार को दर्शन पूजन में लम्बी कतार दिखी। महिलाओं ने भी विधिविधान से बाबा का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। शिव पार्वती की आराधना का मनमोहक दृश्य महिला श्रद्धालुओं के समूह में भजन के मधुर सुर में भी गूंजता रहा। रिमझिम बारिश के बावजूद बाबा धाम में आस्था की मनोरम छटा बिखरी दिखी। श्रद्धालुओं को सई के पैदल सेतु से मछलियों को लईया भी खिलाने में भक्तिमय देखा गया। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से महंत मयंकभाल गिरि भी सेवा समिति के सदस्यों के साथ जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की मदद में दिखे।

# डीएम व एसपी ने बाबा धाम में किया दर्शन पूजन, प्रबन्धों का लिया जायजा





**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

सावन के तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में जिले के डीएम व एसपी ने प्रबन्धों का औचक जायजा लिया। डीएम शिवसहाय अवस्थी व एसपी डा0 अनिल कुमार दोपहर बाद बाबा धाम पहुंचे। डीएम तथा एसपी ने बाबा का जलाभिषेक कर विधिविधान से दर्शन पूजन किया। डीएम ने धाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा भी लिया। उन्होने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को धाम क्षेत्र में लगातार साफ सफाई व अन्य प्रबन्धो को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने को कहा। वही एसपी डा0 अनिल कुमार ने कांवड़िया श्रद्धालुओं समेत यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के बिंदुओ की पडताल की। एसपी ने सीओ आशुतोष मिश्र तथा एसओ सांगीपुर मनीष तिवारी को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्कता के कडे निर्देश दिये। उन्होने श्रद्धालुओ की भीड को देखते हुए धाम के मुख्य परिसर क्षेत्र में वाहनों के जमावडा न होने देने के बाबत भी सांगीपुर पुलिस को आगाह किया। इसके बाद जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने सई नदी के पैदल सेतु से मछलियों को दाना भी चुगाया। डीएम व एसपी के औचक निरीक्षण से मेला क्षेत्र के प्रशासनिक कैम्प में हडकंप का माहौल दिखा।

### महिला की पिटाई, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** महिला की पिटाई को लेकर लालगंज पुलिस ने रविवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लाला का पुरवा जेवई निवासी शंभूदयाल की पत्नी बबिता सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस जुलाई को वह दरवाजे पर बैठी थी। शाम सात बजे गांव के ही नान्हू के पुत्र मुनेश्वर के द्वारा दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज की गयी। मना करने पर आरोपी ने पीड़िता को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के लोहंगपुर नया पुरवा निवासी रामचरन के पुत्र बद्री सरोज 65 सोमवार को दोपहर बारह बजे पंखे में तार लगा रहा था। अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। करंट से बद्री की मौके पर ही मौत हो गयी। मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया।

# नागरिकता तय करने का अधिकार आयोग को कतई नहीं: प्रमोद तिवारी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस के साथ विपक्ष पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सीजफायर के दावे पर प्रधानमंत्री से संसद में जबावदेही सुनिश्चित करायेगी। वही उन्होने कहा कि बिहार में एसआईआर को लेकर असहमति के साथ संसद में भ्रष्टाचार के मामले में महाभियोग को लेकर भी विपक्ष पूरी एकजुटता के साथ सरकार को अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं निकलने को मजबूर करेगी। बिहार में विशेष सघन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ इण्डिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विपक्षी गठबंधन के कदम को प्रभावी एवं सशक्त करार दिया है। उन्होने कहा कि नागरिकता तय करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को कतई नही है। उन्होने कहा कि नागरिकता तय करना पूरी तरीके से गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर गरीबों तथा मजदूरों व दलितों एवं पिछड़ो के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाये जा रहे हैं। उन्होनें कहा कि जाति व धर्म देखकर वोट के अधिकार से लोगों को वंचित करना लोकतंत्र का गला घोंटना है। वही राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद के सत्र में विपक्ष बार बार पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की मांग कर रहा था। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले सप्ताह ही विपक्ष की यह मांग स्वीकार कर ली होती तो अब तक के संसद के गतिरोध की नौबत नही आती। उन्होने कहा कि आपरेशन सिंदूर की चर्चा का मकसद पूरी तरह साफ है। उन्होने कहा कि देश को यह सच्चाई जानने का अधिकार है कि पहलगाम हमले में खुफिया एजेन्सी की चूक कैसे और क्यूं हुई। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहलगाम में छब्बीस बहनों की मांग का सिंदूर धर्म पूछकर उजाड़ा गया। उन्होने कहा कि चर्चा का अहम बिन्दु यह है कि आखिर यह दुर्दान्त आतंकवादी कहां से और कैसे आये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री देश को यह बताएं कि इस हमले के खूंखार आतंकवादी अभी तक जिन्दा क्यूं बचे हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की बहादुर सेना आपरेशन सिन्दूर के जरिए दुश्मन के दांत खटटे कर रही थी। ऐसे में उन्होने कहा कि महज चार दिन में अमेरिकी राष्ट्रपति टंऊप के लगातार बार बार दावे के बीच सैन्य सीजफायर की भी असलियत संसद में चर्चा के जरिए देश के सामने आनी चाहिए। उन्होने कहा कि विपक्ष के उपनेता के रूप में वह राज्यसभा में आतंकवादी हमले को लेकर सरकार की विफलता को प्रमुखता से उठाए जाने की पहल करेंगे। इधर सोमवार को संसद भवन परिसर में हुए विपक्षी दलों के सांसदों के विरोध प्रदर्शन प्रमुख विपक्षी नेताओं के साथ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की मौजूदगी को लेकर समर्थकों व कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल भी देखा गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।



**नवीन शिक्षण विधियों, नवाचारों से अवगत...**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में सोमवार को दो बैच के 210 शिक्षकों का एकीकृत शिक्षक-प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण डायट... खबर पेज 10 पर...

# लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव: पहले दिन 41 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए पहले दिन विभिन्न पदों पर 41 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। एल्डर्स कमेटी चेयरमैन व मुख्य चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक पं. रामकुमार शुक्ल हॉल में शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन हुआ। मंगलवार को भी नामांकन जारी रहेगा। नामांकन के पहले दिन वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया।

लॉयर्स एसोसिएशन की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए पहले दिन नामांकन पत्र दाखिल किए गए। कचहरी में प्रत्याशियों ने जुलूस निकाले, भोज-भंडारों का आयोजन हुआ। कचहरी की दीवारें पोस्टरों से पटी पड़ी हैं। आसपास के क्षेत्रों में भी बैनर व बड़ी-बड़ी होर्डिंग्स लगी हैं।

पुलिस सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों ने शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन कराया। अध्यक्ष पद पर राकेश सचान, अरविंद कुमार दीक्षित, सैयद सिकंदर आलम, सुरेंद्र कुमार पांडे, अनूप कुमार द्विवेदी, दिनेश चंद्र वर्मा ने, महामंत्री पद पर धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, राजीव यादव, देशबंधु तिवारी, अखिलेश कुमार गुप्ता ने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र प्रसाद ने,

कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पुष्करधर द्विवेदी, कुलदीप श्रीवास्तव, संजय वर्मा, नीरज कुमार ने, कोषाध्यक्ष पद पर महेंद्र पाल, राकेश प्रसाद साहू, अजय प्रताप सिंह गौतम ने, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर शैलेंद्र सिंह, आशीष पांडे, आयुष अग्रवाल, विकास कुमार शुक्ला, बुलंदीराम अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, दीपा जायसवाल ने, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर प्रेमशंकर मिश्रा, तरुण कुमार कुशवाहा ने, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर भानु प्रताप सिंह चौहान, अभिषेक चौरसिया ने नामांकन कराया।

इसके अलावा कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह पदों के लिए धीरेंद्र कुमार, मो.शाहबाज खान, बब्लू पाल, ज्योति शर्मा, सचिन तिवारी, रश्मी गुप्ता, शिवम पांडे, शुजा अब्बास, दीपक यादव, अमित कुमार तिवारी, राहुल कुमार व मधु गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान एल्डर्स कमेटी चेयरमैन रवि मोहन कटियार, मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव, रामप्रताप सिंह चौहान, अरुण कुमार तिवारी, देवनाथ शुक्ल, प्रबल प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## ऑर्डिनेंस कर्मी ने फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

दोस्त की जन्मदिन पार्टी से रविवार रात रावतपुर गांव स्थित घर लौटे ऑर्डिनेंस कर्मी अनूप कुमार (32) ने फंदा लगाकर जान दे दी। छह माह पहले बड़े भाई अनिल ने भी आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सेवानिवृत्त ऑर्डिनेंस कर्मी चंद्रपाल का बेटा अनूप कुमार आर्डिनेंस फैक्टरी में संविदा पर दो साल से कार्यरत था। बड़े भाई सुशील ने बताया कि रविवार रात अनूप दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गया था। पिता ने रात 9:30 बजे फोन किया तो उसने पार्टी से खाना खाकर आने की बात कही। अनूप 10:30 बजे घर आने के बाद सीधा कमरे में सोने चला गया। रात करीब तीन बजे पिता लघुशंका के लिए उठे तो अनूप के कमरे में पंखा चलने की आवाज नहीं सुनाई दी। इस पर उन्होंने कमरे का दरवाजा खटखटाकर कई बार आवाज दी लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ दरवाजा तोड़ा तो कर्मी का शव दुपट्टे के सहारे लटका मिला। सुशील ने बताया कि अनूप की इसी वर्ष 15 फरवरी को नीलम से शादी हुई थी। वह इन दिनों में मायके में थी।

# देवकली गांव के सामने मकनपुर की ओर जा रहे स्कूटर-मोटरसाइकिल आपस में भिड़े, पांच घायल






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर माकनपुर रोड पर देवकली गांव के सामने बिल्हौर की ओर से मकनपुर की तरफ जा रहे स्कूटी और मोटरसाइकिल सवार एक दूसरे को ओवरटेक करते स्कूटी पर बैठे बच्चा फिसलने लगा जिसको संभालने में स्कूटी डगमगा कर मोटरसाइकिल से टकरा गई जिससे पीछे चल रही मोटरसाइकिल सवार शैलेंद्र और अर्चना पति पत्नी दंपति दूर जा गिरे। बिल्हौर थाना क्षेत्र के पूरा गांव से अपनी ससुराल मैनपुरी मोटरसाइकिल से जा रहे थेऔर स्कूटी सवार पूजा अजय पति पत्नी और 2 वर्षीय बेटा सहित दंपति गिरकर घायल हो गए। ददिखा गांव से अपने घर सरसैया, ठठिया, जिला कन्नौज जा रहे थे। सूचना पर पहुंची बिल्हौर थाना पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया डॉ अभिषेक फार्मासिस्ट बृजेंद्र गुप्ता भानु कुमार और बड़वानी आनंद फाइनेंस में प्राथमिक उपचार के बाद में कानपुर रेफर कर दिया है। डॉक्टर अभिषेक ने बताया खतरे से बाहर है सर में चोटे हैं।



बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कानपुर रिफर करवा दिया गया है प्रार्थना पत्र आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अतिप्राचीन महाकालेश्वर मंदिर में किया गया भगवान शिव का बर्फ़ानी श्रृंगार





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। सावन के तीसरे सोमवार को बिठूर के आधा दर्जन कच्चे पक्के घाटों पर कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाई। शाम के वक्त बिठूर के पत्थर घाट पर स्थित अति प्राचीन महाकालेश्वर मंदिर में सावन के प्रत्येक सोमवार को अलग अलग तरह से भगवान शिव का श्रृंगार किया जाता है। तीसरे सोमवार की शाम को बाबा महाकालेश्वर मंदिर में बाबा अमरनाथ जी की तर्ज पर बर्फ से श्रृंगार किया गया। भारी तादाद में पहुँचे शिव भक्तों नें भगवान शिव का पूजन अर्चन करते हुए महा आरती में सम्मलित हुए।

आपको बताते चले सावन का महीना भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस महीने में पवित्र नदी में स्नान कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान कर जो भी मनोकामना मांगी जाती है वह अवश्य पूरी होती है। सावन के तीसरे सोमवार के दिन ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी बिठूर के आधा दर्जन से अधिक घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर किया। शिवालियों में जाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। खासकर बिठूर के महाकालेश्वर बाबा मंदिर में शाम के वक्त बाबा का बर्फ से भव्य श्रृंगार हुआ। महा आरती के उपरांत महाप्रसाद भी बांटा गया। सुरक्षा की दृष्टि से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सभी शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे।

## अरौल थाना क्षेत्र में तीन घरों मे जेवर नकदी-मोबाइल सहित लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थानाक्षेत्र में रविवार -सोमवार रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। काजीगंज हसौली गांव में एक घर और गांगूपुर मेंदो घरों मेंचोर घुसे। चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए। काजीगंज हसौली गांव निवासी संदीप कटियार के घर में छत के रास्ते चोर घुसे। संदीप अपनी पत्नी रुचि और बच्चों के साथ कमरे में सो रहे थे। उनकी मां राम-जानकी और भाई रंजीत छत पर सो रहे । चोरों ने उनके कमरे के दरवाजे का बेलन बाहर से बंद कर दिया। संदीप की भाभी कामिनी, जिनके पति रणधीर की दुर्घटना में मौत हो गई थी अपने मायके में रह रहीहैं। चोरों ने उनके कमरे में रखी अलमारी को बाहर घसीट लाया। अलमारी को आंगन में पलट दिया और सामान बिखेर दिया। चोर अलमारी से चांदी के पायल, सोने की चैन, तीन अंगूठी और बाइक चुरा ले गए। गांगूपुर गांव में सुनीता पाल के घर में भी चोर छत के रास्ते घुसे।



उन्होंने अलमारी में रखे बैंग से एक सोनेका लॉकेट और दो हजार रुपए चुरा लिए। इसके बाद पड़ोसी अक्षय कटियार के घर पहंचे। छत पर सो रहे अक्षय का मोबाइल उठा लिया। घर चारोंतरफ से बंद होने के कारण चोर अंदर नहीं घुस पाए। थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर थाना क्षेत्र में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर लालपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे 45 वर्षीय किसान को टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सिहुरामऊ गांव निवासी श्याम सुंदर सविता खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी मालती, विवाहित बेटी राखी, अविवाहित बेटी अंजलि और दो बेटे शिवा व हर्षित हैं।परिजनों अनुसार, शनिवार को श्याम सुंदर अपनी बेटी की ससुराल रसूलपुर गांव गए थे। वहां खाना खाने के बाद वह बिना किसी को बताए पैदल ही अपने घर की ओर निकल गए। कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर लालपुर गांव के पास किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। श्याम सुंदर लालपुर गांव पास घायल अवस्था में अचेत पड़े मिले। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नशा मुक्ति केंद्र से युवक लापता, मां ने पुलिस से लगाई मदद की गुहार




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के कल्याणपुर निवासी ममता वर्मा ने अपने बेटे की गुमशुदगी की सूचना दी है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा नशे का आदी था, इसलिए उसे गुजैनी स्थित विध्येश्वरी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में एक महीने पहले भर्ती कराया गया था। ममता वर्मा के अनुसार, उन्हें अस्पताल से सूचना मिली कि उनका बेटा केंद्र से भाग गया है। जब वह मौके पर पहुंचीं तो बेटा नहीं मिला और अस्पताल प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरे भी चेक नहीं कराए। ममता वर्मा ने पुलिस से बेटे को खोजने में मदद की गुहार लगाई है। वही पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# बिल्हौर एसडीएम व एसीपी ने कोठीघाट पहुंचकर आश्वासन दिया और सपा नेत्री ने धरना समाप्त किया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर विधानसभा की सपा नेत्री पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम कोठी गंगा घाट को चालू कराने को लेकर अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन को बैठी और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 3 घंटे चला उसी बीच उपजिलाधिकारी संजीव कुमार दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव मौके पर पहुंच कर गंगा घाट चालू कराने के उच्च अधिकारिओं से बात करने के आश्वासन पर जिलाअधिकारी महोदय सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी महोदय को सौंपा और धरना स्थगित किया कर दिया सपा नेत्री रचना सिंह गौतम ने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द कोठी घाट को सुरक्षित रूप से चालू कराये अगर ऐसा नहीं होता हम



पुनः ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करने मजबूर होंगे साथ में ब्लाक अध्यक्ष आशीष कटियार पिछड़ा वर्ग विधानसभा अध्यक्ष शशिकांत आरपी पाठक लोकेश अवस्थी सुरेश कटियार ग्रामीण राजेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, साकेत राजपूत, शैलेन्द्र कटियार, संजय सिंह, पंडित ओम प्रकाश, अवनीश राजपूत, आकाश राजपूत विष्णु राजपूत अमित राजपूत उमेश राजपूत सूरज राजपूत प्रदीप कुशवाहा राम शंकर राजपूत, बबलू,अजीत कटियार, गोलू, आजाद, विनोद अमित कुमार ज्ञानेंद्र, उपेंद्र, विवेक कटियार आदि मौजूद रहे।

## जमीन बंटवारे को लेकर ससुराल वालों ने की लाठी-डंडों से पिटाई, भाई गंभीर



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर थाना क्षेत्र के देवहा सराय गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक पहुँच गई। रविवार शाम विपिन के ससुराल वाले उसके घर आ धमके और ज़मीन का बंटवारा करने की ज़िद करने लगे। उस वक्त घर पर विपिन के भाई नरेंद्र और देवेंद्र मौजूद थे। बातचीत में ससुर रामप्रकाश, सास सीमा और साले अंकित व संदीप भी शामिल थे। विपिन के परिवार वालों ने कहा कि छोटे भाई की शादी के बाद ही बंटवारा होगा। इस बात पर साले अंकित और संदीप, जो शराब के नशे में थे गाली-गलौज करने लगे। जब विपिन कुमार के भाइयों ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। विपिन ने जब बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपित धमकी देकर मौके से भाग निकले। घटना के दौरान आसपास के लोग वीडियो तो बनाते रहे, लेकिन किसी ने मदद नहीं की।

पिटाई में गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को पहले सीएचसी और फिर हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया। पीड़ितोंने थाने पहुंचकर शिकायत की बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या ने उठाए सवाल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच होने जा रहे क्रिकेट मैच को लेकर बीसीसीआई भले सहमत हो गई हो, लेकिन पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजन इस मैच को लेकर खफा हो रहे हैं। पहलगाम हमले में आतंकवादियों की गोली का सबसे पहले शिकार हुए शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या द्विवेदी ने भारत-पाक मैच को मंजूरी देने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया है। साथ ही कहा कि अभी



सिर्फ तीन महीने ही हुए हैं और पहलगाम हमला इतनी जल्दी भूल गए। हीद शुभम द्विवेदी के आवास पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

पहलगाम हमले में मारे गए 26 लोगों की हत्या का बदला लेकर सोमवार को सेना ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। आतंकी हमले में शहीद श्याम नगर निवासी शुभम द्विवेदी के आवास पर भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान शुभम द्विवेदी अमर रहें, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे भी लगाए। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, शिवराम सिंह चौहान, शुभम की पत्नी ऐशान्या, शुभम के पिता संजय द्विवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सफाई नायकों, कर्मियों की 15 अगस्त से फेस रीडिंग सिस्टम से लगेगी हाजिरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सफाई नायकों, कर्मचारियों की हाजिरी 15 अगस्त से फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम से लगेगी। जोनल कार्यालयों में भी इसी तरह हाजिरी लगेगी। इसके लिए 116 मशीनें खरीदी गई हैं। सभी कर्मचारियों की फीडिंग के लिए 30 जुलाई से शिविर लगेंगे। ये जानकारी सोमवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने निरीक्षण कूड़ा उठान के निरीक्षण के बाद दी। नगर आयुक्त ने बताया कि जिन 50-55 वार्डों में वार्ड कार्यालय हैं वहां सफाई नायकों और कर्मचारियों की हाजिरी कार्यालय में ही लगेगी। अन्य वार्डों में डंप कार्यालय, स्कूल या सरकारी कार्यालय निर्धारित किए जाएंगे।

# माइग्रेन के दर्द और आधा चेहरा काला होने से युवती ने दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चुन्नीगंज स्थित कामर्स सेंटर में सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ रह रही बेटी ने माइग्रेन के दर्द और बचपन से आधा चेहरा काला होने से अवसाद में आकर आठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से कानपुर देहात के मूसानगर के रहने वाले शिक्षक जहीर उलहक सिद्दीकी कानपुर देहात के राजपुर स्थित बुढ़ौली इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि कर्नलगंज थाने के सामने आठवीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 801 में अपनी बेटी हुमा जहीर (44) के साथ रह रहे हैं। पत्नी सुरैया बेगम का 40 साल पहले निधन हो गयाथा। वहीं, बेटा शादाब इग्लैंड में चार्टर्ड अकाउंटेंट है। बताया कि बेटी हुमा जन्म से ही माइग्रेन के दर्द से परेशान रहती थीं। इसके साथ ही बाएं हिस्से का चेहरा जन्म से ही काला होने के कारण अवसाद में रहती थी। इसी के चलते शादी नहीं की। बताया कि दो दिन से खाना नहीं खा रही थी। इसी से परेशान होकर रविवार की रात करीब तीन बजे फ्लैट की खिड़की से आठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। गार्ड की सूचना पर पिता व बिल्डिंग के अन्य लोग नजदीकी अस्पताल पहुंचे। वहां से रेफर करने के बाद हैलट अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कर्नलगंज इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों ने बीमारी के अवसाद में आत्महत्या की बात कही है। बेटी की मौत के बाद पिता जहीर ने बेटे शादाब को इंग्लैंड फोन पर घटना की जानकारी दी। पिता के अनुसार बेटे ने तत्काल में सोमवार रात 12 बजे फ्लाइट में टिकट कराया।

# ग्राम प्रधान का झाड़ियों में मिला शव, परिवार पर मारपीट कर हत्या का आरोप






**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात**

शिवली थाना क्षेत्र के बैरी दरियाव निवासी प्रधान का शव सोमवार सुबह शिवली -कल्यानपुर मार्ग पर स्थित संभरपुर के पास मिला। मृतक के भाई ने परिवार के लोगों पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वहीं कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बैरी दरियाव निवासी प्रधान प्रेमनारायण (41) का शव झाड़ियों में मिलने के बाद परिवार के लोग वहां जा पहुंचे। भाई जयराम ने बताया कि छोटा भाई प्रेमनारायण प्रधानी के साथ खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। आरोप है कि देर रात घर पर पति-पत्नी में झगड़ा होने के बाद पत्नी व बेटों ने मिलकर भाई की हत्या कर दी। कल्यानपुर मार्ग पर स्थित संभरपुर गांव के पास झाड़ियों में फेंक आए। सुबह भतीजे रवि ने डायल 112 पर सूचना दी कि उनके पिता शनिवार को बैंक रुपये निकालने गए थे और तभी से वापस नहीं लौटे।

थानाध्यक्ष शिवली शीलेंद्र यादव ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर जांच की जा रही है। परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पूजन व अभिषेक के लिए मंदिरों में देर रात से ही जुटे श्रद्धालु



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सावन के तीसरे सोमवार को पूजन व अभिषेक के लिए मंदिरों में रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। आधी रात से आनंदेश्वर, सिद्धेश्वर, खेरेश्वर, पातालेश्वर सहित अन्य मंदिरों में जयकारे गूंजने लगे। हाथों में पूजा की थाली और लोटे में पानी लिए श्रद्धालु मंदिरों के पट खुलने का इंतजार करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन के साथ मंदिर कमेटियों के पदाधिकारी भी डटे रहे। साथ ही सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही थी।

*जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए तो उन्होंने हमें कभी मौका नहीं दिया। जब हमने गरीबों, महिलाओं, दलितों और वंचितों पर अत्याचार तथा हिंदू-मुस्लिम टकराव जैसे मुद्दों पर नोटिस देकर मुद्दे उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने हमें मौका नहीं दिया।* –मल्लिकार्जुन खरगे



# विचार एक्सप्रेस



**सिक्किम में 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास, भारतीय सेना...**

उच्च हिमालयी क्षेत्रों में संभावित युद्ध की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास किया। यह अभ्यास जुलाई माह में संपन्न हुआ, जिसमें आधुनिक प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और... पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# एको रूद्र द्वितीयो नास्ति

**शिव बोले अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती–तवस्मि दासः। मन करता है कि पूंछू शिव से–महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप प्रभाव में स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। भारतीय साहित्य शिव–पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं।**

*सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं। वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं। जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है। सोम संसारी देवता हैं। ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद। परम ध्वनि। अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट। अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम् की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम् साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं। ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। नट-राज। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। ऋग्वेद में ÷जो रूद्र है, वही शिव भी है।÷ शिव महाकाल हैं। त्रिशूल उनका हथियार। तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं। भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। सोंचने से मन नहीं भरता। मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-÷हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।÷ मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था तर्यम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती हैं खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास। सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है। सत्य शिव है। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं। आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गईं। आपका सुंदर हांथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर? शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु। शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया।*

## एक्सप्रेस आलेख

अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार चाहे तो अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क–वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

# शोध अध्ययन भी बता रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत



**उमेश चतुर्वेदी**

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है,लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती है। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम, विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिल कर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इस अध्ययन के मुताबिक, इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। विधु शेखर और मिलन कुमार अपने शोध के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। विधु शेखर और मिलन कुमार को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। इस अध्ययन के अनुसार, बिहार के गांवों में जहां मृत्यु के आंकड़े अपडेट ना होने की वजह से फर्जी नाम ज्यादा हैं, वहीं शहरी इलाकों में पलायन के बावजूद नाम काटे नहीं गए हैं। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे। राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास ही बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो सतहत्तर लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं। राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है,लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। पश्चिम बंगाल के सीमांचल के नजदीकी जिले बांग्लादेश से सटे हैं। इसकी वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। लेकिन आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है।



चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। लेकिन आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एम वाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 24:48 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरा फाल्गुनी 19:28 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शिव, 27:04 |
| सूर्योदयः | 05:40 |
| सूर्यास्तः | 19:50 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 15:50-17:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### टिप्पणी का काल !


*चल रहा है आजकल ।*
*टिप्पणी का काल ।।*
*बोलना है कुछ भी ।*
*अब हमको हर हाल ।।*
*ना भाती खामोशी ।*
*करे भावना शोर ।।*
*हैं बैठे हम पद पर ।*
*करे कोई गौर ।।*
*शब्दों और विचारों की ।*
*है आई बहार ।।*
*करें प्राप्त कहीं भी ।*
*यही समाचार ।।*
*होकर शामिल मुहिम में ।*
*करें जरा उपकार ।।*
*टिप्णी हमारी ये ।*
*क्यों जानी बेकार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या ज्यादा सोना भी हो सकता है स्वास्थ्य के लिए खतरनाक?



**भागदौड़** भरी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोग 7-8 घंटों की भरपूर नींद नहीं ले पाते हैं, जिसके कारण लोगों को शरीर में हार्मोन्स के असंतुलित होने और स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अक्सर लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए भरपूर और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेने की सलाह दी जाती है, लेकिन कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि अगर व्यक्ति ज्यादा सोए तो क्या होगा? एक्सपर्ट के अनुसार, सिर्फ कम सोना ही नहीं, ज्यादा सोना भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कम नींद लेने से लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, इम्यूनिटी के कमजोर होने, बीमारियों का खतरा बढ़ने, स्ट्रेस होने के साथ-साथ एकाग्रता की कमी होने जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, 9 से 10 घंटों से ज्यादा सोने से भी स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में ज्यादा सोने से भी बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर की समस्या:** ज्यादा सोने के कारण ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म पर नेगेटिव प्रभाव पड़ सकता है। नींद कम लेने या ज्यादा लेने के कारण लोगों को टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। ज्यादा सोने के कारण शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध बढ़ जाता है, जो ब्लड शुगर होने का मुख्य कारण है।

**ब्रेन के कार्यों से जुड़ी समस्या:** ज्यादा सोने के कारण लोगों को नींद में पैटर्न में बदलाव आने, अनिद्रा की समस्या होने या हाइपरसोमनिया (अत्यधिक नींद आना) जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, लोगों को मूड में बदलाव आने, स्ट्रेस होने, डिप्रेशन होने, सिर में दर्द होने, ब्रेन के कार्यों में बाधा आने और काम पर फोकस करने में परेशानी होने की समस्या हो सकती है।

**हार्ट से जुड़ी समस्या का खतरा:** 9 घंटे से ज्यादा सोने से हार्ट की नसों पर दबाव पड़ सकता है, जिसके कारण ज्यादा सोने से हार्ट से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है, जिसके कारण लोगों को हार्ट से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, ज्यादा सोने से कोरोनरी हार्ट डिजीज के खतरे को बढ़ाता है।

**मोटापे का खतरा:** ज्यादा सोने के कारण मोटापे की समस्या बढ़ सकती है। लंबी नींद लेने के कारण शारीरिक एक्टिविटी में कमी आती है, जिसके कारण मेटाबॉलिज्म के स्लो होने, पाचन से जुड़ी समस्या होने, हार्मोन्स के असंतुलित होने और कैलोरीज के बर्न न हो पाने के कारण शरीर में फैट के जमा होने की समस्या हो सकती है, जिससे वजन बढ़ता है।

**कमर दर्द की समस्या:** लंबी नींद लेने और ज्यादा सोने के कारण लोगों को कमर में दर्द होने की समस्या हो सकती है। बता दें, लंबे समय तक बेड पर लेटे रहने और फिजिकल एक्टिविटिज की कमी के कारण लोगों को कमर में दर्द होने और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में ऐंठन होने या दर्द होने की समस्या हो सकती है।

**निष्कर्ष:** ज्यादा सोने के कारण लोगों को ब्लड शुगर की समस्या और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# महाश्वेता देवी : शब्दों में जंग, जीवन में आंदोलन



**प्रो. आर के जैन**

कोलकाता में उन्होंने अंतिम साँस ली। उनके साथ एक युग का सूरज डूबा, मगर उनकी विरासत आज भी उज्ज्वल मशाल की तरह जल रही है। आज, जब भारत के आदिवासी समुदाय विस्थापन, ज़मीन अधिग्रहण और पर्यावरण विनाश की त्रासदी झेल रहे हैं।

1997 में रैमॉन मैग्सेसे पुरस्कार ने उनकी पत्रकारिता और सामाजिक कार्यों को वैश्विक पहचान दी। लेकिन महाश्वेता देवी के लिए ये सम्मान महज़ औपचारिकताएँ थे। उन्होंने कहा था, मेरा असली पुरस्कार वह दिन होगा, जब हर आदिवासी को उसकी ज़मीन, उसका हक और उसकी गरिमा वापस मिलेगी। यह उद्घोष उनके जीवन के मिशन का प्राण था—एक ऐसी आग जो अन्याय के खिलाफ जलती रही।

**जब** शब्द तलवार की धार बन जाएँ और कलम क्रांति का हथियार, तब रचनाएँ केवल स्याही और कागज़ नहीं रहतीं, बल्कि वे समय की सीमाओं को तोड़कर सदियों तक दिलों में गूंजती हैं। ऐसी ही थीं महाश्वेता देवी – एक लेखिका, एक योद्धा, जिनकी लेखनी में जंगलों की साँस थी, आदिवासियों का दर्द था, और समाज के अंधेरे को चीरती एक प्रखर रोशनी थी। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें केवल याद करना नहीं, बल्कि उनके विचारों को जीवित रखना, उनके संघर्षों को आत्मसात करना और उनकी लड़ाई को आगे ले जाना हमारा सच्चा कर्तव्य है। 28 जुलाई 2016 को जब वे इस दुनिया से रुखसत हुईं, भारत ने न केवल एक साहित्यकार खोया, बल्कि एक ऐसी शख्सियत को अलविदा कहा, जिसने अपनी कलम से हाशिए के लोगों को आवाज़ दी और अन्याय के खिलाफ विद्रोह की मशाल जलाई। उनकी लेखनी में थी वह आग, जो हर उस जुल्म को भस्म करना चाहती थी जो इंसानियत को लज्जित करता था। 14 जनवरी 1926 को ढाका (अब बांग्लादेश) में एक साहित्यिक और प्रबुद्ध परिवार में जन्मीं महाश्वेता देवी की रगों में शुरू से ही साहित्य और सामाजिक चेतना बसी थी। उनके पिता मनीष घटक कवि और उपन्यासकार थे, तो माँ धारित्री देवी लेखिका और समाजसेविका। इस माहौल ने उन्हें बचपन से ही साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जोड़ा। कोलकाता विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर करने वाली महाश्वेता की असली शिक्षा उन जंगलों, गाँवों और आदिवासी बस्तियों में हुई, जहाँ उन्होंने वंचितों के दर्द को करीब से देखा और जिया। उनकी रचनाएँ उस मिट्टी की गंध, उस पीड़ा और उस संघर्ष की गवाही देती हैं, जो भारत के आदिवासी और हाशिए पर जी रहे समुदायों की जिंदगी का सच है। उनकी लेखनी न केवल साहित्य थी, बल्कि एक आंदोलन थी जो अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करती थी और समाज को बदलने का साहस देती थी। महाश्वेता देवी का साहित्य केवल कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि इतिहास के उन दबे-छिपे पन्नों का जीवंत दस्तावेज़ है, जिन्हें सत्ता ने मिटाने की साजिश रची। उनकी कृतियाँ–'रूदाली', 'हज़ार चौरासी की माँ', 'अरण्येर अधिकार', और 'अग्निगर्भ'–समाज के उस कठोर यथार्थ को उजागर करती हैं, जहाँ गरीब, आदिवासी और दलित न केवल शोषण का शिकार हैं, बल्कि उनकी आवाज़ को निर्ममता से कुचला जाता है। 'रूदाली' में राजस्थान की उन औरतों की मार्मिक कथा है, जो दूसरों के मृतकों पर आँसू बहाने का पेशा करती थीं, मगर अपनी पीड़ा को सीने में दफनाए रखती थीं। 'हज़ार चौरासी की माँ' एक माँ की व्यक्तिगत त्रासदी के ज़रिए नक्सल आंदोलन और सत्ता की क्रूरता को उघाड़ती है। 'अरण्येर अधिकार' में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में आदिवासियों के विद्रोह को अमर किया गया, जिन्होंने औपनिवेशिक और सामंती जंजीरों को तोड़ने की जंग लड़ी। इन रचनाओं ने साहित्यिक जगत में तूफान खड़ा किया और सामाजिक चेतना को झकझोरकर जागृत किया। महाश्वेता देवी की लेखनी केवल किताबों तक सीमित नहीं थी; वह एक आंदोलन थी, जो जमीनी हकीकत से उपजी थी। वे पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के घने जंगलों में बसे संथाल, मुंडा और लोहरा जैसे आदिवासी समुदायों के बीच गईं, उनके दुख-दर्द को जिया, और उनकी लड़ाई को अपनी कलम और कर्म से सशक्त किया। 1980 के दशक में उन्होंने 'देनोति सभा' और 'पश्चिम बंगा खेत मजदूर समिति' जैसे संगठनों के साथ मिलकर बंधुआ मज़दूरी के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ा। पलामू (झारखंड) में 1990 के दशक में उनके अभियान ने सैकड़ों बंधुआ मज़दूरों को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाई। आदिवासियों के वन अधिकार, ज़मीन के हक और शिक्षा के लिए उनकी लड़ाई ने समाज के सबसे हाशिए पर पड़े लोगों में नई उम्मीद जगाई। उनके इस अथक कार्य को संयुक्त राष्ट्र तक ने सराहा। महाश्वेता देवी का व्यक्तित्व एक अनूठा संगम था—एक ओर कोलकाता विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य की विदुषी प्रोफेसर, दूसरी ओर जंगलों की धूल भरी पगडंडियों पर नंगे पाँव चलने वाली क्रांतिकारी। उनकी विनम्रता और निर्भीकता का मेल अनुपम था। सत्ता, चाहे वह औपनिवेशिक शासकों की हो या स्वतंत्र भारत की नौकरशाही, उनके सामने कभी टिक नहीं सकी। उन्होंने सच को न केवल उजागर किया, बल्कि उसे अपनी लेखनी का हथियार बनाया, भले ही इसके लिए उन्हें तीखी आलोचनाएँ क्यों न सहनी पड़ीं।

# बिलासनगर और रुपियापुर में हुआ मानसून गन्ना बुवाई का शुभारंभ

## जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना किसानों को उन्नत खेती के लिए किया प्रेरित

■ उन्नत किस्मों के साथ किसानों को दी गई तकनीकी जानकारी, मौके पर मौजूद रहे कृषि अधिकारी और किसान प्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





गन्ना विकास परिषद बीसलपुर के अंतर्गत ग्राम बिलासनगर एवं रुपियापुर में सोमवार को मानसून गन्ना बुवाई सत्र का शुभारंभ हुआ। यह क्षेत्र बरेली जनपद की फरीदपुर चीनी मिल के अंतर्गत आता है। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने खेतों में पहुंचकर किसानों को उन्नत और वैज्ञानिक विधियों से गन्ना बुवाई की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि जुलाई-अगस्त का समय मानसूनी बुवाई के लिए अत्यंत अनुकूल है, क्योंकि इस दौरान मिट्टी में पर्याप्त नमी रहती है, जिससे गन्ने के अंकुरण की संभावना बढ़ जाती है।

श्री भार्गव ने किसानों को उन्नत एवं रोग प्रतिरोधक गन्ने की किस्मों के चयन के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस बुवाई सत्र में किसान को.लख.14201, कोशा.13235, कोशा.17231, कोशा.16231, को.लख.16202 एवं कोशा. 18231 जैसी प्रजातियों का प्रयोग करें, जो उत्पादन में बेहतर और रोग प्रतिरोधक हैं।

### बीज उपचार पर विशेष जोर

जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को सलाह दी कि बुवाई से पूर्व गन्ने के टुकड़ों (सेट्स) को 0.1% बाविस्टीन (Carbendazim) के घोल में 10 मिनट तक डुबोकर बीज उपचार करें, ताकि फफूंद जनित रोगों से फसल को सुरक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि बीज की गुणवत्ता बेहतर होगी तो पैदावार स्वतः ही बढ़ेगी।

### बुवाई की वैज्ञानिक विधि बताई

श्री भार्गव ने किसानों को 4 फीट (1.2 मीटर) की कतार-दूरी पर गन्ने की बुवाई करने की सलाह दी ताकि पौधों को उचित पोषण और वायु संचार मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि एक या दो आंख वाले गन्ने के टुकड़ों से बुवाई करने से बीज की बचत होती है और अधिक पौधे तैयार किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नाली पद्धति (ट्रेंच विधि) को अपनाने और खेत में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के मौसम में खरपतवार नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें क्योंकि इस दौरान खरपतवार तेजी से उगते हैं।

### कृषि अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता

इस अवसर पर गन्ना विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय किसान भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, प्रवीन सिंह, जोनल इंचार्ज फरीदपुर चीनी मिल, श्रीराम माथुर, गन्ना पर्यवेक्षक के साथ-साथ गन्ना किसान सोमपाल, राजीव, नरेश, रामसेवक, भूपराम, रामपाल गंगवार, लेख राज, चेतराम आदि भी मौजूद रहे। सभी ने जिला गन्ना अधिकारी की कार्यशैली एवं किसानों के बीच सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

### गन्ना विभाग की पहल की सराहना

किसानों ने गन्ना विभाग के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि विभागीय अधिकारियों की समय-समय पर दी जा रही तकनीकी जानकारी व मार्गदर्शन से गन्ना खेती की गुणवत्ता और उत्पादन में निरंतर सुधार हो रहा है। कार्यक्रम का समापन गन्ना किसानों के आभार व्यक्त के साथ किया गया। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव की कार्यशैली आज पीलीभीत जिले में मिसाल बन चुकी है। खेतों में उतरकर किसानों को नई तकनीक सिखाना, वैज्ञानिक सलाह देना और योजनाओं को धरातल पर उतारना उनके समर्पण का प्रमाण है। गन्ना किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है।

# श्रद्धा और सेवा का संगम- श्रावण मास में नगर पालिका का स्वच्छता और सुविधा अभियान

■ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अगुवाई में विशेष व्यवस्थाएं,श्रद्धालुओं को मिल रहा है स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सावन मास की पवित्रता और श्रद्धा के माहौल को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर में भक्ति और व्यवस्था का ऐसा सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया है, जो अनुकरणीय मिसाल बनता जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के शिवालयों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई एवं पेयजल प्रबंधन का सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।श्रावण मास में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर पालिका द्वारा प्रमुख शिव मंदिरों के आसपास साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मंदिर परिसरों, मुख्य सड़कों और गलियों की नियमित सफाई, जल निकासी की व्यवस्था, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और जलभराव की रोकथाम जैसे कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं।

### शुद्ध पेयजल और स्वच्छता का विशेष प्रबंध

नगर में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ, वाटर कूलर और पेयजल टंकियों की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी व उमस के बीच भी राहत मिल रही है। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थलों पर मोबाइल टॉयलेट, हाथ धोने के स्थान और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### जिम्मेदार नेतृत्व और सतर्क निगरानी

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सावन के प्रत्येक सोमवार और शिवरात्रि के अवसर पर सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी श्री संजीव कुमार ने बताया कि हर दिन की गतिविधियों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि कोई कमी न रह जाए।

### नगरवासियों से सहभागिता की अपील

डॉ. आस्था अग्रवाल ने नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा, श्रावण मास सिर्फ भक्ति का पर्व नहीं, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

आइए, मिलकर अपने नगर को स्वच्छ, श्रद्धामय और सुंदर बनाएं। नगरपालिका की इस पहल की नगरवासी भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं और इसे भक्ति और प्रशासनिक सजगता का सुंदर संगम मान रहे हैं। सावन मास में श्रद्धा और सेवा का यह अनुपम मेल न सिर्फ धार्मिक आस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि नगर को साफ-सुथरे वातावरण की सौगात भी दे रहा है।

# पकड़िया नौगवां में कांवड़ियों का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत, भाईचारे की मिसाल पेश

■ श्रद्धालुओं पर बरसाए फूल, वितरित किए शीतल पेय, एकता का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की अनुपम मिसाल देखने को मिली। जलाभिषेक कर लौट रहे कांवड़ियों का मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत कर समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।हिंदू श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और उन्हें शीतल पेय भी वितरित किए गए। साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों ने कांवड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। इस आयोजन में नगर के हर वर्ग के लोगों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि धार्मिक विविधता के बावजूद इंसानियत और एकता ही भारत की असली पहचान है।स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि हमारा हिंदुस्तान हमें नफरत नहीं, मोहब्बत सिखाता है। हम सब एक हैं और मिलकर रहना ही हमारी ताकत है। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर नहीं है जब पकड़िया नौगवां में सौहार्द की मिसाल पेश की गई हो। कोरोना महामारी के दौरान भी यहां हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों ने मिलकर जरूरतमंदों के लिए हर दिन भोजन तैयार कर घर-घर तक पहुंचाया था। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु धर्मेंद्र सिंह चौहान, अमित समेत अन्य भक्तों ने मुस्लिम समाज के इस स्वागत को दिल से सराहा। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उन्हें जीवन भर याद रहेगा और इससे समाज में आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना मजबूत होती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज को जोड़ने का काम करती हैं। यह पहल उन लोगों को करारा जवाब है जो धर्म के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। नगर पंचायत पकड़िया नौगवां की इस पहल ने न सिर्फ क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश फैलाया, बल्कि यह सिद्ध कर दिया कि भारत की असली ताकत उसकी सांझी संस्कृति और एकता में निहित है।

# बैंक मित्र लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा

## दो लाख 15 हजार सहित नौ आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सोमवार को पुलिस ने 22 जुलाई को बैंक मित्र से दिन दहाड़े हुई चार लाख रुपये की लूट का खुलासा कर दिया। इस मामले में नौ आरोपितों को जेल भेजा गया और एक फरार है।पुलिस ने लूटे गए दो लाख 15 हजार रुपये और बायोमेट्रिक डिवाइस आदि बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों के पास अवैध तमंचा, कारतूस और लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी मिली है। कोतवाल सुरेश मिश्र ने बताया कि 22 जुलाई को सुबह दस बजे ग्राम तुलसीरामपुरवा के पास पढ़ुआ थाना क्षेत्र के मुन्नापुरवा निवासी बैंक मित्र अमित कुमार से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लुटेरे उसका बैग छीन कर फरार हो गए थे, जिसमें चार लाख रुपये नकद, बायोमेट्रिक डिवाइस और अन्य कागजात थे।

अमित कुमार धौरहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ियापुर में इंडियन बैंक का सेवा केंद्र चलाता है। 22 जुलाई को वह अपने घर से सेवा केंद्र जा रहा था।

घटना के बाद एसपी संकल्प शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे थे और सख्त निर्देशों के साथ एएसपी पवन गौतम को निगरानी को लगाया था।

स्थानीय पुलिस के साथ सर्विलांस और एसओजी की टीमें अपराधियों को पकड़ने के लिए लगाई गई थीं। पांच दिन की लगातार मशक्कत के बाद पुलिस ने लूट में शामिल ग्राम बड़ागांव थाना शारदानगर निवासी मोहम्मद मुस्तकीम और सोनू, ग्राम मझरी कारिंदा थाना लहरपुर सीतापुर निवासी शमशुद्दीन,कफारा निवासी दीपू कश्यप, फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव उर्रा निवासी कुलदीप सिंह व अमित सिंह, ईदईपुरवा मजरा जमुनिया थाना शारदानगर के नीरज पासी, ग्राम कुटी मजरा डिहुआ थाना धौरहरा के अमित त्रिवेदी,ग्राम संकल्पा निवासी दीपक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।इनका साथी बड़ागांव थाना शारदानगर निवासी राजू पुलिस की पकड़ में नहीं आया। पुलिस तलाश में जुटी।

# छोटी काशी गोला में शिवभक्ति का महाकुंभ

■ डीएम ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल, डीजे की थाप पर झूमे शिवभक्त, 'हर-हर महादेव' से गूंज उठा वातावरण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



सावन का पावन तीसरा सोमवार... छोटी काशी गोला में सूरज की पहली किरण के साथ ही शिवभक्ति की गंगा बह निकली। जयकारों की गूंज, कांवड़ियों की टोलियां, रंग-बिरंगी भगवा पताकाएं और भक्ति से सराबोर वातावरण ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया। लेकिन दृश्य तब अलौकिक बन गया जब जिले की कमान संभालने वाली डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं कांवड़ियों के स्वागत में फूल लेकर खड़े दिखाई दी।

### फूलों की बारिश में नहाए कांवड़िए..

शिवम् तिराहा पर बनाए गए मंच से जैसे ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दोनों हाथों से फूलों की वर्षा की, पलकें नम हो गईं, चेहरों पर भक्ति मुस्काई और श्रद्धा ने मानो आकार ले लिया। नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू, विधायक प्रतिनिधि मोंटू गिरी, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी उनके साथ मिलकर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। शिवभक्तों ने तालियों की गूंज और 卐बोल बम卐 के नारों से स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### ...जब डीएम बनी पदयात्री

शिवभक्ति की व्यवस्था जांचने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कांवड़ मार्ग पर पैदल चलकर रूट डायवर्जन, जल सेवा, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम और चिकित्सा और खोया पाया केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासनिक मशीनरी 24×7 मोड में दिखी। डीएम ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा हमारा कर्तव्य है। गोला में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं और लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल पूरी तत्परता से जुटा है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित यात्रा पूरी करें।

### खोया मासूम... ममता बनीं डीएम

गोला दर्शन में बिछड़ा छात्र, खोया-पाया केंद्र पहुंचा तो डीएम ने थामा हाथ, बिठाया,

खिलाया-पिलाया, परिजनों से मिलवाया श्रावण मास में सोमवार को शिवधाम गोला दर्शन के लिए आए परिषदीय विद्यालय सैधरी के छात्र आलोक कुमार (पुत्र सुभाष) अपने बाबा से बिछड़ गया। भीड़ में अकेला हुआ मासूम रोते-रोते मंदिर परिसर में भटकने लगा।

मौके पर मुस्तैद प्रशासनिक टीम ने उसे तुरंत खोया-पाया केंद्र पहुंचाया, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं मौजूद थीं। बच्चे को देख डीएम ने उसे अपने पास बुलाया, अपने पास बैठाकर चुप कराया और खाने-पीने की सामग्री दी।थोड़ी ही देर में प्रशासन की मदद से परिजनों को बुलाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। डीएम का यह मानवीय चेहरा देख वहां मौजूद लोग भावुक हो उठे।

### छोटी काशी में डीएम ने की पूजा, मांगी जनपद की खुशहाली की कामना

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ सोमवार को गोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर (छोटी काशी) में विधिविधान से पूजन-अर्चन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान डीएम ने पूरे श्रद्धा भाव से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पुष्प अर्पित किए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्टेबलाइजर सही कराने गए युवक से दुकानदार ने की मारपीट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। एक दलित युवक के साथ दुकानदार द्वारा गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। लोहरपुरा निवासी विकास भारती ने बताया कि वह नगर की एक दुकान पर स्टेबलाइजर सही कराने गया था। दुकानदार ने कुछ देर बाद स्टेबलाइजर देने की बात कही, लेकिन जब वह एक घंटे बाद दोबारा दुकान पर पहुंचा तो दुकानदार ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर दुकानदार ने अपने साथियों को बुला लिया और युवक के साथ मारपीट की। युवक का आरोप है कि उसे जातिसूचक गालियां भी दी गईं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पहले कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

### तहसीलदार ने पकड़ा अवैध खनन, ट्रैक्टर चालकों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। अवैध खनन पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को एक बड़े मामले का खुलासा किया। कोतवाली क्षेत्र के जटपुरा हरीपुर गांव के पास, शेरपुर रोड पर स्थित अपोलो ईंट भट्ठे की ओर अवैध रूप से मिट्टी का भराव किया जा रहा था। सूचना पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार ने मौके पर छापा मारा। इस दौरान मौके से एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी भरते हुए पकड़ी गईं। मिट्टी से लदे तेज गति से दौड़ रहे वाहनों से राहगीर बाल-बाल बचे, जिसके बाद नाराज लोगों ने एक वाहन को पकड़ लिया। वायरल वीडियो में एक स्थानीय ग्राम प्रधान का नाम भी सामने आ रहा है, जिसकी भूमिका की जांच की जा रही है। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर खनन रोकते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

### खेत से चोरी हुई पानी की मोटर, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा में एक किसान की पानी की मोटर चोरी हो गई। किसान राम निवास ने बताया कि 31 मई की रात को अज्ञात चोरों ने उसके खेत से मोटर चुरा ली थी। जब वह सुबह खेत पहुंचा तो मोटर गायब मिली। बाद में गांव में पूछताछ करने पर कुछ संदिग्धों के नाम सामने आए। राम निवास की तहरीर पर पुलिस ने मनोहर लाल, गंगाराम (निवासी जितौरिया), सिपाही लाल और जसपाल सिंह (निवासी पूरनपुर कुरैया) के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिना पंजीकरण के संचालित क्लीनिक को किया सील

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। बिना पंजीकरण के संचालित एक क्लीनिक को एमओआईसी ने पुलिस के साथ पहुंचकर सील किया है। संचालक को नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव नजीरगंज में संचालित एक क्लीनिक को लेकर शिकायत की गई थी। कहा गया था कि क्लीनिक संचालन का कोई पंजीकण नहीं है। वह झोलाछाप है। शिकायत के बाद सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने पुलिस के साथ जाकर मौके पर जांच पड़ताल की। इस दौरान कोई वैद्य प्रपत्र नहीं मिले। इसपर क्लीनिक को सील करते हुए नोटिस जारी किया गया।

# बीईओ ने दी कारवाई की चेतावनी, होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिह ने क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया था। इस दौरान स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए खरीदी जाने वाली सामग्री से संबंधित व्यय पंजिका अपडेट नहीं मिली। इसके अलावा कैश बुक, लेजर और रोजाना खरीदे जाने वाली सामग्री सब्जी, दाल, मसाले आदि दर्ज नहीं था।

इसपर खंड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय स्कूलों के सभी इंचार्ज अध्यापकों को निर्देश जारी किए हैं कि सभी स्कूलों में एमडीएम के लिए खरीदी जाने वाली सामग्री से संबंधित व्यय पंजिका में स्पष्ट रूप से खर्च अंकित किए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एमडीएम के लिए रोजाना सामग्री खरीदी जाती है।अधिकांश स्कूलों में खरीदी गई सामग्री का विवरण पंजिका पर दर्ज नहीं किया जा रहा है। लापरवाही करने वाले इंचार्ज अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चेक लिस्ट सर्वे सट्टा प्रदर्शन किया जा रहा

जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी



गन्ना विकास परिषद व बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल पलिया के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रुप से समस्त ग्रामों में सट्टा प्रदर्शन का कार्य दिनांक 20 जुलाई 2025से 30 अगस्त 2025 तक 63 कॉलम पर चेक लिस्ट सर्वे सट्टा प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके तहत गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश पांडे ने ग्राम धूसर निवासी पूर्व उपाध्यक्ष निहाल सिंह के यहां चल रहे ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक 5 शिकायते पंजीकृत पायी गई।जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। ग्राम में कुल 268 कृषक पंजीकृत हैं।

पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना विकास परिषद ,पलिया चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से सट्टा प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है ।जिसमें समस्त किसान बंधुओं से आग्रह करना है कि वे अपना कृषि योग्य भूमि, शीघ्र/ सामान्य /अस्वीकृत गन्ना प्रजाति पेडी, पौधा, शरदकालीन गन्ना बुवाई मोबाइल नंबर ,आधार नंबर, बैंक खाता संख्या ,बेसिक कोटा एवं सट्टा का अवलोकन करने के पश्चात यदि कोई शिकायत है तो तत्समय उपस्थित चीनी मिल कर्मचारी /गन्ना पर्यवेक्षक को लिखित शिकायत देकर मौके पर ही अपना संशोधन करा लें ,ताकि पेराई सत्र में किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े।ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश कुमार पाण्डे, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड सूर्यनराण द्विवेदी एवं महाप्रबंधक गन्ना चीनी मिल पलिया राजीव तोमर ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों को गन्ने के संबंध में ग्रामवार, कृषकवार, प्रजाति वार रकवे का विवरण खतौनी में दर्शाया गया है।जिसे सभी किसान भाई खतौनी देखकर अपने रकवे का प्लाट वार मिलान कर ले। उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि सभी किसान भाई सट्टा प्रदर्शन के दौरान सट्टा प्रदर्शन करने वाली टीम को पूर्ण सहयोग दें, तथा प्रत्येक गन्ना आपूर्ति करता कृषक द्वारा ऑनलाइन घोषणा पत्र भरकर आधार की छाया प्रति एवं राजस्व अभिलेख की प्रति पर अपना स्व हस्ताक्षर करके ऑनलाइन अपलोड करा दें, जिससे कि सीजन के दौरान होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

# राजा राज राजेश्वर सिंह ने कांवरियों को छोटी काशी के लिए किया रवाना



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने सावन माह की पावन परंपरा को निभाते हुए सोमवार को झंडी राज गांव में पहुंचे डाक कांवरियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। ऐतिहासिक आनंद बाग मंदिर से प्रारंभ हुई तूफानी डाक कांवर जैसे ही झंडी राज महल पहुंची, राजा ने स्वयं सभी कांवरियों का अभिनंदन किया और उन्हें फल वितरित किए।राजा राजेश्वर सिंह ने कांवरियों की श्रद्धा और ऊर्जा की सराहना करते हुए उन्हें अपने हाथों से झण्डा दिखाकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना किया। कांवरियों को विदा करते समय पूरे माहौल में हर-हर महादेव के जयघोष गूंज उठे। इस अवसर पर राजा राजेश्वर सिंह ने कहा, सावन का महीना भक्ति, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कांवर यात्रा हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान है। कावरियों की सेवा करना हमारा धर्म है। साथ ही कहा कि योगी सरकार द्वारा विगत वर्षो में कांवरियों द्वारा पुष्प वर्षा एवं जगह जगह सुरक्षा एवं सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किये गये हैं। राजमहल परिसर में श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। गांव के संभ्रांत लोग भी इस आयोजन के दौरान मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला द्वारिकापुरी निवासी एक महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिव कालोनी निवासी सुरेन्द्र शर्मा की 24 वर्षीय बेटी जूही ने पांच साल पहले मोहल्ला द्वारिकापुरी निवासी केशव शर्मा से लव मैरिज की थी। बताते हैं कि जूही गर्भ से थी, बीते गुरुवार के जूही की तबीयत खराब हुई तो पति केशव ने पहले निजी अस्पताल में इलाज कराया इसके बाद जिला अस्पताल लेकर गया। हालत ठीक होने पर मायके पक्ष के लोग जूही को लेकर अपने साथ चले गए। केशव का आरोप है कि रविवार को जिला अस्पताल में जूही अचेत हालात में मिली,इसके बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

थाना माधोटांडा क्षेत्र के कस्बा कलीनगर के वार्ड आठ के रहने वाले रवि की शादी थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव हरकिशनापुर की चंद्ररेखा के साथ चार साल पहले हुई थी। शादी के बाद घर में घरेलू कलह शुरु हो गया था। इसके चलते विवाहिता मायके चली गई थी। कोर्ट के माध्यम से विवाहिता एक साल पहले ही विदा होकर ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह विवाहिता के पिता गंगाराम के पास किसी का फोन गया। बताया कि उसकी पुत्री ने फांसी लगा ली है। सुनते ही पिता घर से निकल पड़ा। विवाहिता के घ पहुंचा तो वहां पर कोई नहीं था। कमरें में उसकी पुत्री फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। पिता ने थाने जाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाने के बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता का कहना है उसकी पुत्री की हत्या कर सभी भाग गए।

# चौपाल लगाकर आम जनमानस की विधायक ने सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। महाराजगंज



देश और प्रदेश के समग्र विकास के लिए केवल योजनाएं और बजट पर्याप्त नहीं होते बल्कि उसके क्रियान्वयन के लिए मजबूत और निर्णायक इच्छाशक्ति भी अनिवार्य होती है। यही कारण है कि जब देश और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकारें सत्ता में आईं तो विकास को नई रफ्तार और दिशा मिली। उक्त बाते सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने शिकारपुर मंडल के सवना, सवेरेजी, खेंमपीपरा, नेता, नटवा, कोटा मुकुंदपुर मटिहानिया चौधरी बभनौली, मुंडीला व रामपुर खुर्द में चौपाल लगा कर लोगों की समस्या सुनी और सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। विधायक ने कहा कि गैर भाजपा सरकारों के कालखंड में अक्सर यह देखा गया कि नीति निर्माण तो होता था, लेकिन निर्णयों को लागू करने की इच्छाशक्ति का अभाव था।

योजनाएं कागजों पर रह जाती थीं, घोषणाएं मंचों पर गूंजती थीं, लेकिन जमीनी हकीकत बदलने का माद्दा नहीं था। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति ने विकास की रफ्तार को बुरी तरह बाधित किया। स्थानांतरण नीति उद्योग बने थे लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक मजबूत और संकल्पित सरकार काम कर रही है, जिसने ÷सबका साथ, सबका विकास÷ को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बात करें तो पहले जिसे बीमारू राज्य कहा जाता था वही प्रदेश अब निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के मामले में अग्रणी बन गया है। बिजली, जल जीवन मिशन, हर घर नल, गरीबों को आवास और राशन जैसी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय गौड़, प्रधान चेतन वर्मा, प्रधान कुंदन वर्मा, नरेंद्र पटेल, पूर्व प्रधान मंडल उपाध्यक्ष अजय पटेल, प्रधान गौतम पटेल, प्रधान जफरे आलम खान, विजय धारियां, जगजीवन कन्नौजिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामजानकी मार्ग: पुलिया बनी नहीं... गड्ढों ने बढ़ाई मुसीबत

जन एक्सप्रेस। देवरिया

रामजानकी मार्ग चौड़ीकरण के लिए सड़क पर गिट्टी डाली जा रही है। वहीं मार्ग पर पुलिया बनाने के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं। रात के अंधेरे में लोग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। निर्माण कार्य की धीमी गति से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। इससे लोगों में आक्रोश है।

अयोध्या से कपरवार-बरहज के रास्ते जनकपुर तक भारत सागर माला की ओर से रामजानकी मार्ग चौड़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। मार्ग पर एनएच 227ए की ओर से आधा दर्जन जगहों पर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। नौका टोला, बेलडाड़, कटइलवा, लवरछी समेत कई जगहों पर पुलिया बनाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। इसमें सरिया आदि के जरिये निर्माण कार्य भी हुआ है। इन गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। ज्ञानेश्वर सिंह, राजेश मद्धेशिया, मदन मिश्र, नुरूल हक अंसारी आदि का कहना है कि पुलिया निर्माण के लिए गड्ढों की खोदाई कराने से सड़क वन-वे हो गया है।

# पुलिस की सक्रियता से साइबर ठगी के 4 लाख रूपये हुए वापस

## सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन ने एसपी व साइबर थाना प्रभारी को दिया प्रशस्ति पत्र

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



कोतवाली क्षेत्र के मऊपाकड़ निवासी अधिवक्ता सैयद फिरोज के पुत्र सैयद मोहम्मद फैजल के खाते से साइबर ठगों ने फिक्स्ड सेविंग के 4 लाख रुपये उड़ा लिए, लेकिन साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पूरी रकम वापस मिल गई। इस सफलता पर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन महराजगंज ने पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा और साइबर क्राइम थाना प्रभारी सजनू यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैजल प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में उन्हें 500 रुपये के वाहन चालान का एक संदिग्ध मैसेज मिला। लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से 4 लाख रुपये गायब हो गए। घटना की जानकारी पिता सैयद फिरोज ने कोतवाली थाने में दी। एसपी सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर साइबर थाना प्रभारी सजनू यादव ने कांस्टेबल सत्येंद्र मल्ल, पियूष नाथ त्रिपाठी और अन्य सहयोगियों की टीम बनाकर जांच शुरू की और झारखंड तक दबिश दी। पुलिस की मुस्तैदी से 26 जुलाई 2025 को पूरे 4 लाख रुपये वापस मिल गए। इसके बाद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष करुणाकर पति त्रिपाठी व महामंत्री अनूप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के शिष्टमंडल ने एसपी और साइबर प्रभारी को प्रशस्ति पत्र देकर आभार जताया। इस मौके पर अधिवक्ता हरेंद्र मिश्रा, सैयद फिरोज, सुधांशु पांडेय, जमशेद, अवनीश पटेल, आर्या पाठक, जाकिर, दुर्गेश श्रीवास्तव, अकबर अली आदि मौजूद रहे।

# दावे स्वच्छता के, जलभराव से सांसत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



जलभराव से सबसे अधिक परेशानी राप्तीनगर फेज एक में बिजली विभाग के टावर के पास, राप्तीनगर, चंद्रगुप्त नगर, डॉक्टर कॉलोनी, राप्तीनगर फेज चार में सेंट्रल बैंक के पास, जिला अस्पताल के पास, सिविल लाइन्स स्कूल वाली गली, धर्मशाला, विजय चौराहे के पास लोगों को जलभराव के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

नगर निगम क्षेत्र में हुई बारिश से कई जगह जलभराव हुआ। निगम के नाले-नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगा। इस कारण लोगों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जलभराव से सबसे अधिक परेशानी राप्तीनगर फेज एक में बिजली विभाग के टावर के पास, राप्तीनगर, चंद्रगुप्त नगर, डॉक्टर कॉलोनी, राप्तीनगर फेज चार में सेंट्रल बैंक के पास, जिला अस्पताल के पास, सिविल लाइन्स स्कूल वाली गली, धर्मशाला, विजय चौराहे के पास लोगों को जलभराव के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

उधर, बारिश के कारण नगर निगम के दावे सभी फेल हो गए। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सुबह बारिश के बीच ही नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण भी किया। निर्माण खंड के जिम्मेदारों के अलावा सफाई कर्मचारियों को भी निर्देश दिया कि जलभराव न हो, इसे लेकर तैयारियां दुरुस्त रखें।

मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जलभराव हो सकता है कहीं हुआ हो, लेकिन कराए गए कामों की वजह से पानी कहीं रुका नहीं होगा।

## हीरालाल स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

सेवरही के हनुमान मन्दिर में रविवार को भारी गहमागहमी के बीच स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया से हुए इस चुनाव में 157 मत पाकर हीरालाल सोनी अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वर्णकार समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। सेवरही के हनुमान मन्दिर में स्वर्णकार समाज लोगों की एक विशेष बैठक हुई। सवर्णकार संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर पांच लोगों ने दावेदारी की। सर्वसम्मति न बनते देख कर चुनाव अधिकारी दशरथ वर्मा, बैजनाथ वर्मा, दिनेश वर्मा, मारकंडे वर्मा, सुग्रीव वर्मा ने पर्ची से मतदान कराने का निर्णय लिया। सभी मतदाताओं को पर्ची बांट दी गई। बाद में मतदान की प्रक्रिया पूरी कर मतों की गिनती की गई। इसके बाद घोषित परिणाम के अनुसार हीरालाल सोनी को 157 मत मिले।

# जिला अस्पताल में शुरू होगी ई-ओपीडी और ई-फार्मेसी सेवा

- मरीजों को ऑनलाइन पंजीकरण, परामर्श और दवा वितरण की सुविधा

जन एक्सप्रेस। महराजगंज





जिला संयुक्त अस्पताल में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगस्त माह से ई-ओपीडी और ई-फार्मेसी सेवा की शुरुआत की जाएगी। इस डिजिटल सेवा के तहत पंजीकरण से लेकर दवा वितरण तक की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे मरीजों को लंबी लाइन और कागजी कार्यवाही से निजात मिलेगी।

अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मरीज अब काउंटर पर ई-पंजीकरण कर पर्ची लेकर सीधे ओपीडी में डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। डॉक्टर मरीज की पूरी जानकारी और दवा पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद मरीज पर्ची दिखाकर दवा काउंटर से दवा प्राप्त करेगा। फार्मासिस्ट भी दवा वितरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करेगा।

इस प्रणाली से मरीजों का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड संरक्षित रहेगा। यदि पर्ची खो भी जाए तो मरीज अपना नाम और मोबाइल नंबर बताकर पुनः जानकारी प्राप्त कर सकेगा। इस संबंध में सीएमएस डॉ. ए.के. द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ई-फार्मेसी और ई-ओपीडी सेवा को लागू किया जा रहा है। इसके लिए लैपटॉप और मॉनिटर की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि मरीजों को ऑनलाइन पंजीकरण, परामर्श और दवा वितरण करने सुविधा मिलेगी।

# करेंट अफेयर्स और रीजनिंग के सवालों में उलझे रहे परीक्षार्थी

जन एक्सप्रेस। देवरिया



समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा रविवार को जनपद के 33 केंद्रों पर हुई। इसे लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क दिखा। पूरी तरह ऑनलाइन जांच के बाद ही गोरखपुर व आजमगढ़ जनपद से आए अभ्यर्थियों को कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। पंजीकृत 14496 अभ्यर्थियों में 6538 उपस्थित एवं 7958 अनुपस्थित रहे। 45 फीसदी ही उपस्थिति रहने की चर्चा केंद्रों पर होती रही। उधर, परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि समसामयिक घटनाओं, सामान्य अध्ययन व तर्कशक्ति के प्रश्नों ने खूब परेशान किया।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 जनपद में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी विक्रांत वीर ने संयुक्त रूप से विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नेशनल पब्लिक स्कूल सोंदा, सेंट्रल एकेडमी, नवजीवन मिशन स्कूल एवं जनता इंटर कॉलेज सहित कई प्रमुख परीक्षा केंद्रों सहित शहर व आसपास के कई केंद्रों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश प्रक्रिया, बायोमैट्रिक उपस्थिति, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।

डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। साथ ही, प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। एसपी ने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस की तैनाती, प्रवेश द्वार की निगरानी एवं फ्लाइंग स्क्वॉड की सक्रियता को देखा व परखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को केंद्रों के बाहर भीड़-भाड़ न होने देने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए और कहा कि यदि किसी केंद्र पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सकुशल परीक्षा संपन्न होने से प्रशासन ने ली राहत की सांस**

परीक्षा के जनपदीय नोडल बनाए गए एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशासन की सक्रियता एवं समन्वित प्रयासों के चलते जनपद में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी। एलआईयू व पुलिस बल को अलर्ट मोड में रखा गया था। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## एप्रोच धंसने से आवागमन में परेशानी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

तुर्कपट्टी-फाजिलनगर आरसीसी मार्ग पर गांगीटीकर में जोकवा रजवाहा पर नवनिर्मित पुलिया के दोनों तरफ एप्रोच मार्ग कच्चा होने से मिट्टी जगह-जगह धंस गई है। बड़ी-बड़ी गिट्टियां पुलिया के दोनों तरफ ढलान पर बिखरे होने के कारण राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। तुर्कपट्टी-फाजिलनगर सड़क पर गांगीटीकर में टेढ़िहवा पुलिया के जगह पर नई पुलिया की स्वीकृति इसी वर्ष जनवरी माह में मिली। टेंडर की प्रक्रिया के बाद अप्रैल में निर्माण कार्य शुरू हो गया। 74.57 की लागत से बनने वाले पुलिया का निर्माण कार्य मई में सम्पन्न होने के बाद इसे जून में ही लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। लेकिन पुलिया के दोनों तरफ बने एप्रोच को विभाग ने नहीं बनवाया जिससे अब जगह जगह गड्ढे और गिट्टियां बिखरी हैं।

# बास्केटबॉल खिलाड़ी का कमरे में मिला शव, फंदे से झूल रहा था- किराए के कमरे में रहता था

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



आदर्श की बहन निधि ने पुलिस को बताई कि वह दोनों रात 9:30 बजे खाना खाने के बाद अलग-अलग कमरे में सोने चले गए। रात 11 बजे करीब नींद खुली तो उसके कमरे में जाकर देखा तो आदर्श मोबाइल में गेम खेल रहा था। उसे सोने की बात कर कर अपने कमरे में सोने चली गई।

गुलरिहा इलाके के संगम चौराहा स्थित शिवपुर सहबाजगंज में किराए के कमरे में रह रहे कुशीनगर के बास्केटबॉल खिलाड़ी आर्दश का शव रविवार को कमरे के अंदर फंदे से झूलता मिला। आशंका जताई जा रही है कि आदर्श ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस घटनास्थल देखकर गुलरिहा पुलिस को सूचना दी।

गुलरिहा पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पहली नजर में प्रेम प्रसंग और ऑनलाइन गेम की वजह से खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है।

हालांकि, पुलिस के जांच के बाद ही सही बात सामने आ पाएगी।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जनपद के हाटा स्थित सिक्टा निवासी आदर्श सिंह (18) पुत्र सीताराम अपनी बहन निधि सिंह के साथ संगम चौराहा स्थित शिवपुर सहबाजगंज निवासी नीलम श्रीवास्तव के मकान में तीसरी मंजिल पर किराए पर रहता था। उसकी बहन फातिमा अस्पताल में नर्सिंग की पढ़ाई करती हैं।

जबकि, आदर्श एमपी इंटर कॉलेज में इंटर की पढ़ाई के साथ रेलवे स्टेशन स्थित रिजिनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में बास्केटबॉल की प्रैक्टिस भी करता था। आदर्श की बहन निधि ने पुलिस को बताई कि वह दोनों रात 9-30 बजे खाना खाने के बाद अलग-अलग कमरे में सोने चले गए।

रात 11 बजे करीब नींद खुली तो उसके कमरे में जाकर देखा तो आदर्श मोबाइल में गेम खेल रहा था। उसे सोने की बात कर कर अपने कमरे में सोने चली गई। सोमवार की सुबह नींद खुली तो भाई की शव चद्दर के सहारे फंदे से लटक रही थी। रोते हुए मकान मालिक और अपने परिजनों को सूचना दी।

# तीन दिनों से अंधेरे में डूबी है दो हजार की आबादी

जन एक्सप्रेस। देवरिया



क्षेत्र के भलुआ गांव में लगा 100 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर तीन दिन पहले जल गया। तबसे 2000 की आबादी अंधेरे में डूबी हुई है। उमसभरी गर्मी में बिजली नहीं मिलने से लोगों की नींद हराम हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। उधर, निगम के जिम्मेदार अभी ट्रांसफार्मर नहीं उपलब्ध है बोलकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। इसको लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त है। भलुआ गांव में बिजली निगम ने बिजली आपूर्ति के लिए दो 100 एमवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया है। इसमें एक ट्रांसफार्मर शुक्रवार को जल गया। बताया जा रहा है कि जले ट्रांसफार्मर से करीब 200 उपभोक्ताओं का कनेक्शन संचालित होता है। इस उमसभरी गर्मी में विद्युत ट्रांसफार्मर जलने से दो हजार की आबादी बेहाल पड़ी है। गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, लल्लन सिंह, रविंद्र प्रसाद, गौरी यादव और चंद्रशेखर मल्ल का कहना है कि ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत करने के लिए उपकेंद्र पर जाने पर जेई मिल ही नहीं रहे हैं।

इतना ही नहीं उनके मोबाइल पर फोन करने पर हमेशा स्विच आफ बता रहा है। ऐसे में ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आनलाइन की गई है। जेई सोनू कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की जानकारी है।

स्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। स्टोर में अभी 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है। एक से दो-दिन में ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा।

## किशोरी को बुरका पहनाकर भगाने का आरोप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

नगर के एक वार्ड निवासी शख्स ने थाने के सामने स्थित एक युवक व उसके परिवार पर 17 वर्षीय किशोरी को भगाने का आरोप लगाया गया है। साथ ही तहरीर बदलवाने व मामले में कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है। एक वार्ड की किशोरी तीन दिन पहले घर से गायब हो गई। पिता ने मिले मोबाइल नंबर के आधार पर एक परिवार द्वारा षडयंत्र पूर्वक किशोरी को भगाने का आरोप लगाया। एसपी विक्रांत वीर को दी शिकायती पत्र में पीड़ित पिता ने कहा है कि एक वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी युवक के घर से रात में एक किशोरी बुरका पहनकर निकल रही है। उसके साथ एक पुरुष और महिला भी है। एसपी ने पीड़ित को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# मेस के भोजन में मिला कीड़ा, धरने पर बैठे छात्र

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय, मेहरौना में बच्चों के भोजन में रविवार को कीड़ा मिला। यह जानकारी होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। परिसर से बाहर आकर हंगामा और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

छात्रों की मानें तो मेन्यू में सुबह चावल और पनीर बना था। छात्र जब खाना खाने पहुंचे तो उसमें कीड़ा मिला। यह देख छात्र आग बबूला हो गए। उनका सब्र जवाब दे गया। छात्र हुजूम में एकत्रित होकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए डीएम दिव्या मित्तल को बुलाने की जिद पर अड़ गए। देर शाम में पहुंचीं एसडीएम श्रृति शर्मा ने छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का भी आश्वासन दिया। एसडीएम ने तहसीलदार केके मिश्र और नायब तहसीलदार के साथ मेस की जांच की। छात्रों ने चावल में घून व कीड़ा मिलने की बात कही। छात्रों ने आरोप लगाया कि पानी की टंकी में कबूतर मरे पड़े रहते हैं। वही पानी पीने के लिए दिया जाता है। इस पर एसडीएम ने सभी को चेताया। साथ ही तीन सरकारी चापाकल लगवाने की बात कही।

उन्होंने प्रधानाचार्य प्रवीण चंद्र चौधरी और मेस ठेकेदार अरविंद मिश्रा को निर्देश दिया कि सुबह, दोपहर और शाम में खाने की जांच कर छात्रों के साथ बैठकर दोनो लोग खुद भी खाना खाएं।

इसकी फोटो व वीडियो भेजकर रिपोर्ट करें। गौरतलब हो कि बीते 16 जुलाई को खाने में छिपकली मिलने का आरोप विद्यालय में कक्षा छह के छात्र मईल थाना क्षेत्र के करौता गांव निवासी आर्यन गौड़ पुत्र जयनाथ गौड़ ने लगाया था।

खाना खाने से वह छात्र गंभीर हो गया था और मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज करवाया गया था। इससे पूर्व भी अगस्त 2024 में विद्यालय में बासी भोजन खाने के बाद इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हुई थी। इस घटना में 60 छात्र बीमार हुए थे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपी निकला दूर का रिश्तेदार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत नाबालिग लड़की के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी पीड़िता के दूर का रिश्तेदार निकाला।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने 23 जुलाई को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत निवासी पीड़ित द्वारा थाना कोतवाली देहात पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के पेट में अचानक दर्द होने लगा जिसे महिला अस्पताल बलरामपुर में लेकर गये जहां पर एक पुत्री का जन्म हुआ। काफी पूछताछ किये परन्तु मेरी पुत्री नें किसी का नाम नही बताई। मुझे शक है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी पुत्री के साथ बहला फुसला कर गलत काम किया है । इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर पॉक्सो एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में अज्ञात के नाम तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गयी। पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त गुल्ले उर्फ कमलेश पुत्र बरसाती उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रंजीतपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को मुखबिर की सूचना पर बंधा पुलिया निकट रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

अभियुक्त से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी तो बता रहा है कि लड़की के पिता हमारे दूर के रिश्तेदार है, जिनके घर पर मेरा आना जाना रहता था। घर आने जाने के दौरान मेरी व उसकी लड़की में दोस्ती हो गयी और हम लोग चोरी छिपे एक दूसरे से मिलने जुलने लगे और मैने उसको बहला फुसला कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजा नन्द सिंह, उप निरीक्षक शिव कैलाश, महिला उप निरीक्षक प्रीती वर्मा, हे0 का0 रामनाथ यादव तथा का0 संजय कुमार शामिल थे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर गायत्री मंदिर पर गोष्ठी आज

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर पर मंगलवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को आयोजित करने के लिए बैठक आयोजित किया जाएगा।

गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 28 जुलाई को दी गई सूचना के अनुसार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार 29 जुलाई को गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर के प्रांगण में इस परीक्षा सम्बन्धी सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं व गायत्री परिवार सदस्यों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी सायं 6:00 बजे आयोजित की जायेगी।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सचिव शिव कुमार कश्यप ने बताया कि इस वर्ष की परीक्षा वरिष्ठ सदस्य दिलीप कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न टोलियों द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क करके विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व के बारे में बताया जायेगा। साथ ही परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी के लिए अपील किया जायेगा।

# कल्पेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर लगे मेले का एएसपी ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बाबा जंगलीनाथ कल्पेश्वर नाथ मंदिर राजापुर भरिया पर लगे मेले का भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार 28 जुलाई 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत राजापुर भरिया जंगल में स्थित कल्पेश्वर नाथ बाबा जंगलीनाथ मंदिर का भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थिति ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम पवन अग्रवाल ने त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का जायजा लिया एवं रैंडम आधार पर पूर्व की रिकॉर्डिंग को देखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, अग्निशम यंत्र संचालन की पूर्ण जानकारी होने सहित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, जिला पंचायत अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशाषी अभियंता विद्युत, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग के परीक्षा केंद्रों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण, शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा को जनपद में शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए डीएम पवन अग्रवाल व एसपी विकास कुमार द्वारा जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रो का परीक्षा भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में लगे कैमरों, सुरक्षा उपकरण आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर डियूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पूर्णतः अनुपालन करनें के सम्बन्ध में



आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एग्जाम के दौरान परीक्षा कक्ष और कैम्पस में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न होने के कड़े इंतजाम किए गए। सभी परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की व्यवस्था रही।

## विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस के अवसर पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य एवं आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष घनश्याम के नेतृत्व में एक प्रेरणादायक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया...

समाजसेवी नीरज मौर्य ने कहां यह हमें स्वच्छ हवा,पानी,भोजन और प्राकृतिक संसाधन प्रदान करता है और जलवायु परिवर्तन को कम करने में भी मदद करता है यह कार्यक्रम रामनगर क्षेत्र में सम्पन्न हुआ,उक्त मौके पर डॉक्टर.राज कपूर,रमेश पहलवान (ब्लॉक हेड जल जीवन मिशन),सुलदीप शर्मा एवं गुड्डू मिस्त्री की गरिमामयी उपस्थिति रही

यह मात्र एक औपचारिक आयोजन नहीं था,बल्कि धरती मां के प्रति सच्ची निष्ठा और जिम्मेदारी का प्रतीक था कार्यक्रम में सभी ने मिलकर न केवल पौधे लगाए,बल्कि भावनात्मक जुड़ाव के साथ उन्हें संजीवनी देने का संकल्प भी लिया इस अभियान का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं,बल्कि अगली पीढ़ी के लिए एक शुद्ध,सुरक्षित और जीवंत पर्यावरण सौंपना है,जमीनी स्तर पर किए गए इस कार्य ने यह संदेश दिया कि जब समाज के जागरूक नागरिक और संगठन मिलकर प्रकृति की सेवा में जुटते हैं,तो हर दिन संरक्षण दिवस बन जाता है।

# आवासीय विद्यालयों के निरीक्षण हेतु डीएम ने अधिकारियों को किया नामित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जिले के आवासीय विद्यालयों में मानकानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने को लेकर डीएम पवन अग्रवाल ने प्रत्येक आवासीय विद्यालयों के निरीक्षण हेतु अधिकारियों को नामित किया है। जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उतरौला के निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी रेहरा बाजार विमला चौधरी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रेहरा के निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी उतरौला इंद्रावती, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बलरामपुर नगर के निरीक्षण के लिए मीता गुप्ता जिला सेवायोजन अधिकारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गैंडास बुजुर्ग के निरीक्षण के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय श्रीदत्तगंज के निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार उतरौला प्रतिमा मौर्य, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बलरामपुर देहात के निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार ऐश्वर्य लक्ष्मी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पचपेड़वा के निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार शालू जायसवाल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवपुरा के निरीक्षण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सेखुई कला के निरीक्षण के लिए क्षेत्राधिकार ज्योतिश्री, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तुलसीपुर के निरीक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा पल्लवी सचान, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पचपेड़वा जंगल के निरीक्षण के लिए आबकारी निरीक्षक प्रमिला रावत, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गैंसडी के निरीक्षण के लिए उपायुक्त श्रम रोजगार एवं मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना गैंसडी, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय पचपेड़वा के निरीक्षण के लिए खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सुनीता वर्मा, राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय गैंसड़ी के निरीक्षण के लिए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत मौर्य को नामित किया गया है।

नामित अधिकारी आवंटित आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर सुविधाओं एवं व्यवस्था की जानकारी लेंगे तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा, भोजन आदि व्यवस्था, पठन-पाठन का स्तर, साफ-सफाई, पीने का पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था का गहनता से जांच करेंगे। वहीं आवंटित आवासीय विद्यालयों की निरीक्षण आख्या दो दिन के भीतर डीएम को प्रस्तुत करेंगे।


## कालसर्प दोष निवारण हेतु आज करें नाग देवता की पूजा: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस तिथि पर नाग देवता और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को काल सर्प दोष, पितृ दोष से राहत मिलती है। साथ ही कुंडली में बन रहे अन्य योगों से मुक्ति मिलती है। नाग देवता को शक्ति, रक्षा और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। उनकी आराधना से न केवल शारीरिक और मानसिक भय दूर होता है, बल्कि घर में सुख-शांति और समृद्धि भी बनी रहती है।उक्त जानकारी वैदिक ज्योतिष संस्थान पर चल रहे पार्थिव शिव पूजन अभिषेक के दौरान स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज ने भक्तों के बीच दी।

स्वामी जी ने बताया कि इस बार पंचमी तिथि का प्रारंभ 28 जुलाई रात्रि 11:24 से हो चुका है जो कि 29 जुलाई रात्रि 12:46 तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार नागपंचमी आज यानि मंगलवार 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस बार नाग पंचमी तिथि पर शिव योग, रवि योग का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही इस दिन सावन का मंगलवार होने के कारण इस बार नाग पंचमी पर मंगला गौरी व्रत का संयोग भी है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए जप तप का बहुत शुभ फल मिलता है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार नाग पंचमी



के पूजन का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:41 से 8:30 तक रहेगा। चौघड़िया का शुभ मुहूर्त सुबह 10:46 से दोपहर 12:27 तक रहेगा। इसके बाद दोपहर 12:27 से 2:09 तक शुभ मुहूर्त रहेगा। और दोपहर 3:51 से शाम को 5:32 तक के समय में भी नाग पूजन किया जा सकता है। पूजा विधान को लेकर स्वामी जी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि नित्य क्रियाओं से निवृत्त होकर भगवान का ध्यान करके व्रत का संकल्प लें। शिवालय जाकर शिवलिंग का दूध, दही, गंगाजल, जल, शहद आदि से अभिषेक करें। धतूरा, बेलपत्र, फूल आदि शिवलिंग पर चढ़ाएं। नाग के 8 रूपों अनंत, वासुकी, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट और शंख की पूजा करें। नाग पंचमी पर नाग पूजा का धार्मिक और आध्यात्मिक दोनों महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से जीवन में आने वाली कई समस्याओं के साथ कालसर्प दोष या सर्प भय से छुटकारा मिलता है।प्रातः संस्थान पर चल रहे पार्थिव शिव पूजन के बाद इगलास क्षेत्र के ग्राम सहारा खुर्द में प्रसिद्ध श्री कुमारेश्वर महादेव पर स्वामी जी के सानिध्य में गौरव शास्त्री, ऋषि शास्त्री, शिवम व्यास, गौरव वेदपाठी के द्वारा विधिविधान वेद मन्त्रों से सपत्नीक चौधरी ऋषिपाल सिंह (सदस्य विधान परिषद)द्वारा दूध, दही, घी, शहद, बूरा, पंचामृत, आदि से अभिषेक करा कर भव्य श्रंगार पूजन भंडारा किया। इस अवसर पर अनिल तिवारी, नवीन चौधरी, नरेंद्र सागवान, संजय शर्मा प्रधान, वोधपाल, धर्मेन्द्र चौधरी, दिनेश चौधरी, विकास शर्मा, अमित हरकुट, निपुन उपाध्याय आदि भक्त उपस्थित रहे।

## आय में हो रही है वृद्धि

जन एक्सप्रेस । आगरा

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्युचुअल फंड) ने कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मोमेंटम थीम पर आधारित है। यह फंड कंपनी के इन-हाउस विकसित मॉडल के आधार पर उन शेयरों की पहचान करता है जिनमें अर्निंग्स मोमेंटम हो, यानी जिनकी आय में वृद्धि हो रही हो। यह स्कीम 29 जुलाई 2025 से 12 अगस्त 2025 तक सार्वजनिक निवेश के लिए खुली रहेगी।

मोमेंटम निवेश का सामान्यत- अर्थ है उन शेयरों में निवेश करना जिनकी कीमतों में तेजी हो, उम्मीद के साथ कि यह ट्रेंड जारी रहेगा। हालांकि, यह सिर्फ कीमतों तक सीमित नहीं होता। अर्निंग्स मोमेंटम उन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करता है जिनमें आय में सुधार हो रहा हो और जिनके बारे में विश्लेषकों की राय सकारात्मक हो। कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड ऐसे कंपनियों को लक्ष्य बनाता है जिनकी प्रति शेयर आय (ईपीएस) बढ़ रही हो, चाहे वो विश्लेषकों की ओर से मिला अपग्रेड से हो या अप्रत्याशित रूप से अच्छे तिमाही परिणामों से। यह फंड कोटक म्युचुअल फंड द्वारा विकसित विशेष मॉडल पर आधारित है, जो अर्निंग्स व बिक्री में वृद्धि और एनालिस्ट्स की रेटिंग्स के आधार पर मोमेंटम को मापता है।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने कहा, बाज़ार हमेशा अर्निंग्स के अधीन होते हैं। इतिहास गवाह है कि तेजी और मंदी दोनों दौरों में अर्निंग्स ने कीमतों से बेहतर प्रदर्शन किया है। यही हमारे फंड की नींव है।

# ऊर्जा मंत्री की टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज में गुस्सा, पद से हटाने की सीएम से की मांग, दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

यूपी सरकार के मंत्री एके शर्मा की वैश्य समाज पर टिप्पणी को लेकर लोगों में गुस्सा है। एके शर्मा को पद से हटाने की मांग को लेकर समाज के लोगों ने यूपी सीएम के नाम ज्ञापन दिया।

अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन के पदाधिकारियों में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा वैश्य समाज पर की गई टिप्पणी को लेकर गुस्सा है। 28 जुलाई को गभाना में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कृष्ण गोपाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

नगर अध्यक्ष दुर्गेश गोयल के साथ सौंपे ज्ञापन में कहा कि ऊर्जा मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी आपत्तिजनक व आहत करने वाली है। इससे व्यापारियों को ठेस पहुंची है। उन्होंने



सीएम से मांग की है कि उन्हें मंत्री पद से हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुकेश गर्ग, भुवनेश गोयल, राज अग्रवाल, हरीश माहेश्वरी, दीपांशु माहेश्वरी, टीटू गर्ग, रामेश्वर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 11 और राज्यों में होगा विस्तार

जन एक्सप्रेस । आगरा

नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल और एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांज़िशन ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करते हुए 125.65 मेगावॉट सोलर-विंड हाइब्रिड एनर्जी की आपूर्ति के लिए एक नया पावर-व्हीलिंग समझौता किया है, जो इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) से जुड़े प्लांट्स के ज़रिए दी जाएगी। इस नई साझेदारी के साथ दोनों कंपनियों के बीच कुल रिन्यूएबल एनर्जी सहयोग 200 मेगावॉट के पार पहुँच चुका है।

यह कदम नेक्स्ट्रा की इंफ्रास्ट्रक्चर एफिशिएंसी को बढ़ाएगा, डी-कार्बनाइजेशन को तेज़ करेगा और ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मज़बूत करेगा – जिससे नेक्स्ट्रा भारत में सस्टेनेबल डेटा सेंटर सॉल्यूशंस का प्रमुख खिलाड़ी बना रहेगा।

यह अतिरिक्त क्षमता नेक्स्ट्रा को दो चरणों में दी जाएगी–

पहली राजस्थान और दूसरी कर्नाटक में कैप्टिव सोलर-विंड पावर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से। एएमपीआईएन पहले से उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में इन्ट्रा-स्टेट ओपन एक्सेस के ज़रिए नेक्स्ट्रा को सोलर पावर सप्लाई कर रहा है। इस नए समझौते के तहत, एएमपीआईएन अब 11 और राज्यों में विस्तार करेगा और साथ ही बड़े पैमाने पर आईएसटीएस रिन्यूएबल एनर्जी सप्लाई और एकल इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर (आईपीपी) से ग्रीन एनर्जी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल के सीईओ आशीष अरोड़ा ने कहा, सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक वादा नहीं है – यह हमारी ज़िम्मेदारी है और नेतृत्व का अवसर भी।

# शाहगंज के काले धंधों पर पुलिस की नज़र या महज दिखावा?

- देह व्यापार और नशे के अड्डों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति!
- जब आरोपी ही जांचकर्ता बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे करें?

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

जौनपुर

जन एक्सप्रेस की सनसनीखेज रिपोर्ट के बाद भले ही पुलिस अधीक्षक ने फौरन संज्ञान लेते हुए शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक को जांच सौंपी हो, लेकिन ज़मीनी हकीकत अब भी जस की तस बनी हुई है। कार्रवाई का दावा तो खूब किया गया, मगर नतीजा? न कोई गिरफ्तारी, न कोई सीलिंग, न कोई बड़ा खुलासा – सबकुछ सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित!

**बहरहाल**

शाहगंज को इस बदनाम पहचान से मुक्त कराने की ज़िम्मेदारी सिर्फ मीडिया या जनता की नहीं – बल्कि प्रशासन की है। अगर ये मामला भी बाकी मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला गया, तो यह सिर्फ एक सिस्टम की हार नहीं होगी, बल्कि उस समाज की भी होगी जो न्याय की उम्मीद लिए चुपचाप देखता रह जाता है।



## शाहगंज के होटल बने देह व्यापार के अड्डे!

**पुलिस संरक्षण में फल-फूल रहा काला कारोबार**

- अयोध्या रोड, ताखा चौराहा, रोडवेज स्टेशन और स्पा सेंटरों की सच्चाई चौंकाने वाली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले का शाहगंज कस्बा इन दिनों शर्मसार है। यहां के प्रमुख मार्गों– अयोध्या रोड, सुल्तानपुर रोड, आजमगढ़ रोड और ताखा चौराहा के आसपास खुलेआम देह व्यापार का खेल खेला जा रहा है। होटल, स्पा और हुक्का बार की आड़ में सेक्स रैकेट का गोरखधंधा फल-फूल रहा है, और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध कारोबार को कथित रूप से पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।

**होटल में बुकिंग के साथ खास पैकेज**

स्थानीय सूत्रों की मानें तो कस्बे के दर्जनों होटल ऐसे हैं, जहां एक फोन कॉल पर खास सर्विस मुहैया कराई जाती है। बुकिंग के समय ग्राहक को विकल्प दिए जाते हैं और सौदा तय

**...की आड़ में देह व्यापार**

शहर में तेजी से खुल रहे ब्यूटी पार्लर और स्पा सेंटर भी संदेह के घेरे में हैं। बॉडी मसाज के नाम पर इन सेंटरों में लड़कियों की उपलब्धता की जानकारी सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के जरिये फैलाई जाती है। ग्राहकों को पैकेज बताकर अंदर बुलाया जाता है, फिर सौदा तय होता है।

**हुक्का बार बन रहे नशे और**

...जा सकते हैं। कुछ बारों में शराब और अन्य मादक पदार्थों की खपत भी जोरों पर है। यहीं से जुड़ रहा है युवा वर्ग का अपराध की ओर झुकाव।

**पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल**

सूत्रों की मानें तो इन कारोबारियों से हर महीने पुलिस को 8 लाख रुपये तक की मोटी रकम पहुंचती है। यही कारण है कि स्थानीय लोगों द्वारा की गई बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस

- अब सवाल ये है कि क्या शाहगंज की पुलिस वाकई बेबस है या फिर इस गंदे खेल की मौन भागीदार?
- प्रशासन को चाहिए कि इन गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

**जनता पूछ रही है- शाहगंज में कब रुकेगा यह गंदा खेल?**

मामला अभी संज्ञान में नहीं था यदि ऐसा है तो मामले की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी
अजीत कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर

ताखा चौराहा और रोडवेज स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि यहां रात होते ही संदिग्ध




### अयोध्या रोड से रोडवेज तक, कारोबार बेधड़क जारी

शाहगंज के अयोध्या रोड, ताखा चौराहा और रोडवेज क्षेत्र के होटलों व स्पा सेंटर्स में अभी भी संदिग्ध गतिविधियां उसी रफ्तार से जारी हैं। डीलिंग ऑन कॉल के जरिए ग्राहकों को स्पेशल पैकेज की पेशकश की जा रही है – शाम ढलते ही गाड़ियां रुकती हैं, दरवाज़े खुलते हैं, और रात फिर वही कहानी दोहराती है।

### स्पा सेंटर में 'बॉडी मसाज' या देह व्यापार?

स्थानीय लोगों की मानें तो नाम बदल-बदल कर चल रहे कई स्पा सेंटर दरअसल जिस्मफरोशी के अड्डे बन चुके हैं। सोशल मीडिया पर खुलेआम ऑफर और डील्स की बात चल रही है, लेकिन प्रशासन अब तक आंख मूंदे बैठा है। आखिर क्यों?

### हुक्का बार में बेखौफ उड़ता नशा

नाबालिगों तक की भीड़ देखी जा रही है इन हुक्का बारों में, जहां मादक पदार्थों का उपयोग खुलेआम हो रहा है। न तो कोई लाइसेंस की जांच, न कोई छापा – सब कुछ जैसे 'मैनेज' हो चुका है।

### मिलीभगत की बू – जांच की पारदर्शिता पर सवाल

सूत्रों की मानें तो हर महीने मोटी रकम 'सिस्टम' को चढ़ाई जाती है। यही वजह है कि असली दोषियों पर हाथ डालने से पहले पुलिस की कलम कांप जाती है। सवाल ये उठता है – जब जांचकर्ता ही व्यवस्था का हिस्सा बन जाए, तो निष्पक्षता की उम्मीद किससे करें?

### जनता का सवाल- कब होगी असली कार्रवाई?

जनता आज खौफ में जी रही है। अभिभावक बच्चों को बाहर भेजने से डरते हैं, महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और हर दिन किसी अनहोनी का डर सिर पर मंडरा रहा है।

**जनता की मांग- अब दिखावा नहीं, ठोस कदम उठाओ!**

- स्वतंत्र जांच कमेटी का गठन हो, जिसमें पुलिस के अलावा राजस्व, नगर पालिका और महिला आयोग जैसे विभागों की भागीदारी सुनिश्चित हो।
- होटल, स्पा और हुक्का बार के लाइसेंस की जांच हो, और फर्जीवाड़ा सामने आए तो तत्काल लाइसेंस रद्द किए जाएं।
- हर महीने सार्वजनिक रिपोर्ट जारी की जाए – कौन से अड्डे पर क्या कार्रवाई हुई, जनता को बताया जाए।
- स्थानीय नागरिकों की गवाही और डिजिटल सबूतों को दर्ज किया जाए और उन्हें कार्रवाई में शामिल किया जाए।
- क्या दो-चार होटलों की 'रूटीन चेकिंग' से हालात सुधरेंगे?
- क्या नोटिस भेजना ही कार्रवाई है?
- क्या जनता को इंतज़ार करना होगा किसी बड़े हादसे का, ताकि आंखें खुलें?

**अब फैसला प्रशासन को करना है – बनेगा उदाहरण या हो जाएगा अंत भी बाकी मामलों की तरह अधूरा?**

## आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**बरईपार।** तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में तीन लोगों पर दो वर्ष बाद नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। सिकरारा थाना क्षेत्र के भुवाखुर्द गांव निवासिनी पूजा कुमारी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि नवम्बर 2023 में तेजीबाजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में रामदवर सरोज से मुलाकात हुई और जान पहचान हो गई। रामदवर ने पूजा को बताया कि वह अध्यापक बन गया है और उसे आंगनवाड़ी में नौकरी दिलवा देगा जिसमें एक लाख रुपए लगेंगे। पूजा इस फरेब में फंस गई और धीरे धीरे रामदवर के खाते में और उसके लड़के और पत्नी के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया। काफी दिन इंतजार करने पर नौकरी नहीं मिली और रामदवर भी अध्यापक नहीं है इसका पता पूजा को चला तो वह अपने को ठगा महसूस करने लगी और जौनपुर न्यायालय का रुख किया, दो गवाहों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने तेजीबाजार पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष सत्येंद्र भाई पटेल ने बताया कि रामदवर, गीता, और गोलू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## निपुण ब्लॉक बनाने में एआरपी की भूमिका अहम : विजय आनन्द

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हर्रैया बीआरसी सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नवनियुक्त एआरपी सन्तोष कुमार शुक्ल, रवीश कुमार मिश्र, काशीराम वर्मा का स्वागत और सफल कार्यकाल के लिए पूर्व एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह और उमेश सिंह को सम्मानित किया गया। शिक्षकों का स्वागत और सम्मान बीईओ की अगुवाई में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, तहसील अध्यक्ष राजकुमार तिवारी और अन्य शिक्षकों के द्वारा किया गया। बीईओ ने पूर्व एआरपी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। कहा कि राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश के क्रम में बीते शैक्षिक सत्र में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा 69 स्कूलों का निपुण असेसमेंट कराया गया था जिसमें एआरपी साथियों के सहयोग से 64 विद्यालय निपुण पाए गए थे। निपुण एसेसमेंट टेस्ट में हर्रैया का परिणाम सबसे अच्छा रहा। बीईओ ने कहा कि निपुण ब्लॉक बनाने में एआरपी की अहम भूमिका है।

नए एआरपी विद्यालयों में जाकर पठन-पाठन की व्यवस्था सही कराएं ताकि तय समय में विद्यालय निपुण होने के साथ ही पूरा ब्लॉक निपुण हो सके। बैठक में स्कूलों के जुलाई माह की समीक्षा के साथ ही अगस्त माह में किए जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देश दिया गया।

जिसमें संदर्शिका, कार्यपुस्तिका, शिक्षक डायरी, निपुण तालिका, गणित विज्ञान किट, बच्चों का आकलन, दीक्षा एवं रीड एलांग एप, गणित ओलंपियाड, नवीन नामांकन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से नरेन्द्र पाण्डेय, इश्तियाक अहमद, नईमुद्दीन, ओमप्रकाश, अनिल सिंह, बाबूलाल ओझा, संजीव सिंह, सर्वदेव सिंह, मानिक राम वर्मा, चिन्मय राय, योगेश सिंह, प्रशान्त सिंह, राम रक्षा, राम जी, महेंद्र, जितेंद्र, विजय प्रकाश, पीयूष मिश्र, अमित, महेश, मनमोहन, विजय, शंभू प्रसाद, हनुमान दूबे, सर्वेश वर्मा, राजेश, बालकृष्ण मिश्र, जय शंकर मिश्र, प्रदीप मिश्र, अविनाश सिंह, रमाशंकर सिंह, अरूणेन्द्र सिंह, राजकुमार, सुभाष वर्मा, मेराज अहमद, राम भवन, राम बालक, राम तौल, नीलम सिंह, निरुपमा तिवारी, कालिंदी, भारती शुक्ला, सरोज बाला, सुधा श्रीवास्तव, निर्मला पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## मथुरा से संत पंकज जी महाराज के सानिध्य में निकली 122 दिनी धर्म यात्रा





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

आज यहां आयोजित सत्संग समारोह में अपने प्रवचन में पंकज महाराज ने कहा महापुरुषों का सत्संग वह जल है जिसमें कौआ स्नान करके हंस बनकर निकलता है। सत्संग में किसी की निदा आलोचना नहीं की जाती है बल्कि भगवान की भक्ति के प्रति शौक पैदा किया जाता है। सत्संग से विवेक जागृत होता है। जिससे यह बोध होता है कि मानव शरीर चौरासी लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ है। इसमें प्रभु प्राप्ति के लिये एक दरवाजा है जिसका भेद संत महात्मा जानते हैं। इसलिये गृहस्थ आश्रम में रहकर किसी प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त महात्मा की खोज कर उनसे सुरत शब्द योग (नाम योग) की साधना का मार्ग लेकर अपना जीवन सफल बनायें। उन्होंने शाकाहार को सुखद आहार बताते हुये कहा मनुष्य शाकाहारी प्राणी है वह अपनी बुद्धि व बल से जीवों की हिंसा करता और मांसाहार करता हैमांसाहार से जीवों के जीवाणु मानव शरीर में आ जाते हैं और आ जायेंगे इससे भयंकर बीमारियां पैदा हो जाती हैं। हिंसा का पाप अलग से लग जाता है। सन्त कबीर जी ने तो कह दिया है ''तिल भर मच्छी खाइ कै, कोटि गऊ दे दान, काशी करवट ले मरै तो भी नर्क निदान।'' समाज में शराब पीने का बढ़ता चलन बहुत ही घातक है। मांसाहार व शराब जैसे घातक नशों से अपराधों में वृद्धि हो रही हैं युवा पीढ़ी को इस ब्यसन से बचाना बहुत जरूरी है। चरित्र मानव धर्म की पूंजी है। चरित्र उत्थान समय की मांग है। समाज के सभी शुभचिन्तकों, समाज सेवियों, बुद्धिजीवियों से हार्दिक अपील है स्वयं शाकाहारी व मद्यपान रहित होकर अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें आज वर्षा के बावूद सत्संग में भाग लेने वाले लोगों को बहुत साधुवाद कहा। साधना का जो रास्ता बताया गया है नियमित रूप से कीजियेगा। रास्ता सच्चा है, अवश्य अनुभव होगा। शांति व्यवस्था स्थापित करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर ऋषिदेव श्रीवास्तव, अरुण वर्मा, राम अकबाल प्रजापति, राम कृपाल यादव, राम सकल निषाद, रोहित यादव, सूर्यकान्त मिश्र, राजेन्द्र सोनी, हेमराज यादव आदि मौजूद रहे।

> कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव बदलापुर खुर्द, पानी की टंकी कनकपुर के पास लिये प्रस्थान कर गई। (आज) सत्संग आयोजित है।
> –राम अकबाल प्रजापति
> अध्यक्ष, जयगुरुदेव संगत वि.ख. बदलापुर

## दबंगों ने पेड़ उखाड़कर मारा-पीटा कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



लालगंज थाना क्षेत्र के उजियानपुर निवासिनी खुशबू पुत्री दीपचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर मारपीट, धमकी देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्रवाई की मांग किया। बड़ी संख्या में न्याय की मांग को लेकर ग्रामीण एसपी आफिस पहुंचे और इन्साफ की गुहार लगाया।

एसपी को दिये पत्र में खुशबू ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति की है। गत 12 जुलाई की शाम को उसके पिता और भाई पेड़ों को पानी दे रहे थे तभी गांव के ही रामकरन पुत्र रामराज, वीरेन्द्र पुत्र बाढ़ू, नीरज पुत्र रामकरन, मुल्का पत्नी रामकरन, मंजू पत्नी सुखराम, अंकिता पुत्री रामकरन आदि दरवाजे पर चढ आये और जाति सूचक गालियां देते हुये पेड़ों को उखाडने लगे, विरोध करने पर लाठी, डण्डो से मारा पीटा। जब उसकी मां बचाने दौड़ी तो उसे भी मारा पीटा। गांव के लोगों के आने पर उक्त लोग धमकी देते हुये भाग गये। मारपीट के दौरान उसके भाई को गंभीर चोटे आयी। उसका इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। लालगंज पुलिस को मामले की तत्काल सूचना दी गई किन्तु पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया न ही कोई कार्रवाई किया। मांग किया कि मामले में मुकदमा दर्ज कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किया जाय।

एसपी को पत्र देने के दौरान मुख्य रूप से सोनू चौधरी, किसान पुत्र, विकास गोस्वामी, संजीत कन्नौजिया, अजीत यादव, सुनील चौधरी, बन्टू कन्नौजिया, विशाल कन्नौजिया, माता बदल, रामभेज, संगीता, गुरूदीन, शुभम, विशाल राना, जितेन्द्र राना, बलिराम निषाद, हरि निषाद आदि शामिल रहे।

## जौनपुर में जन एक्सप्रेस की खबर का एक बार फिर हुआ दमदार असर




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

अवैध गाजा बेचने का खबर को जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से चलाया था खबर का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर बदलापुर थाना पुलिस क्राइम टीम प्रभारी उप निरीक्षक शेषनाथ सिंह ने एक आरोपी मो0 हारून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

मुख्य आरोपी अंकित सिंह को पुलिस पकड़ने में नाकाम इसके संरक्षण में गांजा बेचने का कारोबार हो रहा है।

## जौनपुर कांशीराम शहरी आवास का जर्जर बारजा गिरा, बाल-बाल बचे लोग

- कांशीराम शहरी आवास का जर्जर बारजा गिरा, बाल-बाल बचे लोग
- निगरानी और रखरखाव के अभाव में गंदगी, जलभराव और जर्जर स्थिति से जूझ रहे हैं निवासी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



सिद्दीकपुर स्थित कांशीराम शहरी आवास योजना में रखरखाव की अनदेखी एक बड़ी दुर्घटना में तब्दील होते-होते बची। बीती रात लगातार हुई बारिश के चलते आवास संख्या 23-एन ब्लॉक का जर्जर बारजा भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि रात का समय था और सभी लोग अपने-अपने घरों में थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

आप को बता दे कि वर्ष 2009 में तत्कालीन बसपा सरकार द्वारा शहरी गरीबों के लिए यह आवास बनवाए गए थे। लेकिन सरकार बदलने के बाद से इन आवासों की स्थिति बदहाल होती चली गई। वर्तमान में आवासों की देखरेख न के बराबर है। न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था है, जिससे सभी ब्लॉकों के सामने पानी जमा हो गया है। लोग इसी गंदे पानी के बीच आने-जाने को मजबूर हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई मकान किराए पर दे दिए गए हैं या फिर बाहरी लोगों ने कब्जा कर लिया है। नगर पालिका की ओर से केवल मुख्य मार्ग पर झाड़ू लगाकर औपचारिकता निभाई जाती है। नालियों की सफाई नहीं होती, जिससे वे जाम हो चुकी हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और शौचालयों के चैंबर ओवरफ्लो होकर बहने लगे हैं। इस मामले में जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार से बात की गई,

तो उन्होंने बताया कि बिल्डिंग का शीघ्र निरीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र नगर की सीमा से बाहर माना जाता है, इसलिए यहां साप्ताहिक सफाई की व्यवस्था है। यदि वहां के निवासियों को कोई शिकायत है, तो उसे देखकर समाधान जल्द किया जाएगा

## थरौली गांव में अम्बेडकर पार्क की मांग, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती

सोमवार को भीम युवा वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव के नेतृत्व में लालगंज थाना क्षेत्र के थरौली गांव के निवासियों ने अपर आयुक्त और जिलाधिकारीके प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि गांव में अनुसूचित जाति, जन जाति के लोगों को सामाजिक कार्य आदि के लिये भूमि का चिन्हीकरण कराया जाय। इसके साथ ही अम्बेडकर पार्क की स्थापना कराया जाय। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव की सरकारी जमीनों पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है और जो रिक्त जमीन कहीं है भी वहां अनुसूचित जाति, जन जाति के लोगों को सामाजिक कार्य आदि के लिये स्थान नहीं दिया जाता। इससे लोगों में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग किया कि अवैध कब्जों को हटवाकर अम्बेडकर पार्क के लिये भूमि सुनिश्चित की जाय। अर्जक समाज के राष्ट्रीय संयोजक गौरीशंकर, भारतीय दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधूशरन आर्य ने ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुये समस्याओं के निराकरण की मांग किया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से संदीप कुमार गौतम, फूलचन्द, वीरेन्द्र कुमार, राजकुमार, दीपक, जितेन्द्र, चन्द्रावती, रामरूप, रूचि, शान्ती, सोनबरसा, राजमति, संतलाल, जयराम, संतबली, मोनू, गौरव, प्रिन्स, सुराती, मंजीत कुमार, हरिहर, आयुष, सरस्वती, खुशी, रामदीन आदि शामिल रहे।

## नवीन शिक्षण विधियों, नवाचारों से अवगत कराने में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण : संजय शुक्ल

- 15 बैचों में प्रशिक्षित किए जाएंगे 1500 शिक्षक, दो बैचों का प्रशिक्षण शुरू

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में सोमवार को दो बैच के 210 शिक्षकों का एकीकृत शिक्षक-प्रशिक्षण मॉड्यूल पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि प्रशिक्षण नवीन शिक्षण विधियों और नवाचारों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है जब प्रशिक्षण में सीखी गई चीजों को शिक्षक अपनी कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बेहतर बनाने, उनकी क्षमताओं को बढ़ाने और छात्रों के लिए सीखने के बेहतर माहौल बनाने में मदद करना है। जब प्रशिक्षण शिक्षकों द्वारा पूरे मनोयोग से लिए जाते हैं, तो वे छात्रों के सीखने के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। एकीकृत प्रशिक्षण के प्रभारी प्रवक्ता डॉ रविनाथ त्रिपाठी ने बताया कि यह प्रशिक्षण 15 बैच में 1500 प्राथमिक शिक्षकों को दिया जाना है जो कि 26 सितंबर तक चलेगा। बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी है इस प्रशिक्षण में सीखी गई विधाओं को शिक्षक जब अपने कक्षाओं में लागू करेंगे तो बेसिक शिक्षा में इसका व्यापक असर दिखेगा। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षण के संदर्भदाता डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन, शशिदर्शन त्रिपाठी, मोहम्मद इमरान, डॉ ऋचा शुक्ला ने प्रतिभागियों को विस्तृत ढंग से चीजों को बताया। जिसमें मॉड्यूल परिचय, प्राथमिक शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (विद्यालयी शिक्षा) 2023, निपुण भारत अभियान, कला एवं संगीत एकीकृत शिक्षण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेलकूद एकीकृत शिक्षण आदि के बारे में विस्तृत ढंग से संदर्भदाताओं ने बताया। इस अवसर पर डॉ गोविन्द प्रसाद, वंदना चौधरी, वर्षा पटेल, कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## अधेड़ को मनबढ़ों ने पीटकर किया घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद जिले के जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाज़ा स्थित एक ढाबे के पास एक अधेड़ को चार मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। रविवार की रात हुई इस घटना के बाद वहां काफी दहशत का माहौल देखा गया। पीड़ित ने यूपी डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया लेकिन आरोपी तब तक भाग गए।

सोमवार को पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिर्जापुर जिले के पड़री थाने के शेष का पूरा गांव निवासी जयप्रकाश दूबे पुत्र उमाशंकर दुबे बिशुनपुर मझवारा गांव में स्थित अपने एक रिश्तेदारी में आये थे।शाम को वह हौज पोखरा गांव निवासी अपने मित्र सर्वेश सिंह चौहान पुत्र सोहन सिंह से मिंलने चला गया। वह सर्वेश मिलकर वापस बिशुनपुर आ रहा था। हौज टोलप्लाज़ा के आगे एक ढाबे पर वह रुक गया।

वहां पर चार युवक आ गए। उन लोगों ने जयप्रकाश दूबे से पूछ कहा कि हो।जब उसने अपना घर मिर्जापुर बताया तब उन लोगों ने उसे ढाबे के बगल में स्थित एक भट्ठे पर ले जाकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया।साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिया। जयप्रकाश दुबे की तहरीर पर पुलिस ने सन्तोष यादव, दशरथ यादव, राजन यादव उर्फ पिंटू पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## भारी अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुई आईटीआई की परीक्षा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में अवस्थाओं के बीच सोमवार को आईटीआई की ऑनलाइन सीबीटी मोड की परीक्षाये अफरा तफरी दुर्व्यवस्थाओं के बीच शुरू हो गई। ठीक परीक्षा के मौके पर कई सिस्टम जवाब दे गए। उधर चहेतो को सुविधा शुल्क लेकर उन्हें साल्वर भी उपलब्ध कराने के आरोप परिक्षार्थियो ने लगाए। यहां तो सीसीटीवी कैमरा का भी मोड चेंज करने की मामले सामने आए हैं। जिले के 122 आईटीआई कॉलेजो के परीक्षार्थियों का दो परीक्षा केन्द्र बनाया गया है ।जिसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सिद्दीकपुर में पहले केंद्र पर तीन पालियों में आईटीआई की सीबीटी मोड की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से शुरू हुई। इस दौरान बारिश में भीगकर काफी छात्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और परीक्षार्थियों की काफी संख्या देखकर आईटीआई परिसर का चेकिंग अभियान धरा का धरा रह गया। सभी परीक्षार्थी सारे नियम तोड़ते हुए अपने-अपने परीक्षा कक्ष व कम्प्यूटर सिस्टम पर पहुंच गए। परीक्षा शुरू होने से पहले कई लोगों को कहा गया कि परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रहे हैं कोई अनुचित साधन का प्रयोग ना करें। जो भी सुविधा शुल्क कॉलेज के माध्यम से दिए हैं उन्हें समय से परीक्षा सुविधा प्रदान की जाएंगी ।कक्ष निरीक्षक के रूप में चहेतो के पीछे साल्वर खडे होकर उनके स्क्रीन पर सवाल के जवाब चलते फिरते बोले गये। हालांकि अफरा तफरी और दुर्व्यवस्थाओं के बीच परीक्षाए शुरू हुई। पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी जिसके लिए परीक्षार्थी तड़पते रहे और निकाल कर सीधे दुकानों से पानी खरीद कर पिए। गंदगी भी केंद्र पर भरमार था, परीक्षार्थियों के लिए 200 से अधिक सिस्टम लगाए गए थे। कुछ सिस्टम रुक-रुक कर ट्रिप कर जा रहे थे लेकिन एक्स्ट्रा सिस्टम न होने से परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि जैसे तैसे पहली दूसरी तीसरी पाली की परीक्षाएं संपन्न हुई। कई आईटीआई कॉलेजो से आए परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि यहां चहेतों के लिए अलग सुविधा दी जा रही हैं । अथवा जो कॉलेज छात्रों से पर पेपर के हिसाब से पैसा जमा कराया उन्हें भी सुविधा दी जा रही। जिन्होंने नहीं जमा कराया, उन्हें कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्हें दूसरे सिस्टम पर बैठाया जा रहा है। हालांकि इस बारे में आईटीआई के जिम्मेदारों से पूछने पर वह जवाब देने से कतरा गए। परिसर में जगह न होने पर काफी छात्र बाहर ही खड़े भीगते रहे।

# अवसानेश्वर मंदिर के टीनशेड में उतरा करंट दो श्रद्धालुओं की मौत, 35 घायल

■ मण्डलायुक्त, कमिश्नर, डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण, घायलों का जाना हाल




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**हैदरगढ़।** सावन के तीसरे सोमवार को हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध अवसानेश्वर महादेव मंदिर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जलाभिषेक के दौरान अचानक करंट फैलने से भगदड़ की स्थिति बन गई। इस हृदयविदारक हादसे में जहां दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि तीन दर्जन श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी त्रिवेदीगंज, सीएचसी हैदरगढ़ और कुछ घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में थाना लोनीकटरा के मुबारकपुरा गांव निवासी 22 वर्षीय प्रशांत कुमार और दूसरा थाना कोठी के ग्राम नकटा सेहरिया निवासी रमेष रावत पुत्र सजीवन था। घटना स्थल पर अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार व जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने भी निरीक्षण किया और सभी घायलों की कुषलक्षेम भी पूछी। जानकारी के अनुसार, सावन के तीसरे सोमवार में भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए देर रात 1 बजे से ही भक्तों का जनसैलाब अवसानेष्वर महादेव मंदिर पर उमड़ पड़ा था। रात्रि लगभग 2 बजे अचानक टीनषेड पर करंट उतर आया करंट की चपेट में आ करके दो युवकों की मौत हो गयी। भारी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए प्रवेश द्वार के बाहर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाये गए टीन शेड के नीचे खड़े होकर मंदिर में प्रवेश के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक बंदर बिजली के तार पर कूद गया, जिससे तार टूटकर टीन शेड पर गिर गया। विद्युत प्रवाहित तार के गिरते ही शेड में करंट फैल गया, जिससे वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए और भगदड़ मच गई। जैसे ही यह सूचना आलाधिकारियों को हुई तो क्षेत्र की आधा दर्जन एम्बुलेंस मौके पर पहुंची अधिकारियों ने हादसे के तुरंत बाद घायलों को त्रिवेदीगंज और हैदरगढ़ व कोठी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भर्ती कराया। हैदरगढ़ सीएचसी में कुल 29 घायलों को लाया गया, जिनमें से पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना व कस्बा शिवगढ़ निवासी अर्जुन पुत्र राम शंकर 25 वर्ष को को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामूली रूप से घायल बाकी 28 श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं त्रिवेदीगंज सीएचसी पर नौ लोगों को उपचार के लिए पहुंचाया गया जिनमें से प्रशांत (22) पुत्र रामकृपाल मुबारकपुर लोनीकटरा व थाना कोठी के ग्राम नकटा सेहरिया निवासी 25 वर्षीय रमेष पुत्र सजीवन को मृत घोषित कर दिया। वहीं गम्भीर रुप से घायल रंजीत (26) पुत्र साहबदीन मोहदीपुर सतरिख, पलक (13)पुत्री रंजीत राम छतौरा कोठी, संध्या (24)पुत्री महेश भुलभुलिया कोठी, सुंदरम सिंह (14) पुत्र सरतेज, मोहदीपुर कोठी, लक्ष्मी (18) पुत्री पवन बिबियापुर घाट कोठी, अमन (18)पुत्र बाबादीन गढी गोसियामऊ सुबेहा, बैजनाथ (22)पुत्र जगजीवन सुबेदार पुरवा हैदरगढ को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में भर्ती कराए गए असन्द्रा व कोठी थाना क्षेत्र के रसूलपुर, अलुवामऊ, सादुल्लापुर व गोहाना आदि गांव के अमन वर्मा 18 वर्ष, आयुष कुमार 26 वर्ष आकाश वर्मा, हरि किशन 15 वर्ष शुभम कश्यप 21 वर्ष नितेश 17 वर्ष हर्ष गुप्ता 21 वर्ष को इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पंकज सुनील द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मामूली चोटों के चलते छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अपूर्व विजयवर्गीय सहित आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। पूरे मंदिर क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई है, और घटना की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### स्थिति सामान्य, हजारो श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

हादसे के बाद कुछ समय के लिए मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल रहा, लेकिन प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते स्थिति पर काबू पा लिया गया। अब मंदिर में दर्शन-पूजा का क्रम सामान्य रूप से चल रहा है और श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। हादसे के समय मंदिर में सावन का तीसरा सोमवार के कारण भीड़ सामान्य से कई गुना अधिक थी। इस घटना के बाद मंदिर समिति और प्रशासन मिलकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं, जिससे भविष्य में ऐसे हादसों को टाला जा सके। यह हादसा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी व्यवस्था में लापरवाही का संकेत देता है। प्रशासन से उम्मीद की जाती है कि वह इस घटना से सबक लेते हुए भीड़ प्रबंधन, विद्युत सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को और मज़बूत करेगा।

# सीएचसी पहुंचे दिनेश, घायलों से की मुलाकात



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हैदरगढ़। अवसानेष्वर महादेवा में हुई भगदड़ में घायल हुए लोगों का हाल जाने भाजपा विधायक दिनेश रावत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुचें और सभी घायलो और तीमारदारो से मुलाकात की। उन्होने घटना पर दुख प्रगट करते हुए कहा कि अवसानेष्वर महादेवा में घटी दुर्घटना दुखद है, उन्होने सभी घायलो का ढाढ़स बधाया और अधीक्षक को इलाज में कोताही न बरतने की बात कही उन्होने कहा सभी घायलो को वेहतर इलाज किया जाए। लगभग एक घंटे रूकने के पश्चात वह अपने गंतव्य को रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार श्रावण मास के तृतीय सोमवार को क्षेत्र के अवसानेष्वर महादेवा मंदिर में एक दिन पूर्व से शिवभक्तों की भीड़ जुटना प्रारंभ हो गई। भारी भीड़ को देखते हुए उपजिलाधिकारी, सीओ व प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ रात से ही मंदिर परीसर में डेरा जमा दिया था और वही चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा बैठा दिया। रात्रि लगभग 1 बजे मंदिर के बाहर छाया हेतु लगाया गया टीन सेड़ में करंट उतर आया जिससे कुछ शिव भक्त विद्युत शाट की चपेट में आ गए थें, इसी दौरान वहां भगदड मच गई, मौके पर मौजूद प्रशासन तब तक स्थिति काबू करता तब तक तमाम शिवभक्त घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने आनन फानन एम्बूलेंस की मदद से कुछ घायलो को सीएचसी हैदरगढ़ तो कुछ घायलो को सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती करा दिया। अस्पताल मे मौजूद चिकित्सकों दो युवको को मृत घोषित कर दिया। जब इस बात की जानकारी भाजपा विधायक को हुई तो वह भी सीधे अस्पताल पहुंचे और घायलो से मुलाकात की और घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस दौरान उनके साथ नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी, कौशलेन्द्र शुक्ला, नागेन्द्र, मोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### घायलों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल

हैदरगढ़ स्थित औसानेष्वर महादेव मन्दिर में दर्शन के दौरान विद्युत करंट उतर जाने से भगदड़ सी मच गई जिनमें 2 श्रद्धालू की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा भगदड़ में कई श्रद्धालूगण घायल हो गये, जिसकी सूचना पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने एक प्रतिनिधि मण्डल भेजा जिसमें जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर पीड़ित व घायल लोगों के परिवारजनों से घटनाक्रम जाना और उनके स्वस्थ होने की मंगल कामना की, साथ ही उन्हें पार्टी और बाराबंकी सांसद की ओर से हर संभव मदत करने का आष्वासन दिया।

# परिजनों ने लगाया स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** सीएचसी में मोनी वर्मा पत्नी आशीष वर्मा ने रविवार शाम को नार्मल प्रसव में दो लड़कों को जन्म दिया। एएनएम रेनू साहनी ने शाम करीब 6 बजे प्रसव कराया। कम वजन के कारण बच्चों को सीएचसी से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर रेफर किया गया। अस्पताल में डॉक्टर संयुक्ता गुप्ता ने बच्चों का उपचार शुरू किया। रात करीब 11 बजे बच्चों को मां के दूध पिलाने के लिए सीएचसी में भर्ती माँ के पास भेज दिया गया। इसके बाद परिजन बच्चों को लेकर अस्पताल वापस नहीं आए। बच्चों के चाचा अर्चित पटेल का आरोप है कि उन्होंने बच्चों को आईसीयू में भर्ती कराया था। लेकिन डॉक्टरों ने मात्र 10 मिनट बाद ही उन्हें बाहर निकाल दिया। परिजनों का आरोप है कि वे दोनों बच्चों को लेकर इमरजेंसी पहुंचे। मौजूद डॉक्टर घण्टो तक कागज बनाते रहे। फिर बच्चों को एनआईसीयू में भर्ती नहीं किया गया। बल्कि बाहर ही उन्हें ऑक्सीजन लगा दी गई। थोड़ी देर बाद बताया गया कि बच्चा स्वस्थ है, इसे ले जाओ। इस सम्बद्ध में संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉक्टर एके सिन्हा का कहना है कि जुड़वा बच्चों का वजन कम था। लेकिन अन्य सभी पैरामीटर सामान्य थे। बच्चों में सभी गतिविधियां थीं और उन्हें मां का दूध पिलाने के लिए भेजा गया था। सुबह करीब 3 बजे जब परिजन वापस आए, तो एक बच्चे की मृत्यु हो चुकी थी। दूसरे बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। एएनएम रेनू साहनी ने बताया कि उन्होंने रविवार शाम को नॉर्मल प्रसव कराया था। बच्चे स्वस्थ थे लेकिन वजन कम होने के कारण उन्हें रात 7 बजे संयुक्त चिकित्सालय रेफर किया गया। रात में बच्चों की हालत बिगड़ने पर उन्हें फिर से अस्पताल भेजा गया, जहां एक बच्चे की मृत्यु हो गई।

# बम भोले के जयकारों से गूंजा शिवालय

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिद्धौर।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कस्बा सिद्धौर स्थित सिद्धेष्वर मंदिर में आस्था विष्वास एवं श्रद्धा का विहंगम दृश्य दृश्यमान हुआ मंदिर परिसर एवं सड़क पर हर तरफ हर हर महादेव की जयकार होती रही शिव भक्तों की दोपहर बाद तक लंबी कतार लगी रही पुलिस प्रशासन ने हैदरगढ़ स्थित औसानेष्वर मंदिर में हुए रात्रि हादसे के बाद सतर्क होकर इस बार सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए थे फिर भी भक्तों को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी राजस्व प्रशासन से नायब। तहसील दार सौरभ सिंह लेखपाल अभिषेक वर्मा सहित थाना अध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठीचौकी इंचार्ज राम प्रकाश मिश्र पुलिस फोर्स के साथ तथा मंदिर समिति के सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू डॉ राजेंद्र वर्मा तेज बक्स सिंह रामचंद्र जितेंद्र वर्मा अखिलेश यादव सहित सभी सदस्य पूरी सक्रियता के साथ निगरानी कर श्रद्धालुओं का सहयोग कर रहे थे।

# बेवा महिला ने चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगाए गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। कस्बा बेलहरा में एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां चौकीदार के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय मो. शाहिद की बेवा हमीदा ने चेयरमैन प्रतिनिधि पर आरोप लगाया है। कि पति की मृत्यु के बाद बकाया वेतन और पीएफ के भुगतान के एवज में एक ठेकेदार ने उनसे 30 हजार रुपए की रिष्वत की मांग की। और रिश्वत न देने पर उनसे अमानवीय व्यवहार किया गया। मामला नगर पंचायत बेलहरा क्षेत्र के मोहल्ला वार्ड सौरंगा निवासी महिला हमीदा ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है। कि उनके पति मो0 शाहिद नगर पंचायत में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे जिनकी मृत्यु सेवा के दौरान बीते 19 मई 2024 को हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद उनका 8 महीने का बकाया वेतन और पीएफ करीब 60 हजार मिलाकर 1 लाख 40 हजार रुपए बकाया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि जब उन्होंने अपने मृतक पति की बकाया धनराशि के भुगतान के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खां से संपर्क किया तो उन्होंने अपने 20 हजार व ठेकेदार ने 10 हजार रुपयो की रिश्वत मांगी। विधवा महिला ने जब यह रकम देने से इनकार किया तो अध्यक्ष प्रतिनिधि व ठेकेदार ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धक्का देकर उसे भगा दिया। इस संबंध में जब चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज़ खां से बात की गई तो उन्होंने बिंदास अंदाज में अपनी बात रखते हुए कहा, आवेदिका के पति हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी थे जिनकी मृत्यु हो चुकी है इनके जो मौसी के लड़के इस्लाम हैं वह हमारे विरुद्ध चुनाव लड़ते हैं चुनावी रंजिश के चलते इनके सगे रिश्तेदार ने हमारे ऊपर जो आरोप लगाए हैं वह पूरी तरह से बेबुनियाद व सफेद झूठ है। अगर इनके दावों में किसी प्रकार की भी कोई सच्चाई है तो इनको चाहिए सक्षम अधिकारी व मीडिया के सामने सबूतों के साथ अपनी बात रखे। हमारे नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारी रखे जाते हैं आउटसोर्सिंग फर्म ही कर्मचारियों का भुगतान करती है अगर इनका पीएफ व वेतन का कोई बकाया है तो फर्म के खिलाफ कार्रवाई कर सकती हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि होने के नाते अगर किसी प्रकार का सहयोग हमसे मांगा जाता है तो उस सहयोग को लेकर हमेशा पीडित महिला के साथ प्रतिबद्ध रहूंगा।

# आरोप : जेठ ने सास का गला घोंटने का प्रयास किया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मजरा केवाना में निवासी एक व्यक्ति पर अपनी 75 वर्षीय मां का गमछे से गला घोंटने का प्रयास करने का आरोप लगा है। एंबुलेंस से बहु अचेत अवस्था में वृद्धा को लेकर सीएचसी पहुंची। चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली के गांव रामपुर मजरा केवाना निवासी मालती अपनी सास कैलाशा को सोमवार दोपहर अचेत अवस्था में एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी लेकर आयी। मालती का आरोप है कि उसके जेठ राम गोपाल ने दोपहर में घर पर ही कैलाशा का गमछे से गला घोंटने की कोशिश की। बताया कि पड़ोसियों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी राम गोपाल वहां से भाग गया। पड़ोसियों की सूचना पर जब वह घर पहुंची तो कैलाशा अचेत पड़ी हुई थी। जिसे एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया।

सीएचसी के चिकित्सक ने कैलाशा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मालती ने बताया कि उनके पति राजेंद्र के दो बड़े भाई रामकुमार और राम गोपाल है। राम गोपाल अविवाहित हैं और सास कैलाशा व ससुर साधु उन्हीं के साथ रहते हैं।

अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी।

### कुन्तेश्वर धाम में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कुंतेष्वर धाम सहित क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु नाचते-गाते और बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए पैदल ही मंदिरों तक पहुंच रहे हैं। कंधों पर कांवड़ लेकर आए भक्त भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांग रहे हैं। बदोसराय टिकैतनगर मार्ग पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। कुंतेष्वर महादेव मंदिर, दुग्धेष्वर महादेव मंदिर और जागेष्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भांग, धतूरा, बेलपत्र और दूध से जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजस्व विभाग और पुलिस की टीम कुंतेष्वर महादेव मंदिर पर तैनात की गई है।

# तीन घरों में नकब लगाकर पांच लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**फतेहपुर।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में बीती एक ही रात में ही तीन अलग अलग घरों को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन वारदातों में चोरों ने करीब पांच लाख रुपए की चोरी को अंजाम देते हुए क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न कर दिया है। घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सोनहरा व देवरिया गांव की है। जहां पर बीते रविवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया जिसमें सोनहरा गांव निवासी केशव राम के घर से 5 हजार रुपए की नगदी और लाखों के सोने चांदी के जेवरात कर उठा ले गए। चोरों ने घर के पीछे बनी दीवार के सहारे घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। दूसरी घटना इसी गांव के निवासी जगजीवन के घर भी चोरों ने धावा बोलकर करीब डेढ़ लाख के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। तीसरी चोरी इसी गांव से कुछ कदम की दूरी पर देवरिया गांव निवासी राकेश के घर हुई जहां पर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखे बक्सों का ताला तोड़कर 15 हजार की नगदी समेत ढ़ाई लाख के जेवर लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद सभी परिवार सदमे में है वहीं क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। तीनों चोरी की घटनाओं की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की गहन जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया, तीनों चोरी की घटनाओं का मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाल वैज्ञानिक के घर पहुंचे सिद्धार्थ

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर।** बाल वैज्ञानिक पूजा पाल के घर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का आना जारी है। सोमवार शाम करीब चार बजे भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी उनके गांव डलई पुरवा मजरे बिरौली पहुंचे। अवस्थी ने पूजा को इलेक्ट्रिक साइकिल भेंट की और 12वीं के बाद स्कॉलरशिप के अंतर्गत अपने ग्राम्यांचल महाविद्यालय में तीनों बहनों की निशुल्क पढ़ाई कराने का आश्वासन दिया। कक्षा 9 की छात्रा पूजा ने धूल रहित भूसा थ्रेशर का आविष्कार किया था। जापान से वापस आने के बाद से पूजा के घर राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और समाज के लोग पहुंच रहे हैं। वे उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।सिद्धार्थ अवस्थी के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, आकाश त्रिपाठी, अनिल वर्मा, अजय यादव, ग्राम प्रधान अनिल वर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। एक अगस्त को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। वे भी पूजा तथा उनके पिता पुत्तीलाल और परिवार से मिलेंगे।

### पुलिस ने 20 गुमशुदा मोबाइल किये बरामद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। असन्द्रा।** कोतवाली असन्द्रा पुलिस ने बेब पोर्टल के माध्यम से 20 गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी करते हुए उन्हें सोमवार को संबंधित आवेदकों को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली असन्द्रा के प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार यादव आरक्षी शानू कुमार मानसी यादव अंशिका चतुर्वेदी भारत लाल शर्मा और गिरीश चंद्र ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा 20 अदद मोबाइल फोन की बरामदगी करने में सफलता हासिल की। सोमवार को संबंधित आवेदकगणों को कोतवाली बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सौंप दिए गए। फोन मिलने पर सभी की खुशी देखने लायक थी। सीईआईआर पोर्टल के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली असन्द्रा के प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित पोर्टल है। इसका उद्देश्य खोए हुए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करना और ट्रैक कर उन्हें बरामद करना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर अभी तक कुल 121 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पूर्व में 30 मोबाइल फोन की बरामदगी कर उन्हें स्वामियों को सौंपा जा चुका है। अभी 19 मोबाइल फोन का डेटा प्राप्त हुआ है जिनकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### यूरिया खाद के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** सहकारी समितियों में खाद वितरण को लेकर जहां अक्सर अव्यवस्थाओं और दलालों की शिकायतें सामने आती हैं, वहीं रामनगर ब्लॉक स्थित किशुनपुर समिति पर सोमवार को एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। यहां औचक निरीक्षण पर पहुंचीं सहायक विकास अधिकारी सहकारिता (एडीओ) खुशबू राय ने किसानों की भारी भीड़ देख खुद मोर्चा संभाल लिया। अव्यवस्था की आशंका को भांपते हुए उन्होंने मौके पर ही टोकन प्रणाली से खाद वितरण शुरू कराया और 130 से अधिक किसानों को कुल 471 बोरी यूरिया का वितरण कराया। इस दौरान किसानों में उत्साह देखने को मिला। टोकन पद्धति के जरिए किसी भी प्रकार की धांधली या अफरातफरी की संभावना समाप्त हो गई। खाद वितरण पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। एडीओ खुशबू राय ने समिति सचिव और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि वितरण के समय किसी भी किसान के साथ भेदभाव या मनमानी न की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ष्किसानों को समय पर और सही मात्रा में खाद उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। स्थानीय किसानों ने एडीओ की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि अगर हर अधिकारी इसी तरह से काम करे, तो खाद के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम की हुई बैठक




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025, प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 18 जुलाई से शुरू हो चुका है, निर्वाचन नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होगा। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई से 18 अगस्त के बीच बीएलओ और पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, प्रशिक्षण और स्टेशनरी वितरण सहित किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग या अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरी निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्रवाई पूरी होगी। जबकि 19 अगस्त से 29 सितंबर के बीच बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र व्यक्तियों का नाम सम्मिलित करेंगे। वहीं ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 19 अगस्त से 22 सितंबर के बीच होगी। इसके अलावा निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्तन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पांडुलिपिया 30 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में जमा की जाएगी। जबकि अंतिम मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन 5 दिसंबर को होगा तथा दावे और आपत्तियां 6 दिसंबर से 12 दिसंबर के बीच प्राप्त की जाएगी।

इसके अलावा दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 13 दिसंबर से 19 दिसंबर के मध्य किया जाएगा।

# शिक्षकों एवं कर्मचारियों की वर्षों से लम्बित समस्याओं का हो निराकरण : अरुणेंद्र वर्मा

■ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति एस-4 के बैनर तले सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति एस-4 इकाई ने प्रदेश के शिक्षकों, कार्मिकों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला को सौंपा गया। गन्ना संस्थान में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उवप्रव, प्रदेश संयुक्त संयोजक अरुणेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में शिक्षक एवं कर्मचारी समाज की वर्षों से लम्बित समस्याओं व मांगों का समाधान अनेक प्रयासों के बावजूद नहीं हुआ। विगत 11 मार्च 2024 को शासन स्तर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उ.प्र. एस0-4 की प्रमुख 05 सूत्रीय मांगों पर हुई बैठक में मात्र 01 मांग पूर्ण हुई थी। इसी बीच शिक्षक समाज विद्यालयों को कम छात्र संख्या के आधार पर पेयरिंग किए जाने के मुद्दे पर आंदोलित हैं। संविदा के रूप में कार्यरत कर्मियों का नियमितीकरण तो दूर वेतन/मानदेय में वृद्धि पर भी सरकार महंगाई के इस दौर में निर्णय को तैयार नहीं हैं।

बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सैकडों संविदा कर्मियों को 18 माह से निरन्तर डयूटी करने के उपरान्त वेतन का भुगतान प्राप्त हो सका तथा इनका सेवा विस्तार शासन स्तर पर अगस्त 2025 से पुनः अपेक्षित है। इस प्रकार की कार्यवाहियों से असंतोष उत्पन्न है। उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली तथा राज्य सरकार द्वारा समाप्त किए गए भत्तों की बहाली वेतन विसंगतियों के निराकरण जैसी महत्वपूर्ण मांगों पर निर्णय नहीं कर रही है।

संयुक्त संघर्ष संचालन समिति एस 4 जिलाध्यक्ष हसीब अहमद ने कहा कि वर्तमान सरकार को राज्य में निजीकरण, संविदा एवं आउटसोर्सिंग प्रथा को बंद कर विभागों में नियमित कर्मचारियों की भर्ती करनी चाहिए।

जनपद संयोजक धर्मेंद्र वर्मा ने शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस योजना का लाभ मिलना चाहिए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, संयुक्त संयोजक दिग्विजय पांडेय, सह संयोजक रमाकांत वर्मा, संयुक्त संयोजक ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष अयूब अहमद, मीडिया प्रभारी हिमांशु ठाकुर, प्रांतीय सदस्य राजेश कुमार, मंडल संयोजक अयोध्या देवानंद विश्वकर्मा, ब्लॉक महामंत्री अतीकुर्रहमान ने भी संबोधित किया।

### कांवड़ यात्रा में गूंजा हर-हर बम-बम, कुंतेष्वर धाम में भक्तों ने किया शिव जलाभिषेक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर।** सावन मास के पावन अवसर पर शिवभक्ति की अद्भुत छटा सोमवार, 28 जुलाई को टिकैतनगर में देखने को मिली। भोर 3 बजे से लसोड़े बाबा मंदिर से भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ,जिसका नेतृत्व राहुल गुप्ता ने किया। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कंधों पर कांवर रखकर हर हर बम बम के जयकारों के साथ भक्तिभाव से ओतप्रोत होकर सहभागिता निभाई। भक्तों का यह जत्था टिकैतनगर से रवाना होकर बदोसराय स्थित कुंतेष्वर धाम पहुंचा, जहां श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। चारों ओर शिव नाम की गूंज और भक्तों की श्रद्धा भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत कर रही थी।

## बंगाली प्रवासियों पर हमलों के खिलाफ सीएम ममता का विरोध मार्च, कहा

# बंगाल में नहीं लागू होगी एनआरसी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर से बंगाली प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में भाषा आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने एलान किया कि मैं अपनी जान दे दूंगी, लेकिन मेरी भाषा को कोई छीन ले, यह मैं नहीं होने दूंगीं। ममता बनर्जी ने कहा, वह देश में भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहती हैं। उन्होंने कहा कि आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन अपनी अस्मिता, मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। एकता और संवैधानिक बहुलवाद पर जोर देते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा, एकता हमारी ताकत है। हम भाषा के आधार पर विभाजन नहीं चाहते...हम एकता चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, आप सब कुछ भूल सकते हैं, लेकिन अपनी अस्मिता, मातृभाषा और मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। सीएम ममता ने कहा कि मैं किसी भाषा या विभाजनकारी नीति के खिलाफ नहीं हूं। हम विविधता में एकता चाहते हैं। क्या मैंने हिंदी भाषी लोगों को बंगाल छोड़ने के लिए कहा है? मैंने ऐसा कभी नहीं कहा। आप भी मेरे दोस्त हैं अगर हम बंगाल में 1.5 करोड़ प्रवासी कामगारों को आश्रय दे सकते हैं, तो आप अन्य राज्यों में काम कर रहे 22 लाख बंगाली प्रवासियों को क्यों नहीं स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाली दुनिया में पांचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। एशिया में दूसरी सबसे ज्यादा, फिर भी बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।



### बंगाल में नहीं लागू होगी एनआरसी- सीएम ममता

उन्होंने कहा, हम इस साजिश को रोकेंगे जो हमारे अस्तित्व को %भाषायी आतंक% के नाम पर खतरे में डाल रही है और इसके जरिए एनआरसी को चोरी-छिपे लागू करने की कोशिश हो रही है। मैं बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने दूंगी और न ही डिटेंशन कैंप बनने दूंगी।

### ममता ने चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार की ओर से काम करने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को विशेष गहन पुनरीक्षण की आड़ में असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, मैं उन्हें मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की चुनौती दूंगी। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए ममता ने पूछा कि जब आप (पीएम) अरब देशों की यात्रा करते हैं और शेखों को गले लगाते हैं, तो क्या आप उनसे पूछते हैं कि वे हिंदू हैं या मुसलमान? ममता ने आगे कहा, क्या आपने मालदीव के राष्ट्रपति से उनका धर्म पूछा था जब आपने उन्हें गले लगाया था। उन्हें तो 5,000 करोड़ रुपये दान में दे दिए। जबकि बंगाल को उसका बकाया अभी नहीं दिया गया?

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लोगों का उत्पीड़न न किया जाए: ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के चलते लोगों का उत्पीड़न न किया जाए। ममता बनर्जी ने भाजपा पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीबों, पिछड़ा वर्ग को भी निशाना बना रही है। बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान ममता बनर्जी ये बात कही।

### बंगाली भाषी लोगों को बनाया जा रहा निशाना

ममता बनर्जी ने कथित प्रताड़ित बंगाली प्रवासियों की मदद के लिए एक योजना शुरू करने का भी एलान किया। इस योजना के तहत दूसरे राज्यों से उत्पीड़न झेलने के बाद वापस बंगाल लौटे बंगालियों की मदद की जाएगी। योजना में ऐसे लोगों को सुरक्षित वापस लौटने, राशन देने और नौकरी देने में भी मदद की जाएगी। साथ ही उन्हें अस्थायी शेल्टर भी मुहैया कराया जाएगा। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कई राज्यों में जानबूझकर और राजनीतिक कारणों से बंगाली भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

### गरमाया हुआ है बंगाल का राजनीतिक पारा

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि उनके (भाजपा) द्वारा न सिर्फ धार्मिक अल्पसंख्यकों को ही निशाना नहीं बनाया जा रहा बल्कि गरीबों, पिछड़ा वर्ग के लोगों को भी निशाने पर लिया जा रहा है। हमें प्रताड़ित किए जा रहे बंगाली प्रवासियों के साथ खड़ा होना होगा। सीएम ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अमार पारा, अमार समाधान नामक योजना को सफलतापूर्वक लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही स्थानीय नागरिक और सुरक्षा मुद्दों को भी सुलझाएं। सीएम ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कई राज्यों में कथित तौर पर बंगाली प्रवासियों को प्रताड़ित किए जाने के मामले सामने आए हैं। इसे लेकर बंगाल का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है।



## शॉर्ट सर्किट के चलते हैंडलूम फैक्ट्री में लगी आग

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर की गांधी कालोनी में रविवार रात को हैंडलूम फैक्ट्री में आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों का माल जलकर राख हो गया। दमकल की 4 गाड़ी आग बुझाने में लगी हुई रहीं, आग की चपेट में आकर कॉलोनी के बिजली जल गए जिसके कारण पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्र के गांधी कॉलोनी में प्रकाश सिंघल की श्री हैंडलूम के नाम से एक फैक्ट्री है। प्राप्त सूचना के अनुसार फैक्ट्री में रविवार रात को करीब 10 से 10 बजकर 30 मिनट के बीच धुआं निकलना शुरू हुआ। धुआं निकलता देख आसपास के रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी फैक्टी मालिक को दिया गया। इसी बीच फैक्ट्री से आग की लपटे निकलनी शुरू हो गई। आग का विकराल रूप देखकर आसपास रहने वाले लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की 4 गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। भारी मशक्कत और संकरी गलियों के बीच भी अग्निशमन सेवा कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## ड्रोन की दहशत या अफवाह

### डर की उड़ान, विवेक की परीक्षा



इस समय पीलीभीत जनपद में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जो दृश्य उभरे, वे आधुनिक तकनीक, संचार की गति और जनमानस की मनोवृत्ति इन तीनों की टकराहट का प्रत्यक्ष उदाहरण बन गए। दहगला, गौहनिया, बरहा, गजरौला से लेकर बीसलपुर क्षेत्र के रोहनिया तक, ड्रोन के उड़ते होने की अफवाहों ने न केवल लोगों को लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर उतार दिया, बल्कि कुछ जगहों पर निर्दोष लोगों के साथ मारपीट जैसी घटनाएं भी घटित हो गईं। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि जिन घटनाओं को ड्रोन के ज़रिए चोरी की कोशिश या संदिग्ध गतिविधि कहा गया, वहां मौके पर पहुंची पुलिस ने स्पष्ट रूप से किसी असामान्य या आपराधिक गतिविधि से इनकार किया। सुनगढ़ी थाना पुलिस ने रातभर ग्रामीणों के साथ गश्त की लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। यही स्थिति रोहनिया गांव में भी देखी गई, जहां ड्रोन जैसे छह उपकरण उड़ते देखे जाने की सूचना के बाद काफी देर तक हंगामा मचा रहा, पर कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया।इन घटनाओं के दो पहलू हैं। पहला, ग्रामीणों की सजगता और आत्मरक्षा की भावना; और दूसरा, अफवाहों के चलते सामाजिक अस्थिरता और कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति। यदि सजगता जनहित में है तो अंधी प्रतिक्रिया जनहानि का कारण बन सकती है। गौहनिया में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को चोर समझ कर पकड़ लेना या किसी युवक की पिटाई कर देना, इस डर के अंधेपन को उजागर करता है।वर्तमान समय में सोशल मीडिया की गति और व्यापकता इतनी तीव्र है कि एक झूठी सूचना हजारों लोगों तक पलक झपकते ही पहुंच जाती है। यदि यह सूचना डर या हिंसा को जन्म देती है, तो इसके दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतने पड़ सकते हैं। ठीक यही पीलीभीत में हुआ। ग्रामीणों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लेकिन उसका दिशा-भ्रम खतरनाक था। पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए रविवार शाम विभिन्न क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान चलाया। एसपी अभिषेक यादव और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी सहित पुलिसकर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, किसी पर शक हो तो सीधे थाने या डायल 112 को सूचना दें। साथ ही चेतावनी दी गई कि अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि तकनीक के युग में अज्ञानता और अफवाह कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। ड्रोन एक आधुनिक उपकरण है जिसका प्रयोग कृषि, निगरानी, आपदा प्रबंधन और फिल्मांकन जैसे अनेक क्षेत्रों में होता है, लेकिन यदि इसकी छवि अपराध और भय से जुड़ जाए, तो समाज में अस्थिरता स्वाभाविक है। आवश्यकता इस बात की है कि नागरिकों को जागरूक बनाया जाए कि वे तकनीक को समझें, अफवाहों को पहचानें और कानून व्यवस्था में सहयोग दें। सजग रहें, सतर्क रहें, लेकिन विवेक न खोएं। **इस विषय पर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि डर तब तक डर बना रहता है जब तक अज्ञानता का साथ होता है। ज्ञान और सूझबूझ के साथ उसे दूर किया जा सकता है। यही समय की मांग भी है।**



मुकेश कुमार

## सिक्किम में 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास, भारतीय सेना ने तैयार किया भविष्य की लड़ाई का खाका



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक

उच्च हिमालयी क्षेत्रों में संभावित युद्ध की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास किया। यह अभ्यास जुलाई माह में संपन्न हुआ, जिसमें आधुनिक प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और 'सेंसर-टू-शूटर' क्षमताओं का परीक्षण किया गया। 'त्रिशक्ति कोर' की टुकड़ियों ने इस अभ्यास के दौरान भूमि आधारित प्रणालियों और हवाई प्लेटफार्मों जैसे कि यूएवी और ड्रोन की मदद से वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में रणनीतियां आजमाईं। इस अभ्यास की मुख्य विशेषता एआई-सक्षम सेंसरों का उपयोग था, जो उन्नत संचार प्रणालियों से जुड़े थे। इससे कमांड सेंटर्स के बीच सूचना का त्वरित और सुरक्षित आदान-प्रदान संभव हो सका, जिससे निर्णय लेने की गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। यह प्रणाली 'सेंसर-टू-शूटर' कड़ी को सशक्त बनाती है। सेना मुख्यालय की ओर से उपसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने इस अभ्यास की समीक्षा की। त्रिशक्ति कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला ने कहा कि अभ्यास 'दिव्य दृष्टि' पूरी तरह सफल रहा। हमने अत्याधुनिक तकनीकों का परीक्षण वास्तविक परिस्थितियों में किया।

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा समेत 3 आतंकी ढेर

### सेना ने ऑपरेशन महादेव में मार गिराया, सैटेलाइट फोन के सिग्नल से लोकेशन मिली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। इनमें पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। सेना ने यह कार्रवाई ऑपरेशन महादेव के तहत की। बाकी दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। जिबरान 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था। आतंकियों के पास से अमेरिकी स्त्र्4 कार्बाइन, ॅज्ञ-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले हैं। कुछ और संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है। ज म्म ू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पाकिस्तानी आतंकियों मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रशासन इस बारे में पूरी जानकारी देगा।



मैं सेना, पुलिस और इस ऑपरेशन में शामिल सभी लोगों को बधाई देता हूं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, एक हफ्ते पहले सुरक्षाबलों को श्रीनगर के दाचीगाम जंगल में आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इन आतंकियों ने हमले के बाद पहली बार एक चाइनीज अल्ट्रा कम्युनिकेशन सेट को फिर से एक्टिवेट किया था। उसी सैटेलाइट फोन के सिग्नल ट्रैस हुए। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। आज सुबह लगभग 11:30 बजे 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट के जवानों की एक टुकड़ी ने एडवांस गैजेट्स का इस्तेमाल करके आतंकियों का लोकेशन पता लगाया और वहां मौजूद तीनों आतंकियों को मार गिराया।

### जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे

हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई। मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है। इन पर 20-20 लाख रुपए का इनाम भी रखा गया है। फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है कि एनआईए ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, उन्होंने इन्हीं तीन आतंकियों के नाम उजागर किए या किन्हीं और आतंकियों के।

## गुलमोहर सोसाइटी पर उमड़ रहे दुख के बादल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर सोसाइटी पर दु:ख के बादल उमड़ रहे हैं। सोसाइटी के सदस्यों और परिजनों की आंखों में आंसू और हृदय में पीड़ा है। घटना के पीछे रविवार देर रात छठी मंजिल से गिरकर 14 साल की छात्रा की असमय मौत बताई जा रही है। रविवार की देर रात्रि में एक छात्रा छठी मंजिल से गिर गई। छात्रा की गिरने की नीचे आवाज आई तो गार्ड मौके पर पहुंचे। सोसाइटी के लोगों ने छात्रा को यशोदा अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना के अनुसार यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि छात्रा छठी मंजिल से कैसे गिरी है। फिलहाल इस मामले में थाना पुलिस जांच कर रही है। यह घटना गाजियाबाद के राकेश मार्ग पर गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के एम-1 टावर की है। जहां छठी मंजिल पर रहने वाले अभिषेक अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ रहते हैं। रात लगभग 12 बजे उनकी 14 साल की बेटी खुशी छठी मंजिल से गिर गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक कि जांच में सामने आया है कि अभिषेक का पहली पत्नी से तलाक हो चुका है, और दूसरी पत्नी से कोई बच्चा नहीं है। यह भी बताया गया है कि दोनों बहनों के बीच कहासुनी व विवाद हो रहा था। रेलिंग के सहारे खड़ी खुशी अचानक से नीचे गिर गई। रात में सिहानी गेट थाना क्षेत्र के नासिरपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पूरे प्रकरण में जांच कराई जा रही है। अभी तक परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। किन हालत में कैसे गिरी है इसकी भी जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# मान सरकार का फैसला, अब मोहल्ला क्लीनिक में मिलेगा कुत्ते के काटने पर मुफ्त इलाज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंजाब

पंजाब में अब कुत्तों के काटने जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए भगवंत मान सरकार ने मोहल्ला क्लीनिकों में एंटी-रेबीज इंजेक्शन मुफ्त में लगाने की सुविधा देने का एलान किया है। यह सुविधा पहले जिला या उपमंडल स्तर के अस्पतालों में थी, लेकिन अब मोहल्ला क्लीनिकों को इस स्तर तक मजबूत किया गया है कि वहां इमरजेंसी हालात का भी इलाज संभव हो सके। गौरतलब है कि निजी अस्पतालों में यही एंटी-रेबीज इंजेक्शन ?350 से ?800 प्रति डोज में मिलता है, और पूरा टीकाकरण कोर्स 2000 से 4000 तक का हो जाता है। अब यह पूरा इलाज मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त में किया जाएगा। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की सरकार पूरे प्रदेश में एक चरणबद्ध फ्री टीकाकरण अभियान भी शुरू कर रही है। राज्यभर में इस समय 880 से अधिक आम आदमी क्लीनिक काम कर रहे हैं, जिनमें से 565 गांवों में और 316 शहरों में खोले जा चुके हैं।



### पंजाब में आम लोगों को फायदा पहुंचा रहे मोहल्ला क्लीनिक

पंजाब में इस समय 880 से अधिक आम आदमी क्लीनिक काम कर रहे हैं, जिनमें से 565 गांवों में और 316 शहरों में खोले जा चुके हैं। अब तक 1.3 करोड़ से अधिक लोग इन क्लीनिकों से लाभ उठा चुके हैं, और 3.7 करोड़ से ज्यादा बार लोग ओपीडी सेवाओं का इस्तेमाल कर चुके हैं। पिछली सरकार के समय सालाना ओपीडी लगभग 34 लाख थी, जो अब बढ़कर 177 लाख हो चुकी है, यानि 4.5 गुना बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। अब इन क्लीनिकों में पहले से ही मुफ्त डॉक्टर परामर्श, 107 अधिक आवश्यक दवाइयां और 100 से ज्यादा टेस्ट उपलब्ध हैं। इनमें डायग्नोस्टिक, टाइफाइड, एचबीए1सी, हेपेटाइटिस, डेंगू, एचआईवी, प्रेगनेंसी टेस्ट और सभी प्रकार के अल्ट्रासाउंड निशुल्क उपलब्ध हैं। अब जीवन रक्षक इंजेक्शन भी इस नेटवर्क का हिस्सा होंगे।

## एकनाथ खड़से के दामाद की गिरफ्तारी पर संजय राउत का दावा, बोले, प्रांजल पर की गई कार्रवाई संदिग्ध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से के दामाद प्रांजल खेवलकर को रेव पार्टी से गिरफ्तार किए जाने पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी संदिग्ध है। एकनाथ खड़से के परिवार को भाजपा नेता गिरीश महाजन का नाम हनी ट्रैप कांड से जोड़ने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के परिवार के सदस्यों को निशाना बना रही है और उन्हें बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री के घर पर कार्रवाई उनका मुंह बंद करने के लिए की गई है।

## बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन को बड़ी राहत, कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में रद्द की एफआईआर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, उनके परिवार और कोच के खिलाफ जन्म प्रमाणपत्र में फर्जीवाड़े के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह मामला अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और इसे आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा कि जिन आरोपों की पहले सक्षम अधिकारियों द्वारा जांच की जा चुकी है और जिन्हें खारिज कर दिया गया था, उन्हें अब बिना किसी नए सबूत के फिर से उठाने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट ने पाया कि दोबारा जांच शुरू करने के लिए कोई वैध आधार नहीं है। बेंच ने कहा, अपीलकर्ता (खासतौर पर अपीलकर्ता 1 और 3) राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और कॉमनवेल्थ गेम्स व बीडब्ल्यूएफ के आयोजनों में कई पदक जीते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को, जिनका रिकॉर्ड साफ-सुथरा रहा है और जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है, उन्हें बिना किसी स्पष्ट सबूत के आपराधिक मुकदमे में घसीटना न्याय के मूल उद्देश्य के खिलाफ है।



शिकायतकर्ता एम. जी. नागराज ने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन और उनके भाई चिराग सेन की जन्म तिथि में गड़बड़ी है। उनका दावा था कि उनके माता-पिता, कोच यू. विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म प्रमाणपत्रों में उम्र लगभग ढाई साल कम दिखाई, ताकि वे आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में खेल सकें और सरकारी लाभ उठा सकें। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (फर्जीवाड़ा) और 471 (फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। हालांकि, सेन परिवार ने 2022 में कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस प्राथमिकी पर रोक लगवा दी थी।

### सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ?

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि इस मामले की पहले से ही जांच हो चुकी है। 2016 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इस पर जांच शुरू की थी, जिसमें एम्स दिल्ली जैसे सरकारी अस्पतालों में बोन ओसिफिकेशन और डेंटल टेस्ट कराए गए थे। इन जांचों में खिलाड़ियों की जन्म तिथि वही पाई गई, जो दस्तावेजों में दर्ज थी। इसके आधार पर साई ने मामला बंद कर दिया और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने भी कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश नहीं की। शीर्ष कोर्ट ने यह भी माना कि शिकायतकर्ता नागराज की मंशा संदेह के घेरे में है, क्योंकि उनकी बेटी को 2020 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में दाखिला नहीं मिला था, जहां कोच विमल कुमार भी कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें उसने प्राथमिकी को बरकरार रखा था और कहा कि इस तरह के मामलों में आपराधिक कानूनों का उपयोग नहीं किया जा सकता। शीर्ष कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे खिलाड़ियों को अनावश्यक रूप से आपराधिक मुकदमों में फंसाना सही नहीं होगा।

## माइक्रोसॉफ्ट ने निलंबित कीं तेल कंपनी नायरा की सेवाएं, कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में दायर किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी को सेवाएं देना बंद कर दिया है। जिसके बाद भारतीय रिफाइनरी ने दिल्ली हाईकोर्ट में इस तकनीकी दिग्गज के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। कंपनी ने अपने बयान में कहा, माइक्रोसॉफ्ट द्वारा अत्यावश्यक सेवाओं को अचानक और एकतरफा रूप से निलंबित किए जाने के बाद नायरा एनर्जी ने कानूनी कार्यवाही शुरू की है। माइक्रोसॉफ्ट इस समय कंपनी को स्वयं के डेटा, टूल्स और उत्पादों तक पहुंच को रोक रहा है, जबकि ये सभी पूरी तरह से भुगतान की गई लाइसेंस शर्तों के तहत प्राप्त किए गए हैं। इस महीने की शुरुआत में यूरोपीय संघ ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध लगाए थे। नायरा एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में एस्सार ऑयल) में रूसी कंपनी रोसनेफ्ट की 49.13प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी गुजरात के वडिनार में 2 करोड़ टन प्रति वर्ष की क्षमता वाली रिफाइनरी और 6,750 से अधिक पेट्रोल पंप संचालित करती है। केसानी एंटरप्राइजेज कंपनी नायरा में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है। जिसमें रूस की यूनाइटेड कैपिटल पार्टनर्स और मारेतेरा ग्रुप होल्डिंग की हिस्सेदारी है। नायरा ने कहा, 'माइक्रोसॉफ्ट का यह फैसला यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों की एकतरफा व्याख्या पर आधारित है, और कॉरपोरेट अतिक्रमण के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। भारत के ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभावों को लेकर गंभीर चिंताएं भी पैदा होती हैं। कंपनी ने कहा कि उसने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर अपने अधिकारों की रक्षा और आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचे तक लगातार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम राहत देने और सेवाएं फिर से शुरू करने की मांग की है। कंपनी ने आगे कहा, इन कदमों का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं और हितधारकों के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने की नायरा की क्षमता में किसी भी संभावित व्यवधान को रोकना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)